RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 134
नई दिल्ली, बुधवार, 23 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





रॉकेटरी- द नम्बी इफैक्ट का निर्माण एक राष्ट्रीय कर्तव्य जैसा
विविध-11


# दिल्ली लगातार दूसरे वर्ष दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी

● भिवाड़ी सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में सबसे ऊपर

● दिल्ली में पिछले वर्ष की तुलना में प्रदूषण लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा

● विश्व के खराब वायु गुणवत्ता वाले 50 शहरों में 35 शहर भारत में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**भारत** की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली 2021 में लगातार चौथे साल दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनकर उभरी है। दिल्ली में पिछले वर्ष की तुलना में प्रदूषण लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। वो भी ऐसे समय जब कोविड के घटते मामलों को देखते हुए आर्थिक गतिविधियों को तेजी से खोला जा रहा है।

ऐसे में दिल्ली में वायु प्रदूषण रोकने के लिए किए गए प्रयास से कोई फायदा नहीं हुआ। रिपोर्ट स्विस संगठन आईक्यूएयर द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट को मंगलवार को वैश्विक स्तर पर जारी किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में भारत का कोई भी शहर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित वायु गुणवत्ता मानक (पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पीएम-2.5 सांद्रता) पर खरा नहीं उतर सका।

राजस्थान के अलवर में भिवाड़ी सबसे प्रदूषित क्षेत्रीय शहर था, जिसका औसत पीएम 2.5 प्रति घन मीटर 106.2 माइक्रोग्राम था। साल 2021 में वैश्विक स्तर पर वायु गुणवत्ता की स्थिति बयां करने वाली यह रिपोर्ट 117 देशों के 6,475 शहरों की आबोहवा में पीएम-2.5 सूक्ष्म कणों की मौजूदगी से जुड़े डेटा पर आधारित है। इसमें सबसे प्रदूषित राजधानियों की सूची में ढाका (बांग्लादेश) दूसरे, एनजमीना (चाड) तीसरे, दुशांबे (ताजिकिस्तान) चौथे और मस्कट (ओमान) पांचवें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में नई दिल्ली में पीएम-2.5 सूक्ष्म कणों के स्तर में 14.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 2020 में 84 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से बढ़कर 2021 में 96.4 माइक्रोग्राम प्रति घट मीटर हो गया।

इसमें कहा गया है, दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में से 35 भारत में हैं। देश में पीएम-2.5 का वार्षिक औसत स्तर 2021 में 58.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर पहुंच गया, जिससे इसमें तीन वर्षों से दर्ज किया जा रहा सुधार थम गया। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में पीएम-2.5 का वार्षिक औसत स्तर 2019 में लॉकडाउन से पहले के स्तर पर पहुंच गया है। चिंता की बात यह है कि 2021 में कोई भी भारतीय शहर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के डब्ल्यूएचओ के मानक पर खरा नहीं उतरा। रिपोर्ट (शेष पेज 8)

### रिपोर्ट की प्रमुख बातें

● वर्ष 2021 में किसी भी देश ने डब्ल्यूएचओ के पीएम 2.5 के लिए नवीनतम वायु गुणवत्ता दिशानिर्देश को पूरा नहीं किया।

● रिपोर्ट में शामिल 6,475 वैश्विक शहरों में से केवल 222 ही अद्यतन डब्ल्यूएचओ पीएम2.5 दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं।

● 1,887 एशियाई शहरों में से केवल चार (0.2 फीसदी) ने एचओ के पीएम 2.5 के अद्यतन दिशानिर्देशों को पूरा किया।

● 2021 में शीर्ष पांच सबसे प्रदूषित देश बांग्लादेश, चाड, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, भारत है।

● मध्य और दक्षिण एशिया में 2021 में दुनिया की कुछ सबसे खराब वायु गुणवत्ता थी और दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में से 46 यहीं से हैं।

# बीरभूम में नरसंहार: आठ को जिंदा जलाया



बीरभूम में पूरी तरह जला हुआ मकान, जिसमें आठ शव बरामद हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** रामपुरहाट/कोलकाता

● पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता की हत्या के बाद हुई घटना

● डीजीपी ने बताया, मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल

**पश्चिम** बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट में मंगलवार तड़के कुछ मकानों में आग लगने से दो बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मनोज मालवीय ने कोलकाता में संवाददाताओं को बताया कि यह घटना सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पंचायत स्तर के एक नेता की कथित हत्या के कुछ घंटों के भीतर हुई। डीजीपी मालवीय ने कहा कि एक जले हुए मकान से सात लोगों के शव बरामद किए गए, जबकि गंभीर रूप से झुलसे हुए एक घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि इस घटना के सिलसिले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि बरशाल गांव के पंचायत उप प्रमुख एवं तृणमूल कांग्रेस के नेता भादु शेख की सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे हत्या कर दी गई थी। तृणमूल के नेता की हत्या के फौरन बाद रामपुरहाट शहर के बाहरी इलाके में स्थित बोगतुई गांव में कथित तौर पर कम से कम आठ घरों में आग लगा दी गई थी।

ऐसा कहा जा रहा है कि कुछ लोगों ने अपने नेता की हत्या के प्रतिशोध में मकानों में आग लगा दी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि स्थिति अब पूरी तरह से नियंत्रण में है और कल रात से गांव में एक पुलिस चौकी स्थापित की गई है। घटनास्थल से 10 लोगों के शव बरामद होने के कुछ दमकल अधिकारियों के दावों के बारे में पूछे जाने पर शीर्ष पुलिस अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आग पर काबू पाने के बाद सात लोगों के शव बरामद किए गए थे जबकि गंभीर रूप से झुलसे हुए तीन लोगों को निकाला गया, जिनमें से एक की अस्पताल में मौत हो गई थी। डीजीपी ने कहा कि एसडीपीओ और रामपुरहाट थाने के प्रभारी को सक्रिय पुलिस ड्यूटी से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एडीजी (सीआईडी) ज्ञानवंत सिंह की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल का गठन किया है। इस घटना के साथ राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर और नेताओं के (शेष पेज 8)

### हिंसा पर भाजपा विधायकों का सदन से बहिर्गमन

**पश्चिम** बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने बीरभूम जिले के रामपुरहाट स्थित एक घर में कथित तौर पर आग लगाए जाने के बाद आठ शव बरामद होने के मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा विधानसभा में बयान देने की मांग की और फिर सदन से बहिर्गमन भी किया।

### ममता ने धनखड़ से अनुचित बयान न देने का आग्रह किया

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ द्वारा रामपुरहाट में आठ लोगों की मौत की घटना को भयावह करार देने और राज्य के हिंसा एवं अराजकता की संस्कृति की गिरफ्त में होने का दावा किया। जिसके बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनसे अनुचित बयान देने से बचने का आग्रह किया।

### सीबीआई जांच की मांग

**पश्चिम** बंगाल के भाजपा सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे सीबीआई जांच की मांग की। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस घटना की निंदा करते हुए एक ट्वीट में कहा कि वह निर्दोष लोगों की मौत से स्तब्ध हैं। भाजपा मुख्यालय में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की।

### गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को बीरभूम जिले में आग लगने से आठ लोगों की मौत के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से कानून-व्यवस्था बनाए रखने और इस घटना के मद्देनजर आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस घटना को लेकर जल्द से जल्द विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजने को कहा गया है।

# धामी सरकार का शपथ ग्रहण आज, मोदी सहित कई केंद्रीय नेता रहेंगे मौजूद



● देहरादून स्थित परेड ग्राउंड में 23 मार्च को अपराह्न ढाई बजे होगा समारोह

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून/नई दिल्ली

**उत्तराखंड** में भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाने वाले पुष्कर सिंह धामी बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई अन्य केंद्रीय नेता मौजूद रहेंगे। उत्तराखंड प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि नई सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम देहरादून स्थित परेड ग्राउंड में 23 मार्च को अपराह्न ढाई बजे होगा। उन्होंने बताया कि समारोह में उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा (शेष पेज 8)

### सावंत 28 को गोवा के सीएम पद की लेंगे शपथ

**भाषा।** पणजी



**गोवा** के मुख्यमंत्री के रूप में प्रमोद सावंत का शपथ ग्रहण समारोह 28 मार्च को होगा और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता शिरकत करेंगे। सावंत ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शपथ समारोह 28 मार्च को सुबह 11 बजे पणजी के पास डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

सावंत के मुताबिक, समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा-शासित सात राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगें। भाजपा गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई को पहले ही 25 विधायकों का समर्थन पत्र सौंप चुकी है। पिल्लई ने पार्टी को तटीय राज्य में अगली सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। तीन बार के विधायक सावंत गोवा के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरा कार्यकाल संभालेंगे।

भाजपा ने सोमवार को सावंत के सर्वसम्मति से विधायक दल का प्रमुख चुने (शेष पेज 8)

# दो साल में इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत पेट्रोल-डीजल के बराबर होगी : गडकरी

● केंद्रीय मंत्री ने कहा, हाइड्रोजन जल्द ही सबसे सस्ता वैकल्पिक ईंधन होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे बदलाव और हरित ईंधन के चलते इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमत में कमी आएगी तथा अगले दो साल में इनकी कीमत पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों के बराबर होगी।

मंत्री ने कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली 1.50 लाख मौतों को कम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि उनका मंत्रालय दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक-स्पॉट) पर काम कर रहा है। लोकसभा में वर्ष 2022-23 के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के नियंत्रण के अंतर्गत अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए गडकरी ने यह भी कहा कि किफायती और स्वदेशी (शेष पेज 8)

### दिल्ली में प्रदूषण कम करने तथा सड़कों के लिए देंगे 62 हजार करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सड़क,** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से निपटने और सड़क आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए 62 हजार करोड़ रूपए की परियोजना पर काम चल रहा है। लोकसभा में वर्ष 2022-23 के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी में लगने वाले जाम का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार से उन्हें और अन्य लोगों को पहले यहां हवाई अड्डा जाने और वहां से आने के क्रम में धौलाकुआं में यातायात जाम का (शेष पेज 8)

# दिल्ली में तीन नगर निगमों के एकीकरण संबंधी विधेयक को मंजूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली में तीन नगर निगमों का एकीकरण करने संबंधी विधेयक को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली नगर निगम संशोधन विधेयक संसद के चालू बजट सत्र में पेश किया जा सकता है। इस कदम से राजधानी में नगर निगम चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी और दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के बीच जारी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और बढ़ने की संभावना है। उन्होंने बताया कि एकीकृत नगर निगम पूरी तरह से सम्पन्न निकाय होगा और इसमें वित्तीय संसाधनों का सम विभाजन होगा जिससे तीन नगर निगमों के कामकाज को लेकर व्यय की देनदारियां कम होंगी तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नगर निकाय की सेवाएं बेहतर होंगी। इसके तहत 1957 के मूल अधिनियम में भी कुछ और संशोधनों को मंजूरी दी गई है ताकि वृहद पारदर्शिता, बेहतर प्रशासन और दिल्ली के (शेष पेज 8)

# योगी ने विधान परिषद से, अखिलेश आजम ने लोकसभा से दिया त्यागपत्र





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य विधान परिषद और सपा प्रमुख अखिलेश यादव व उन्हीं की पार्टी के आजम खान ने विधायक चुने जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार योगी आदित्यनाथ ने सोमवार शाम को विधान परिषद के अध्यक्ष कुंवर मानवेंद्र सिंह को अपना त्यागपत्र भेजा, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

हाल के विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी को प्रचंड जीत दिलाने वाले योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा थ्झा और एक लाख से अधिक मतों से वह विजई रहे। भारतीय जनता पार्टी सूत्रों के अनुसार योगी आदित्यनाथ 25 मार्च को दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। गोरखपुर से पांच बार सांसद रहे योगी वर्ष 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री बने थे और इस बार विधानसभा का चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा गया।

विधान परिषद में योगी का कार्यकाल छह जुलाई 2022 तक था। दूसरी ओर अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया, वहीं सपा सांसद आजम खान ने भी निचले सदन की सदस्यता से अपना त्यागपत्र लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय को भेज दिया है। अखिलेश (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,989 | ↑ | 696 | |
| निफ्टी | 17,315 | ↑ | 197 | |
| सोना | 51,415 | ↓ | 22 | /10g |
| चांदी | 68,137 | ↑ | 162 | /kg |

## क्विक न्यूज

### राजद प्रमुख लालू यादव को एम्स-दिल्ली ले जाया गया

**रांची।** चारा घोटाले में रांची में सजा भुगत रहे राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को किडनी में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए मंगलवार शाम लगभग छह बजे विशेष विमान से उनकी बेटी मीसा भारती उन्हे अपने साथ दिल्ली स्थित एम्स ले गईं। रिम्स के मेडिकल बोर्ड की सलाह पर उन्हें दिल्ली ले जाया गया। राजद के वरिष्ठ नेता श्याम रजक ने पीटीआई भाषा को यहां विधानसभा परिसर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लालू प्रसाद यादव को उनकी बेटी मीसा भारती अपने साथ विशेष विमान से दिल्ली ले गईं जहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उनका इलाज होगा। इससे पहले मेडिकल बोर्ड की बैठक से निकलने के बाद रिम्स निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि लालू यादव की स्थिति खराब होती जा रही है।

# सोनिया ने जी-23 के कुछ नेताओं के साथ बैठक की

● गुलाम नबी आजाद के बाद आनंद शर्मा और मनीष तिवारी भी मिलने पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुलाम नबी आजाद से मुलाकात के कुछ दिनों बाद मंगलवार को आनंद शर्मा एवं मनीष तिवारी समेत जी 23 समूह के कुछ नेताओं के साथ बैठक की तथा पार्टी के आंतरिक मुद्दों को हल करने बारे में चर्चा की।

सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी के साथ बैठक में शामिल नेताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने और आने वाले चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को सक्षम बनाने के संदर्भ में अपने सुझाव दिए। सूत्रों ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में इस तरह की और बैठकें हो सकती हैं। यह बैठकें ऐसे समय हो रही हैं, जब इस तरह के संकेत मिल रहे हैं कि जी 23 के कुछ नेताओं को कांग्रेस कार्य समिति में जगह दी जा सकती है।

यह भी हो सकता है कि आलाकमान पार्टी संसदीय बोर्ड जैसी कोई इकाई गठित करे, जिसमें इस समूह के कुछ नेताओं को जगह दी जा सकती है। गठित होने पर इस नई इकाई के पास मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तय करने तथा समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करने (शेष पेज 8)

# भगवंत मान ने 35 हजार संविदाकर्मियों की सेवाएं नियमित करने की घोषणा की

**भाषा।** चंडीगढ़



**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में संविदा पर काम करने वाले 35,000 कर्मचारियों की सेवाएं नियमित करेगी। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, समूह सी और डी के 35,000 संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक फैसला है। मान ने कहा कि पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले उनकी पार्टी ने सत्ता में आने पर संविदा कर्मियों की सेवाएं नियमित करने का वादा किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधानसभा के अगले सत्र से पहले इस संबंध में विधेयक का मसौदा तैयार करने का निर्देश मुख्य सचिव (शेष पेज 8)

# पानी की एक-एक बूंद बचाने का संकल्प दोहराएं

● विश्व जल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विश्व जल दिवस पर पानी की एक-एक बूंद बचाने का अपना आह्वान दोहराया और कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जल संरक्षण को एक जन आंदोलन बनते देखना खुशी की बात है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर यह भी कहा कि जल जीवन मिशन अत्यंत प्रभावी साबित हो रहा है और जन-जन की भागीदारी से घर-घर नल से जल पहुंचाने का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में काम करने वाले सभी लोगों और संगठनों की तारीफ भी की। मोदी ने ट्वीट किया, विश्व जल दिवस के मौके पर आइए, पानी की एक-एक बूंद को बचाने के अपने संकल्प को दोहराएं। हमारा देश जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल तक नागरिकों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन जैसे कई उपाय कर रहा है।

उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में देश के सभी हिस्सों में हो रहे अभिनव प्रयासों के साथ जल संरक्षण को एक जन आंदोलन बनते देखना खुशी की बात है। मैं उन सभी लोगों और संगठनों की सराहना करना चाहता हूं, जो जल संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण के महत्व और इस संबंध में उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों से जुड़ा वीडियो भी ट्विटर पर साझा किया। प्रधानमंत्री ने जल शक्ति मंत्रालय के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, माताओं और बहनों के जीवन को आसान बनाने में जल जीवन मिशन अत्यंत प्रभावी साबित हो रहा है। जनजन की भागीदारी से घर-घर नल से जल पहुंचाने का संकल्प पूरा होगा। मंत्रालय ने अपने ट्वीट में कहा कि एक समय था जब देश की (शेष पेज 8)

### मप्र का झाबुआ जल अभाव से ग्रस्त जिला घोषित

**भाषा।** झाबुआ

**मध्य** प्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ को जल अभाव से ग्रस्त जिला घोषित किया है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने मंगलवार को आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि झाबुआ जिले में भूमिगत जलस्तर में लगातार कमी होने और आगामी ग्रीष्म ऋतु में और अधिक पेयजल की कमी और लोकहित को देखते हुए मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-3 के तहत जिले को जल अभाव से ग्रस्त घोषित किया गया है। जिले में नलकूप खनन को प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश 30 जून 2022 तक अथवा वर्षा में विलंब हुआ तो वर्षा प्रारंभ होने तक लागू रहेगा। इसमें कहा गया है कि जिले में समस्त सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों से कोई भी व्यक्ति सिंचाई, ओद्योगिक प्रयोजन एवं किसी अन्य प्रयोजन के लिए जल का उपयोग बिना अनुमति नहीं करेगा। नलकूप खनन और निजी नल कनेक्शन के कार्य बिना अनुमति नहीं किए जाएंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दो वर्ष का कारावास या 2,000 रुपए के अर्थदंड या दोनों से दंडित किया जाएगा।

# इस महीने के आखिर तक पूरी होंगी शहर की 5 परियोजनाएं

## कार्य पूरा करने की पहले भी निकल चुकी हैं कई डेडलाइन

● 23 करोड़ 66 लाख खर्च कर रहा प्राधिकरण



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर में 5 परियोजनाओं का काम इस महीने के आखिर तक पूरा हो जाएगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से लोगों को काफी फायदा होगा। आपको बता दें कि महीने के अंत तक इन परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अब से पहले भी प्राधिकरण द्वारा तीन से चार डेडलाइन इन परियोजनाओं को पूरा करने की दी गई थी, लेकिन अभी तक इन परियोजना को पूरा नहीं किया गया है। अब ऐसे में देखना यह होगा कि क्या यह परियोजनाएं इस माह के अंत तक पूरा हो पाएंगी।

इन 5 परियोजनाओं में सेक्टर-54 और 91 में वेटलैंड कुंडली नाले पर बनाया जा रहा है। साथ ही वेटलैंड, चिल्ड्रन पार्क और कालिंदी कुंज रास्ते पर बन रहा प्रवेश द्वार शामिल है। अधिकारियों का कहना है कि इन पांचों परियोजनाओं को 23 करोड़ 66 लाख रुपए खर्च कर तैयार किया जा रहा है। इन सभी की डेडलाइन 31 मार्च रखी गई है। आपको बता दें कि सेक्टर-54 में बन रहे वेटलैंड को 20 एकड़ जमीन पर तैयार किया जा रहा है। इस वेटलैंड को बनाने में करीब 4 करोड़ 86 लाख रुपए का खर्चा आएगा। फि लहाल इसका कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब से पहले इस कार्य को पूरा करने की पहली डेडलाइन 30 जुलाई, दूसरी बार 15 अगस्त और अब इसके बाद तीसरी डेडलाइन 31 मार्च रखी गई है। साथ ही सेक्टर-91 में बन रहे वेटलैंड को 12 एकड़ की भूमि पर विकसित किया जा रहा है। इस वेटलैंड की भी 3 डेडलाइन निकल चुकी है। इसका काम सितंबर तक पूरा हो जाना था, लेकिन अभी तक इस का कार्य चल रहा है। अब इसकी भी डेडलाइन 31 मार्च रखी गई है।

वहीं, कोंडली नाले पर वेटलैंड बनाया जा रहा है। सेक्टर-50 के सामने ड्रेन के अंदर बन रहा है और अब तक इस परियोजना की 5 डेडलाइन निकल चुकी हैं। वहीं, 2 मार्च को प्राधिकरण की सीईओ ने निरीक्षण कर 20 दिन के अंदर इसके कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक कार्य को पूरा नहीं किया गया है। अब ऐसे में 31 मार्च इस परियोजना की नई डेडलाइन रखी गई है।

अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-33ए स्थित शिल्प हाट के पास के पार्क को चिल्ड्रन पार्क में बदला जा रहा है। यह शहर का एकलौता पार्क होगा जो चिल्ड्रन फ्रें डली पार्क होगा। इसको 4.5 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। फि लहाल मौके पर भूल-भुलैया, झूले लगाने और अन्य काम हो गए हैं। अधिकारियों का दावा है कि इसका कार्य महीने के आखिर तक पूरा हो जाएगा। इसी के साथ कालिंदी कुंज रास्ते पर बन रहे प्रवेश द्वार का काम भी इसी महीने के आखिर तक पूरा कर करने का लक्ष्य रखा गया है।

# गृहकर भरने को 9 दिन शेष नहीं तो लगेगा 12 फीसद ब्याज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




● अभी तक 2.62 लाख लोगों ने ही भरा कर

अगर आप हाऊस टैक्स पर लगने वाले अतिरिक्त ब्याज से बचना चाहते है तो जल्द ही अपना टैक्स जमा करा दें। क्योंकि मात्र 9 दिन शेष है और समय अवधि के बाद हाऊस टैक्स जमा करने पर 12 प्रतिशत सालाना ब्याज देन पड़ा सकता है। इसके साथ ही नगर निगम ने हाऊस टैक्स न जमा करने वाले लोगों के सीवर और जल के कनेक्शन काटने की भी तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा का कहना है कि नगर निगम तीन तरह के कर वसूलता है। इसकी सीमा क्षेत्र में आने वाली हर संपत्ति से सामान्य कर लिया जाता है। इसके अलावा जिन्हें जल और सीवर की सुविधा देते हैं। उन पर इन दोनों करों को भी लगाया जाता है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम में 3.82 लाख पंजीकृत करदाता हैं। अभी तक 2.62 लाख लोगों ने ही कर का भुगतान किया है। अभी भी 31 प्रतिशत से अधिक कर दाताओं पर कर बकाया है। डॉ सिन्हा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2122-23 की शुरुआत के साथ ही नए बिल बनाने का काम शुरू हो जाएगा। ऐसे में नगर निगम का प्रयास है कि 31 मार्च से पहले हर हाल में शत-प्रतिशत कर की वसूली हो जाए। इसीलिए रविवार को छुट्टी के बावजूद पांचों जोन में शिविर लगाकर 30 लाख रुपये वसूल किए। अगले रविवार को भी शिविर लगाया जाएगा।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर पांच और फास्ट ट्रैक लेन शुरू की जाएंगी

## टोल प्लाजा पर वाहनों का दबाव कम करने को लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


फाइल फोटो

यमुना एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर वाहनों के भारी दबाव को कम करने के लिए पांच और फास्टट्रैक लेन शुरू किए जाएंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एक आंकड़े के अनुसार 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेसवे पर रोजाना 30 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया, पिछले कुछ दिनों से टोल प्लाजा पर लग रहे जाम को देखते हुए फास्ट्रैक लेन की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया था। यमुना एक्सप्रेसवे का संचालन करने वाली जेपी इंफ्राटेक ने इस पर सहमति जताते हुए जेवर टोल प्लाजा पर काम सबसे पहले कराने की बात कही है।

सीईओ ने कहा, यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर, मथुरा और आगरा टोल प्लाजा हैं। तीनों टोल पर पांच-पांच लेन की बढ़ोतरी होने से वाहन चालकों को काफी मदद मिलेगी। जेवर टोल प्लाजा पर 22 जुलाई तक काम पूरा कर लिया जाएगा जिसके बाद हर टोल प्लाजा पर दो-दो महीने के भीतर पांच-पांच अतिरिक्त लेन बढ़ाने का काम किया जाएगा।

हालांकि यमुना एक्सप्रेसवे के तीनों टोल प्लाजा पर दोनों ओर सभी 12 लेन पर फास्टैग की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन जाम को देखते हुए लेन बढ़ाने का निर्णय किया गया है। केंद्र सरकार ने सभी एक्सप्रेसवे पर फास्टैग अनिवार्य कर दिया है लेकिन निजी एक्सप्रेसवे होने के कारण यमुना एक्सप्रेसवे पर यह सुविधा इस साल फरवरी से प्रारंभ हुई।

# ग्रेनो में अगले साल लगेगा गाड़ियों का मेला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● 13 से 18 जनवरी तक होगा आयोजन

कोरोना की मार के बाद एक बार फिर ऑटो एक्सपो 2023 में आयोजन किया जाएगा। अगले साल 13 से 18 जनवरी तक इंडिया एक्सपो मार्ट का ऐलान सोमवार को कर दिया गया। 11 जनवरी विशेष रूप से मीडिया के लिए होगा।

सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, 12 जनवरी को उद्घाटन समारोह मीडिया, स्पेशल गेस्ट और डीलरों के लिए होगा। यह ऑटोमोबाइल आखिरी बार साल 2020 के फरवरी में हुआ था।

ग्रेटर नोएडा में हर वर्ष गाड़ियों का मेला देखने के लिए एनसीआर के लाखों लोग ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में पहुंचते हैं। देश विदेश की हाईटेक व्हीकल को इस दौरान प्रदर्शित किया जाता है। ऑटो एक्सपो 2020 में लगभग 6 लाख से अधिक लोगों आए थे। पिछले शो में करीब 700 नए प्रॉडक्ट्स का अनावरण किया गया था और इनमें से कई प्रॉडक्ट को उसी रूप में या कुछ बदलाव के साथ लॉन्च भी किया गया। प्रदर्शनी में 108 प्रदर्शकों ने अपने 352 उत्पाद प्रदर्शित किए थे। सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के महानिदेशक राजेश मेनन ने बताया कि 11 जनवरी विशेष रूप से मीडिया के लिए आयोजित किया जाएगा। 12 जनवरी 2023 को उद्घाटन समारोह स्पेशल गेस्ट और डीलरों के लिए होगा।

जबकि, ऑटो पार्ट्स एग्जीबिशन प्रगति मैदान परिसर में आयोजित की जाएगी। पहले तो यह शो इस साल 2022 में फ रवरी महीने में ग्रेटर नोएडा में होने वाला था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था।

# तेलंगाना में ठगी के आरोपी को नोएडा से किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

तेलंगाना में एक व्यक्ति से 20 लाख रुपए की ठगी करके नोएडा में छुपे आरोपी युवक को तेलंगाना और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में गिररफ्तार कर लिया।

सेक्टर 58 के थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि तेलंगाना के खेड़ा पल्ली जिले की पुलिस ने मंगलवार को नोएडा पुलिस से संपर्क किया और बताया कि अमित झा नामक व्यक्ति ने तेलंगाना निवासी भद्रे मंडावर से 20 लाख रुपए की ठगी की है तथा आरोपी नोएडा के सेक्टर 61 में छिपकर रह रहा है।

उन्होंने बताया कि नोएडा पुलिस ने तेलंगाना पुलिस के साथ मिलकर सेक्टर 61 के ई-10 में छापेमारी की और अमित कुमार झा को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि इस मामले में 25 अक्टूबर, 2021 को तेलंगाना में मामला दर्ज हुआ था और आरोपी तभी से फरार था। उन्होंने बताया कि ट्रांजिट रिमांड के लिए तेलंगाना पुलिस आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूजा गंगानिया एमएसएमई-पीसी की चेयरमैन नियुक्त

**चंडीगढ़/लखनऊ।** साहित्य, चिकित्सा, समाज सेवा एवं उद्योग जगत का एक जाना माना नाम डॉ. पूजा सिंह गंगानिया को भारत सरकार के उपक्रम एम एस एम ई - पीसी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संवर्धन परिषद भारत, में हरियाणा प्रदेश का चेयरमैन नियुक्त किया गया। डॉ. पूजा की नियुक्ति हरिनारायन राजभर (पूर्व सांसद, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं अध्यक्ष सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संवर्धन परिषद, भारत) द्वारा लखनऊ में की गई। डॉ. पूजा सिंह गंगानिया का कार्यकाल 3 वर्ष के लिए मान्य होगा। राजभर ने डॉ. पूजा सिंह गंगानिया के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एम एस एम ई की सभी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने व इन योजनाओं का लाभ हर प्रकार के छोटे बड़े उद्योगों तक पहुंचाने व उन्हे बढ़ाने का प्रण उनसे लिया। डॉ. पूजा सिंह गंगानिया ने बताया कि वे हरियाणा प्रदेश में उद्योगों को बढ़ाने एवं भारत सरकार की उद्योग नीतियों से अवगत कराने का कार्य पूर्ण कर्त्तव्य निष्ठा से करेंगी।



# कारोबारी की पत्नी ने पंखे से लटककर की खुदकुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्धनगर के नोएडा में थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर 76 स्थित एक सोसायटी में रहने वाले एक कारोबारी की पत्नी ने मानसिक तनाव के चलते घर के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर 113 के थाना अध्यक्ष शरद कांत ने बताया कि सेक्टर 76 स्थित प्रिंसले स्टेट सोसायटी में रहने वाले विकास व्यापार करते हैं, लेकिन बीती रात उनकी 31 वर्षीय पत्नी रिचा ने मानसिक तनाव के चलते घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद महिला ने आत्महत्या कर ली।

# एक माह में शुरू हो जाएगा सरफाबाद का मिनी इंडोर स्टेडियम

## खिलाड़ियों को मिलेंगी खास सुविधाएं, भूतल पर बैडमिंटन के लिए बनेंगे 7 कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


सरफाबाद गांव में प्राधिकरण द्वारा बनवाया गया मिनी इंडोर स्टेडियम।

नोएडा शहर में खिलाड़ियों को जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्राधिकरण द्वारा सरफ ाबाद में तैयार करवाए जा रहे मिनी इंडोर स्टेडियम जल्दी ही बनकर तैयार होने वाला है। अब इस स्टेडियम के कार्य को फाइनल टच दिया जा रहा है। यहां पर बिजली पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के सभी कार्यों को पूरा कर लिया गया है।

प्राधिकरण ने इस मिनी इंडोर स्टेडियम को संचालित करने की जिम्मेदारी स्पोर्टशीट-यूएसबीए को सौंपी है। एक महीने में इस स्टेडियम को शुरू करने के तैयारियां की जा रही है।

नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने सोमवार को मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम को 54.16 करोड़ों रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। यह स्टेडियम मुख्य तौर से बैडमिंटन के लिए जाना जाएगा। यहां पर भूतल पर ही बैडमिंटन के 7 कोर्ट बनाए जाएंगे। इसी के साथ प्रथम तल पर अन्य इंडौर खेल जैसे शूटिंग रेंज, टेबल टेनिस और योग की एकेडमी संचालित की जाएगी।

यही नहीं पहलवानी के लिए भी यहां पर अखाड़े बनाए जाएंगे। इंदु प्रकाश ने बताया कि प्राधिकरण ने स्टेडियम को संचालित करने की जिम्मेदारी के लिए एक निजी कंपनी से करार कर लिया है। इसी स्टेडियम की क्षमता 3 हजार दर्शकों की है। एक महीने में इस मिनी इनडोर स्टेडियम को शुरू किए जाने की तैयारी हो रही है।


गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती करोबारी।

# बदमाशों ने कारोबारी को मारी गोली, हालत गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● सीसीटीवी में कैद हुआ बदमाशों का चेहरा

नंदग्राम थाना क्षेत्र के सिकरोड़ गांव में दुकान के बाहर चारपाई पर सो रहे कारोबारी को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मार दी। जिसमें एक गोली सिर और दूसरी पीठ में लगी। गंभीर हालत में कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। अस्पताल में भर्ती कारोबारी की हालत गंभीर बनी हुई है।

सिकरोड़ गांव निवासी किशन चौधरी के पुत्र अमित कुमार रोड़ी.बदरपुर का कारोबार करते हैं। इसके साथ ही वह जेसीबी चलाते हैं और गांव में ही दुकान बनाकर उन्हें किराये पर चढ़ाया हुआ है। परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अमित दुकान के बाहर चारपाई पर पेट के बल लेटे हुए थे। इस दौरान बाइक पर दो बदमाश आए और एक गोली उनके सिर व दूसरी पीठ में मारी। गोली की आवाज सुनते ही वेल्डिंग का काम कर रहे कर्मचारी मौके पर दौड़े। उन्हें देखकर बदमाश मौके से बाइक पर फरार हो गए। घटना के वक्त अमित के पिता किशन भी वहीं मौजूद थे। उन्होंने लोगों की मदद से अमित को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया।

सूचना पर नंदग्राम थाना प्रभारी अमित कुमार काकरान ने मौके पर जाकर जांच की। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जिसमें बदमाशों के चेहरे कैद हुए हैं।

### देह व्यापार का गिरोह चलाने वाला शख्स धरा

**नोएडा।** इंटरनेट के माध्यम से देह व्यापार का कथित गिरोह चलाने वाले एक शख्स को उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाई ने सोमवार गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से दो लड़कियां मुक्त कराई गई हैं।

डीसीपी (महिला सुरक्षा) वृंदा शुक्ला ने बताया, हमें काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग इंटरनेट के माध्यम से अनैतिक देह व्यापार का गिरोह चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर जिले की मानव तस्करी रोधी इकाई ने जाल बिछाकर गाजियाबाद निवासी राजेश को सोमवार रात को पकड़ लिया।

# घायल युवक की मदद के बहाने युवती से रेप

## सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गए थे चाचा-भतीजी, केस दर्जकर पुलिस ने शुरू की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर के नोएडा में सड़क दुर्घटना में घायल मोटरसाइकिल सवार की मदद करने की बजाय उसकी भतीजी से दुष्कर्म करने जैसे हैवानियत का मामला सामने आया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर पांच के पास मोटरसाइकिल पर जा रहे चाचा भतीजी सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। इस दौरान वहां पहुंचा एक युवक किशोरी को अपने साथ जबरन ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सेक्टर 3 में पूजा सामग्री की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति ने थाना फेस- वन में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ता के मुताबिक 18 मार्च को उनका भाई और उनकी 16 वर्षीया बेटी सेक्टर 8 स्थित नानी के घर गए थे। इस दौरान शिकायतकर्ता के भाई ने दोस्तों के साथ जमकर शराब पी। उसके बाद वह किशोरी को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर सेक्टर पांच आ रहा था। रास्ते में उसकी मोटरसाइकिल से एक बच्चा टकरा गया, जिसकी वजह से शिकायतकर्ता का भाई बेहोश हो गया। पीड़िता के अनुसार वहां पर अजय नामक एक युवक आया तथा उसकी 16 वर्षीय बेटी को जबरन ले गया और उसके साथ बलात्कार किया।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि बीती रात को पीड़ित ने थाना फेस-वन पुलिस में शिकायत की है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मुठभेड़ स्थल पर मौजूद पुलिस के अधिकारी व जवान।

# मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● लूटा हुआ मोबाइल फोन व तमंचा बरामद

गौतबुद्धनगर पुलिस ने सोमवार देर रात एक कथित मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में दिल्ली के मयूर विहार का रहने वाला आमिर उर्फ अमन नाम का बदमाश जख्मी हो गया है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) अमित कुमार सिंह ने बताया कि देर रात को रबूपुरा थाने की पुलिस मिर्जापुर कट के पास गाड़ियों की जांच कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर एक युवक आता हुआ दिखाई दिया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस कर्मियों को धक्का देकर मौके से भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे घेर लिया जिसके बाद उसने पुलिस कर्मियों पर कथित रूप से गोली चला दी। सिंह ने बताया कि जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई जो बदमाश के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उन्होंने बताया कि अमन लूटपाट के मामले में कई बार जेल जा चुका है और उसके खिलाफ गैंगस्टर कानून के तहत भी कार्रवाई हुई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उसके पास से पुलिस ने देसी तमंचा, कारतूस, एक मोटरसाइकिल तथा विभिन्न जगहों से लूटे हुए दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# ब्लैकमेल कर लोगों को ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर फंसाते थे, अब तक 700 को बनाया शिकार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



सोशल मीडिया पर वीडियो कॉलिंग कर ब्लैकमेल कर देश के विभिन्न राज्यों के हजारों लोगों से ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के शातिर आरोपी और फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी विक्रम राठौर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित पहले फेसबुक पर लड़की के नाम से फर्जी आईडी बनाता था और फिर फेसबुक के माध्यम से लोगों को फ साते थे। मोबाइल सिम पूर्वोत्तर राज्यों की फर्जी आईडी पर रजिस्ट्रड होते थे।

फर्जी आईडी की सिम को आरोपी का बहनोई उपलब्ध कराने में मदद करता था। उसके बाद वह उस आईडी पर अश्लील और आपत्तिजनक फोटो लगाते थे। इसके बाद सोशल मीडिया आईडी से लोगों से चैट करते हुए वह उनके व्हाट्सएप नंबर लेकर उनके साथ अश्लील वीडियो चैट और कॉल शुरू कर देते थे। जिसके स्क्रीन शॉट और वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद कॉलर को ब्लैकमेल करने का काम शुरू होता था। सीधे तौर पर पैसे की मांग होती थी, नहीं देने पर आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने की धमकी देने लगते थे। इन्हीं में से कुछ लोग क्राइम ब्रांच का अधिकारी, आईटी हेड और सोशल मीडिया मैनेजर बनकर लोगों को डराने का काम करते थे। जिससे कि वह पैसे खाते में ट्रांसफर कर दें। आरोपी पिछले करीब 3 साल से लगातार ठगी की वारदात को अंजाम देता आ रहा था। एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा ने बताया कि क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दकी, एसआई अरूण कुमार मिश्रा, सत्यवीर सिंह की टीम ने आरोपी जासिम पुत्र लखपत निवासी बाईखेडा फि रोजपुर झिरका नूंह राजस्थान को देर रात मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ साइबर सैल में पिछले काफी समय से शिकायत मिल रही थी।

आरोतिप दिल्ली-एनसीआर, मेरठ, आगरा और मथुरा समेत विभिन्न जनपदों में करीब 500 से 700 लोगों से 40 से 50 लाख रूपए की ठगी की वारदात को अंजाम दे चुके है। आरोपित फर्जी सिम व मोबाइल एवं आईडी से खाते भी फर्जी खुलवाए हुए थे। रूपयों को पेटीएम, फ ोन.पे, गूगल.पे और एयरटेल पैंमेट बैंक नंबर पर भी डलवाते थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 23 मार्च, 2022



दिल्ली विधानसभा सत्र आज से

# बजट में दिखेगी सरकार की गारंटी योजनाओं की झलक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 के इस बजट सत्र में भी दिल्ली सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को और बेहतर तरीके से जारी रखना चाहती है। ताकि दिल्ली वालों से किए गए वादों को पूरा किया जा सके। पूर्व की तरह सरकार का पूरा ध्यान शिक्षा और स्वास्थ्य पर रहेगा। साथ ही पिछले विधानसभ चुनाव में दी 10 गारंटी को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाएगी। छह दिवसीय बजट सत्र में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

सूत्रों का कहना है कि गत वर्षों के बजट आवंटन में बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसा इसलिए है कि है क्योंकि सरकार आम आदमी पार्टी की सरकार जनहित के कार्यों को सर्वोपरि रखते हुए किसी भी ऐसे काम को रूकने देना नहीं चाहती जो सीधे आम लोगों से जुड़ा है। सरकार की योजनाएं निम्न है। हर घर चौबीस घंटे बिजली और दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली। हर घर 24 घंटे नल से पानी, साथ ही 20 हजार लीटर मुफ्त पानी योजना जारी रहेगी। हर बच्चे को स्तरीय शिक्ष मुहैया कराना। सस्ती सुलभ और बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा देना। 11 हजार से अधिक बसें और 500 किलोमीटर लंबी मेट्रो की लाइनें की जाएंगी। दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करना समेत अन्य कई योजनाओं की झलक बजट में देखने को मिलेगी।

## भाजपा की सरकार को घेरने की तैयारी

- विधायक दल की बैठक में रणनीति को दिया गया अंतिम रूप

***पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली*

*विधानसभा का बजट सत्र काफी हंगामेदार होने की संभावना है। प्रदेश भाजपा ने 23 मार्च को शुरू होने वाले बजट सत्र में दिल्ली केजरीवाल सरकार को घेरने की रणनीत बनाई है। मंगलवार को भाजपा विधायक दल के नेताओं की बैठक में कई बड़े मुद्दे उठाने का फैसला किया है। विपक्ष के नेता का कहना है कि केजरीवाल सरकार हर बार जनता के मुद्दों का सामना करने से भागती है लेकिन इस बार उसे ऐसा नहीं करने दिया जाएगा।*

*नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा विधायक दल की बैठक में तय किए गए मुद्दों की जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाड़ी की महिलाओं, आशा वर्कर्स, गेस्ट टीचर्स वोकेशनल ट्रेनर्स और कांट्रेक्ट वर्कर्स के रूप में लाखों लोग भेदभाव के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं लेकिन इस सरकार ने अपने किए वादे पर अमल नहीं किया। न तो इन कर्मचारियों को नियमित किया गया और न ही उनका वेतन बढ़ाया गया।*

*बिधूड़ी ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाएं और सार्वजनिक परिवहन दोनों ही बुरी तरह से चौपट हो चुके हैं। राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 9 लोगों को स्टंट डालने के बाद मौत हो गई है। क्या यही विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं।*

# यमुना में दिसंबर 2023 तक दिखने लगेंगी मछलियां : जैन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने दावा किया है कि यमुना नदी को दिसंबर 2023 तक पूरी तरह साफ कर दिया जाएगा। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि अगले साल के अंत तक यमुना नदी नहाने के लिहाज से पूरी तरह उपयुक्त होगी और इसमें मछलियां फिर से दिखने लगेंगी।

सभी इलाकों को अगले 15 महीने के अंदर सीवर प्रणाली से जोड़ दिया जाएगा और सभी तरह के दूषित पानी को अगले छह महीने में एकत्र किया जाएगा। सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को बताया कि वह यमुना को वर्ष 2025 से पहले दिसंबर 2023 तक साफ कर देंगे। सभी नाले पूरी तरह साफ किए जाएंगे।

वह पूरी तरह आश्वस्त है। दिल्ली वालों को कहीं भी यमुना नदी में डुबकी लगाने के लिए आमंत्रित करेंगे। अगले पांच-दस सालों में दिल्ली का भूजल स्तर उतना ही अच्छा होगा, जितना यह 50 साल पहले हुआ करता था। दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास पल्ला में 25 एकड़ भूमि पर एक प्रयोग किया है।

# आईजीआई पर दो वर्षा जल संग्रहण टैंक बनेंगे

- 90 लाख लीटर क्षमता होगी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा कुल 90 लाख लीटर क्षमता के दो वर्षा जल संग्रहण टैंक बना रहा है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने जानकारी दी कि दो जलाशय-एक दिल्ली हवाईअड्डे के टर्मिनल एक के निमट और दूसरा टर्मिनल 2 के पास आगामी मानसून में शुरू हो जाएंगे। इससे हवाईअड्डे को करीब 90 लाख लीटर वर्षा जल संग्रह करने में मदद मिलेगी।

डॉयल के अनुसार इस संग्रहित वर्षा जल से पानी की अतिरिक्त मांग को पूरा किया जाएगा और हवाईअड्डे पर पानी की जरूरत पूरी करने में मदद मिलेगी। डायल ने 350 से अधिक वर्षा जल संचय प्रणालियां स्थापित की हैं और अभी दिल्ली हवाईअड्डे पर ऐसी 300 अतिरिक्त प्रणालियां लगा रहा है। बारिश के पानी के संचय के लिए ए दो बड़े भूजल जलाशय दिल्ली हवाईअड्डे को वाटर-पॉजिटिव हवाईअड्डा बनाने की दिशा में एक और कदम साबित होंगे।

# निगमों के एकीकरण पर सियासत तेज



### निकाय और मजबूती से काम कर पाएगा : भाजपा

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने तीनों निगमों के एकीकरण के लिए कैबिनेट द्वारा लिए गए फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक सराहनीय कदम है। इस फैसले से निगम मजबूत होगा एवं आगे और भी बेहतर ढंग से काम कर पाएगा। तीनों निगमों के एक होने बाद और बेहतर होगी। गलियों, सड़कों वनालियों का निर्माण होना है। केंद्र सरकार का यह फैसला उन सभी निगम में काम कर रहे 2,50,000 सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षक एवं निगम कर्मचारियों के लिए रामबाण सिद्ध होगा।



### एकीकरण नहीं, फंड की जरुरत : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि तीनों नगर निगमों को पर्याप्त फंड की जरुरत है। एकीकरण की नहीं।

उपराज्यपाल ने भाजपा के इशारे पर चुनाव कराने घोषणा के समय पर निगम चुनावों रद्द कराने की घोषणा कर दी जिसके भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों जिम्मेदार है। एकीकरण के लिए यह बहाना कि आर्थिक संकट सुधारने, नुकसान को पूरा करने और व्यवस्थित प्रशासन चलाने के लिए निगमों को एक किया जा रहा है। यह पूरी तरह से दिल्ली वालों के साथ धोखा है।




### आप की चुनौती, हिम्मत है तो चुनाव कराकर दिखाएं

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा तीनों निगमों के एकीकरण का प्रस्ताव पारित करने पर भाजपा को चुनौती दी है कि हिम्मत है तो निगम चुनाव कराकर दिखाए।

आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी का कहना है कि एकीकरण सिर्फ एक बहाना है भाजपा चुनाव में आम आदमी पार्टी का सामना करने के लिए तैयार नहीं है। वह जानती है कि दिल्ली के लोग एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। लेकिन जिस आनन-फानन में भाजपा ने एकीकरण की बात कहकर चुनाव टाला है।

## एडहॉक टीचर्स को मिला डीटीए का साथ




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने कुलपति कार्यालय के सामने एडहॉक टीचर्स के समायोजन के मुद्दे को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरने पर आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन (डीटीए ) के अध्यक्ष डॉ . हंसराज सुमन न शिक्षकों के समायोजन/ स्थायीकरण पर अपना पूर्ण समर्थन दिया। साथ ही कहा कि डीओपीटी व 200 पॉइंट पोस्ट बेस रोस्टर व काले कमेटी के अनुसार पक्की नौकरी दी जाए।


डॉ. सुमन ने कहा कि दिल्ली सरकार के 28 कॉलेजों ने पहले भी कॉलेज प्रिंसिपलों के साथ गवर्निंग बॉडी बुलाकर समायोजन किया था लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुद्दे का समर्थन नहीं किया यदि विश्वविद्यालय इसे सही से लागू करता तो आज समायोजन के लिए लड़ाई नहीं लड़नी पड़ती ।

## थ्रिफ्ट एंड कोऑपरेटिव सोसाइटी के चुनाव संपन्न

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी थ्रिफ्ट एंड कोऑपरेटिव सोसाइटी के चुनाव संपन्न हुए। श्रीकांत कश्यप को केशियर की सीट पर चुना गया है, वही अजय कुमार को सेक्रेटरी बनाया गया है। श्रीकांत कश्यप नेसभी कर्मचारियों एवं सदस्यों का धन्यवाद किया। अजय ने बताया कि यह जीत हमारे मतदाताओं की है जिन्होंने हमें भरपूर प्यार दिया और हम कोशिश करेंगे।



श्रीकांत कश्यप




# दिल्ली दंगे : उच्च न्यायालय ने कई नेताओं को नोटिस जारी किए

- याचिका में इन लोगों की घृणा भाषण देने के संबंध मे जांच की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया में विभिन्न दलों के नेताओं को पक्ष बनाने संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए अनुराग ठाकुर (भाजपा), कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष सिसोदिया (आप) तथा अन्य को मंगलवार को फिर से नाटिस जारी किए है। अदालत में दायर याचिका में अनुरोध किया गया है कि संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ फरवरी, 2020 में हुए प्रदर्शनों के बाद हुए दंगों में कथित रूप से घृणा भाषण देने के संबंध में इन नेताओं की जांच की जाए।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन असदुद्दीन ओवैसी की राजनीतिक पार्टी है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने यह देखने के बाद कि याचिकाकर्ताओं द्वारा शुल्क (फीस) जमा नहीं किए जाने के कारण अदालत द्वारा 28 फरवरी को जारी पिछले नोटिस लोगों (नेताओं) तक नहीं पहुंच सके हैं, उसने आज फिर से नोटिस जारी किए।

पीठ ने कहा कि प्रस्तावित वादियों (राजनेताओं, सेलिब्रेटी, कार्यकर्ताओं और अन्य) को नोटिस नहीं भेजा जा सके, क्योंकि इनकी फीस जमा नहीं की गई थी। याचिकाकर्ताओं द्वारा दो दिनों के भीतर फीस जमा किए जाने और अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सभी प्रस्तावित वादियों को नए सिरे से नोटिस भेजा जाए। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय की है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए दंगों से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई कर रही अदालत ने सभी प्रस्तावित वादियों को नोटिस जारी किया है। दोनों याचिकाओं में इन लोगों के खिलाफ कार्वाई का अनुरोध किया गया है। शेख मुजतबा फारूक की ओर से दायर याचिका में अनुराग ठाकुर, कपिल मिश्रा, प्रवेश वर्मा और अभय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

# 250 लोगों को फ्री में दिखाई द कश्मीर फाइल्स फिल्म

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## द कश्मीर फाइल्स फिल्म देखकर लोग हुए भावुक

## सीकरी बोले, 30 साल बाद कश्मीरी पंडितों के दर्द से रूबरू हुआ देश

**कश्मीरी** पंडितों के पलायन और नरसंहार पर बनी फिल्म-द कश्मीर फाइल्स देखने के लिए गुरुग्राम में भी अधिक से अधिक लोग सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं। भाजपा की सरकार वाले राज्यों की सरकारों ने इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। ऐसे में फिल्म निर्माता भी करोड़ों का कारोबार कर रहे हैं।

मंगलवार को पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी व उनके संगठन के सदस्यों के सहयोग से द-कश्मीर फाइल्स फिल्म को यहां सेक्टर-4/7 स्थित आईनोक्स सिनेमाघर में और इरोस मॉल में दिखाई गई। फिल्म देखने के बाद सिनेमा हॉल से निकलने वाले हर दर्शक की आंखों में आंसू नजर आए। सिनेमा हॉल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। लोगों ने तिरंगा लहराकर अपना राष्ट्र प्रेम दिखाया और कश्मीरी पंडितों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करके फिल्म की प्रशंसा की। बोधराज सीकरी ने बताया कि सच्चाई पर आधारित यह फिल्म नरसंहार की कहानी बयां करती है।

कुछ राष्ट्रविरोधी सोच रखने वाले लोग अपने प्रोपेगेंडा के चलते इस फिल्म का विरोध कर रहे हैं। यह मार्मिक फिल्म सकारात्मक विजन से बनाई गई है। निश्चित ही यह भविष्य में समाज में जागृति का काम करेगी।



गुरुग्राम के सिनेमाघर में द कश्मीर फाइल्स देखते बोधराज सीकरी व अन्य लोग।

बोधराध सीकरी का कहना है कि 1990 में एक योजनाबद्ध नीति के तहत कश्मीरी पंडितों के साथ जो हुआ, उसे इस फिल्म के माध्यम से बड़े पर्दे पर काफी उम्दा तरीके से फिल्माया गया है। यह केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि वो दर्दनाक सच्चाई है जिसे देखकर रूह कांप जाती है। सभी को यह फिल्म देखनी चाहिए। श्री सीकरी ने कहा कि भविष्य में भी फिल्म दिखाने का यह क्रम चलता रहेगा।

इस फिल्म को दिखाने लोगों का मुफ्त पंजीकरण किया गया था। संगठन द्वारा बैनर लगाकर लोगों को फिल्म देखने के लिए आमंत्रित किया गया। राम लाल ग्रोवर, सुभाष गांधी, सुभाष दुडेजा, जीएन गोसाई, अनिल कुमार पदाधिकारियों के दिए गए नम्बरों पर कॉल करके लोगों ने खुद को फिल्म देखने के लिए पंजीकृत करवाया।

इस फिल्म के दर्शकों में ओम कथूरिया, कंवरभान वधवा, रामकिशन गांधी, यदुवंश चुग, डीएन कवातरा, सुभाष नागपाल, प्रमोद सलूजा, एसके खुल्लर, प्यारे लाल वर्मा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, रमेश चुटानी, हरीश कुमार, नरेन्द कथूरिया, विकास आर्य, विजय बाटला, किशोरी लाल, लेखराज चावला आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला पुलिस कप्तान ने नवनिर्मित कमरों का किया उद्घाटन



होडल सीआइए कार्यालय के उद्घाटन समारोह में मौजूद जिला पुलिस कप्तान, देवकीनंदन ठाकुर और देवी चित्रलेखा।

**होडल।** जिला पुलिस कप्तान राजेश दुग्गल ने मंगलवार को होडल नेशनल हाइवे स्थित सीआइए कार्यालय में एंटी नारकोटिक्स सेल का उद्घाटन रिवन काटकर किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में देवकीनंदन ठाकुर एवं गोसेवा धाम की संचालक देवी चित्रलेखा मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पुलिस कप्तान ने कहा कि सीआईए एवं एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी निरीक्षक जंगशेर व उनकी टीम एवं क्षेत्र के आसपास की ग्रामीणों व पंचायतों के आपसी सहयोग से सीआइए कार्यालय में 4 कमरों का निर्माण कराकर आपसी सौहार्द की एक मिशाल कायम की गई है। सीआईए में पहले स्टाफ के लिए पर्याप्त कमरे नहीं थे, लेकिन अब कमरे बन जाने के बाद पुलिस कर्मियों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सीआईए एवं एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी जंगशेर की टीम द्वारा क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर देवकीनंदन ठाकुर एवं देवी चित्रलेखा विशिष्ट रूप से रहे मौजूद रहे। उप पुलिस अधीक्षक होडल सज्जन सिंह, उपपुलिस अधीक्षक पलवल अनिल कुमार, उप पुलिस अधीक्षक हथीन रतन दीप बाली, उपपुलिस अधीक्षक पलवल विजय पाल सिंह, उप पुलिस अधीक्षक शहर यशपाल सिंह, डीएसपी अंडर ट्रेनिंग शिवा अर्चन व सीआईए एवं एंटी नारकोटिक्स सेल होडल निरीक्षक जंगशेर, सभी थाना प्रबंधक एवं चौकी इंचार्ज तथा आसपास क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चार माह बाद दर्ज हुआ सड़क हादसे का मामला दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने चार माह बाद महिला की शिकायत पर सड़क हादसे का मामला दर्ज किया है। हादसे में महिला के पति की मौत हो गई थी। अलीपुर निवासी श्यामवती ने पुलिस को बताया कि उसका पति रजनेश बादशाहपुर में मिक्चर प्लांट पर नौकरी करता था। 14 जुलाई 2021 की रात करीब नौ बजे रजनेश बादशाहपुर से घर बाइक पर आ रहा था। घामडौज में तत्काल एलिवेटेड मार्ग पर बना फ्लाई ऑवर के नीचे से घामडौज की तरफ जा रहा था। फ्लाईओवर से निकलने के दौरान सोहना की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे के समय अलीपुर निवासी करण और नायक मौजूद थे। अज्ञात चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। करण व नायक ने उसके पति को अस्पताल में ले जाकर दाखिल कराया था। रजनेश को लगी चोटों के कारण वह उपचार के लिए चार माह तक अलग-अलग अस्पताल में लेकर घूमती रही। इस दौरान वह अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कराना भूल गई थी। उसके पति की 16 नवंबर 2021 को गुरुग्राम के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

### कंटेनर से 661 किलोग्राम गांजा बरामद, दो गिरफ्तार



जिला पुलिस कप्तान व सीआइए की गिरफ्त में गांजा के साथ बरामद हुए चालक और परिचालक।

**होडल।** होडल सीआइए पुलिस ने नेशनल हाइवे डबचिक के पास नाका लगाकर एक कन्टेनर से करोड़ों रुपये की कीमत का 661 किलो 450 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में कन्टेनर के चालक व परिचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस कप्तान राजेश दुगगल ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार को सीआइए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डबचिक चौक के पास नाका लगाकर एक कंटेनर में कूड़े की आड़ में ले जा रहे नशीला पदार्थ (गांजा) पकड़ा था। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम गांव सिरोही थाना फरीदाबाद निवासी जमशेद व गांव आलमपुर थाना धौज निवासी अरबाज बताया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह यह गांजा विशाखापट्टम से गुड़गांव ले जा रहे थे। पुलिस ने प्रशासनिक अधिकारी बीडीपीओ नरेश कुमार की देखरेख में कन्टेनर से 661 किलो 450 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है।

# अनाज मंडी को बड़े स्थान पर स्थापित करने की मांग

एन रोहिल्ला। सोहना

**शहर** के किस अन्य स्थान पर अनाज मंडी स्थापित करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। वर्तमान अनाज मंडी का परिसर छोटा होने के कारण किसानों और आढ़तियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्केट कमेटी प्रशासन ने अनाज मंडी को शहर के बड़े परिसर में लेकर जाने की मांग की है।

वर्तमान अनाज मंडी का परिसर फसल आवक के दौरान छोटा पड़ने लगता है। किसानों को फसल बिक्री के दौरान फसलों की ढेरियां लगाने के लिए आवश्यकता अनुसार स्थान तक नहीं मिलता है। ऐसे में किसानों को मंडी परिसर के आम रास्ते में फसल की ढेरियां बिक्री के लिए लगानी पड़ रही है। क्षेत्र का किसान से लेकर आढ़ति और आम नागरिक अनाज मंडी किसी अन्य 20 से 25 एकड़ में स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। जबकि वर्तमान मंडी परिसर का क्षेत्र साढ़े 13 एकड़ में है।



सोहना अनाज मंडी में स्थान के अभाव में वाहनों के बीच में लगी फसल की ढेरियां।

### अतिक्रमण है प्रमुख कारण

**अनाज** मंडी का परिसर छोटा होने के कारणों में यहा फैला अतिक्रमण। मंडी परिसर के अंदर सब्जियों लेकर फल, कपड़ा, घरेलू मशाले, घरेलू सामान की लगने वाली रेहड़ियों की संख्यां दिन प्रति दिन बढ़ना। मंडी परिसर में अवैध कब्जों से परिसर का स्थान छोटा हो रहा है। आढ़तियों से लेकर छोटे दुकानदार और सब्जी दुकानदारों द्वारा 10 से 20 फुट तक सामान रखकर अतिक्रमण करना।

### पार्किंग जोन का अभाव

**अनाज** मंडी परिसर में किसी एक स्थान पर वाहनों को खड़ा करने का स्थान निरधारित नहीं है। मंडी में खरीदारी के लिए आने वाले आम नागरिकों से लेकर किसान और स्थानीय आढ़ती व दुकानदार अपने-अपने वाहनों को यहा बनी फड़ या आम रास्तों पर खड़ा कर देते हैं।

### क्या कहते हैं किसान

**गांव** हरचंदपुर निवासी किसान ज्ञानचंद का कहना है कि अनाज मंडी को आबादी क्षेत्र से बाहर पलवल, नूंह, दमदमा या बालूदा मार्ग पर बनाई जाए। स्थानीय मंडी में किसानों को मंडी का परिसर कम होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दमदमा निवासी किसान मांगे राम का कहना है कि किसानों को ही अपने वाहन खड़े करने के लिए स्थान नहीं मिलता। फसल की ढेरियां लगाने के लिए घंटों इतजार करना पड़ता है। माकेट कमेटी सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि मार्केट कमेटी विभाग की तरफ से उच्चाधिकारी और प्रदेश सरकार को मंडी का विस्तार किए जाने की मांग पहले से ही लिखित में की हुई है। जैसे-जैसे फसल पैदावार में बढ़ोतरी हो रही है। वैसे-वैसे हर साल फसल आवक की मात्रा बढ़ती जा रही है।

# दिल्ली ओलंपिक में गुरुग्राम के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**गुरुग्राम।** दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित दिल्ली ओलम्पिक खेल 20 मार्च 2022 को आयोजित किए गए। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों से एक हजार से ज्यादा बच्चों ने लिया। जिसमें गुरुग्राम से सांई कराटे अकादमी सेक्टर-9, फर्रूखनगर, और पातली के लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में गुरुग्राम जिले का नाम रोशन करते हुए बच्चों ने 3 स्वर्ण पदक, 3 रजत और 5 कांस्य पदक प्राप्त किये हैं।

सांई कराटे अकादमी निदेशक एवं कराटे डू एसोसिएशन के महासचिव शिहान सुनील सैनी ने बताया कि दिल्ली ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता में सांई कराटे अकादमी से 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 2 गोल्ड, एक रजत और 2 कांस्य पदक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में टीम



कोच लकी मानिदास व पवन सोनी अहम योगदान रहा है। जिन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और हर भारवर्ग में बच्चों ने भाग लिया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में यागांश कटारिया 31 किलोग्राम भार वर्ग, येशा मालिक 37 किलो भार वर्ग, हिमांशु गुप्ता 90 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक और वीर करण 14 किलो भार वर्ग और पारुल 45 किलो भार वर्ग, सामर्थ प्रताप 40 किलो भार वर्ग, विहान कटारिया 39 किलोग्राम भार वर्ग, हर्षित यादव 25 किलो भार वर्ग, नेहा शर्मा 35 किलो भार वर्ग और कासिम अली ने 35 किलो भार वर्ग में ब्रांउज मेडल हासिल किए हैं।

# एसजीटी में 248 मेधावी छात्रों को दी छात्रवृति



**गुरुग्राम।** एसजीटी यूनिवर्सिटी में सोमवार को विभिन्न विभागों के 249 मेधावी छात्रों और हरियाणा डोमिसाइल छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. विजय शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को मेधावी छात्र और हरियाणा डोमिसाइल श्रेणियों में छात्रवृत्ति प्रदान की गई। एसजीटी विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में मेधावी वर्ग में कुल 249 छात्रों को छात्रवृत्ति मिली। हरियाणा डोमिसाइल श्रेणी में 24 छात्रों को 1 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई।

अतिथि वक्ता पद्मश्री प्रो. दिनेश सिंह, पूर्व कुलपति दिल्ली विवि, डायरेक्टर क्लिक (क्रिएटिंग लिटरेसी इन कंप्यूटर नॉलेज), एसजीटी विश्वविद्यालय ने कहा कि छात्रों को दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के साथ जीवन में आगे बढ़ना चाहिए और हर किसी को इच्छाशक्ति के अनुसार अपना लक्ष्य तय करना चाहिए। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में वाइस चांसलर एसजीटी विश्वविद्यालय प्रो. ओपी कालरा एवं प्रो. वाइस चांसलर डॉ. विकास धवन भी उपस्थित रहे।

# ऑब्सट्रिक्टव स्लीप एपनिया और बहुरुग्णता का अंतरसंबंध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ऑब्सट्रिक्टव** स्लीप एपनिया एक ऐसी स्थिति है जो नींद के दौरान आपके गले की मांसपेशियों को अधिक शिथिल कर देती है, जिससे मस्तिष्क में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित हो जाती है।

डॉ. पुनीत खन्ना, एचओडी एंड कंसलटेंट- रेस्पिरेटरी मेडिसिन, मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका, नई दिल्ली बताते हैं अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि नींद की कमी से मस्तिष्क के आवश्यक श्वेत पदार्थ में कमी आ जाती है जिससे चित्त में अस्थिरता आ जाती है तथा मनोदशा व सतर्कता प्रभावित होती है। ऐसे अध्ययन भी हैं जिन्होंने स्लीप एपनिया को सड़क दुर्घटनाओं से जोड़कर देखा है। यह अध्ययन बताते हैं कि सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण वास्तव में चालक का परिवेश के प्रति सचेत ना होना था। ऑब्सट्रिक्टव स्लीप एपनिया के गंभीर मामलों में, जिसे ओएसए के रूप में भी जाना जाता है, ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी से मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है, जिसके



परिणामस्वरूप स्मृति समस्याएं, एकाग्रता संदर्भित चुनौतियां और अस्थिर मनोदशा जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

स्लीप एपनिया के कारण कई अन्य बीमारियां होते हुए भी देखी गई हैं। जिनमें मधुमेह, हृदय रोग, हृदय गति रुकना, उच्च रक्तचाप (उच्च रक्तचाप), मोटापा और कुछ मामलों में स्ट्रोक भी शामिल हैं। कई अध्ययनों से पता चला है कि ओएसए इन स्वास्थ्य स्थितियों में कैसे परिणाम देता है, और जब इन स्वास्थ्य स्थितियों का इलाज किया जाता है, तो ओएसए को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

यदि आप OSA का स्वयं का परीक्षण करना चाहते हैं तो कुछ प्रश्न हैं जो आपको स्वयं से पूछने होंगे। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

क्या आप रात में खर्राटे लेते हैं?, क्या आप दिन के दौरान थका हुआ या अस्त-व्यस्त महसूस करते हैं?, क्या किसी ने देखा है कि सोते समय आपकी सांसें रुक जाती हैं?, क्या आपको उच्च रक्तचाप है?, क्या आपकी उम्र 30 से 60 के बीच है?, क्या आपकी गर्दन की परिधि 40 सेंटीमीटर से अधिक है?

यदि आप इनमें से किसी एक या अधिक प्रश्नों के लिए हां में उत्तर देते हैं, तो आपको निश्चित रूप से ओएसए का परीक्षण कराना चाहिए।

एक अच्छी रात की नींद वह है जब आप संपूर्ण रात्रि सामान्य गति की सांस के साथ निद्रा लेते हैं। जब आपके अंगों को पर्याप्त आराम मिलता है और आपके मस्तिष्क में सही मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचती है। ओएसए का समय पर उपचार यह सुनिश्चित करता है कि नींद के दौरान आपके वायुमार्ग खुले रहें जिससे आप सामान्य रूप से सांस ले सकें। जबकि जीवनशैली में बदलाव जैसे वजन कम करना, शराब या सिगरेट छोड़ना ह्रस्र का इलाज कर सकता है। अधिक गंभीर मामलों में उपकरणों का उपयोग आवश्यक हो जाता है।

# अहीर रेजिमेंट को समर्थन देने आप सांसद सुशील गुप्ता आएंगे गुरुग्राम

**गुरुग्राम।** सेना में अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग का समर्थन करते हुए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं आप के हरियाणा प्रभारी सुशील गुप्ता बुधवार को खेड़की दौला टोल पर चल रहे धरना में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि सेना में अहीर रेजीमेंट का गठन लोगों की मांग ही नहीं उनका हक है।

पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने बताया कि आप सांसद सुशील गुप्ता बुधवार सुबह 11 बजे धरना स्थल पर पहुंच कर आप पार्टी का समर्थन देंगे। उन्होंने बताया कि आप अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग को अपनी ओर से केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखेंगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि सांसद सुशील गुप्ता पार्टी की ओर से और व्यक्तिगत रूप से भी अहीर रेजीमेंट के गठन के हिमायती हैं।

# जनरेशन इंडिया ने लोगों को क्लाउड में करियर बनाने में मदद देने के लिए एडब्लूएस के साथ सहयोग किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## 12 हफ्तों के कार्यक्रम से बेरोजगारी एवं अल्प रोजगार के शिकार लोगों को क्लाउड का कौशल प्राप्त कर टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र में करियर बनाने में मदद मिलेगी

**जनरेशन** इंडिया ने एमेजॉन इंटरनेट सर्विसेज प्रालि (एआईएसपीएल) के साथ अपने सहयोग की घोषणा की, जिसके तहत भारत के 10 शहरों में एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम द्वारा निशुल्क क्लाउड कंप्यूटिंग कौशल विकास एवं नौकरी का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एडब्लूएस रि/स्टार्ट 12 हफ्तों का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें क्लाउड के मूलभूत तत्वों, एडब्लूएस कोर सर्विसेज, एवं प्रैक्टिकल करियर स्किल (जैसे इंटरव्यू एवं रेज्यूमे राईटिंग) की शिक्षा दी जाती है, ताकि बेरोजगारी एवं अल्प रोजगार के शिकार लोगों को एंट्री-लेवल पर क्लाउड में करियर बनाने के लिए तैयार किया जा सके। जनरेशन इंडिया के साथ एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम का बैच इसी माह शुरू हुआ था।

टेक उद्योग को टेक टेलेंट की जरूरत है, लेकिन इन कार्यों के लिए प्रशिक्षित लोगों की कमी है। एल्फाबीटा के एक अध्ययन के मुताबिक, भारत में डिजिटल कौशल की योग्यता रखने वाले लोगों की जरूरत 2025 तक नौ गुना बढ़ जाएगी। इस चुनौती को हल करने के लिए जनरेशन इंडिया और एडब्लूएस नई प्रतिभाओं की एक समावेशी, विस्तृत पाईपलाईन का निर्माण करने के लिए काम कर रहे हैं, जिनके पास क्लाउड टेक्नॉलॉजी का कौशल हो। इसके लिए वो बेरोजगारी और अल्प रोजगार के शिकार लोगों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं, जो अन्य तरीके से यह करियर प्राप्त नहीं कर सकते।

यह कार्यक्रम लोगों को परिदृश्यों पर आधारित क्रियाकलापों, प्रयोगशालाओं में प्रयोग और कोर्सवर्क द्वारा टेक्नॉलॉजी में नए करियर के लिए तैयार करता है। विद्यार्थियों को लिनक्स, पायथन, नेटवर्किंग, सिक्योरिटी और रिलेशनल डेटाबेस की शिक्षा दी जाती है। इस कार्यक्रम में एडब्लूएस सर्टिफाईड क्लाउड प्रैक्टिशनर एग्ज़ाम का खर्च शामिल होता है, जिससे लर्नर्स को अपने क्लाउड के कौशल के लिए उद्योग में मान्यताप्राप्त सर्टिफिकेट मिलता है। जनरेशन इंडिया के सहयोग से एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम लोगों को ऑपरेशंस, साईट रिलायबिलिटी, एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट में करियर बनाने में मदद करता है। एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम 2025 तक दुनिया में 29 मिलियन लोगों को क्लाउड कंप्यूटिंग में निपुण बनाने के लिए एमेजॉन द्वारा निशुल्क क्लाउड कंप्यूटिंग प्रशिक्षण दिए जाने के प्रयासों का हिस्सा है।

अरुणेश सिंह, सीईओ, जनरेशन इंडिया ने कहा, हम अपने लर्नर्स को उद्योग में मान्यताप्राप्त एडब्लूएस सर्टिफिकेशन के साथ उपयोगी, इन-डिमांड क्लाउड कंप्यूटिंग कौशल प्रदान करने के लिए एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं। यह प्रोग्राम उन्हें सफलता की ओर ले जाएगा। यह बेरोजगारी और अल्प रोजगार के शिकार लोगों को इन-डिमांड क्लाउड जॉब्स प्राप्त करने में मदद करेगा। जनरेशन इंडिया युवाओं की मदद करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह प्रोग्राम भारत में युवाओं को उपयोगी कौशल एवं नौकरियां प्रदान करने की आपात जरूरत को पूरा करेगा। अमित मेहता, हेड, टीडब्लूएस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन, एआईएसपीएल ने कहा, एडब्लूएस रि/स्टार्ट नई प्रतिभाओं को कार्यबल में लाएगा, जिससे लोगों को क्लाउड में सफल करियर बनाने, संगठनों को इन-डिमांड प्रतिभा के साथ प्रतिस्पर्धात्मक विशेषताएं बढ़ाने और समुदायों को विकास के मार्ग परबढ़ने में मदद मिलेगी।

# रूस यूक्रेन युद्ध ने छीना दुनिया से अमन चैन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**रूस** और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने पूरी दुनिया को तनावपूर्ण स्थिति में ला दिया है। के युद्ध के विनाश से बचाने के लिए यूक्रेन के आंत्रप्रेन्योर और सोशल इनोवेटर आंद्रे लुबालिन जो अविनाश पूरी के नाम से भी विख्यात हैं ने शांति की अपील की है।

दिल्ली में वॉर इन यूरोप इस आ थ्रेट ओन आ प्लेनेटरी स्केल, रोड मैप फ़ॉर अ पीस फूल सेटलमेंट ( यूरोप का युद्ध पृथ्वी के लिए खतरा, शांति के मार्ग का रोड मैप) विषय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अविनाश पुरी ने रूस के यूक्रेन पर हमले के पूर्व पिछले 8 वर्षों से उस राष्ट्र के छोटे छोटे हिस्सों पर कब्जा जमाने को लेकर भी प्रकाश डाला।

प्रेस से वार्ता के दौरान काशी के सन्यासी स्वामी कौशलानंद ने श्रीमद्भागवत गीता के निष्काम कर्म का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्ध विनाश है और कर्म सृजन। उन्होंने श्रीकृष्ण से युद्ध टालने की प्रार्थना करते हुए कहा कि , अपना मद छोड़कर शक्तिशाली राष्ट्रों को शांति का मार्ग अपनाना चाहिए। विद्वानों ने दुनिया को शांति के मार्ग पर चलने की अपील की। स्वामी कौशलानंद ने पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि उन्होनें देश के छात्रों को बड़ी कुशलता से स्वदेश लौटा लिया।

# बीकेटी ने आगामी टी20 लीग के 15वें सीजन के लिये दिल्ली कैपिटल्स के 'ऑफिशियल टायर पार्टनर' के तौर पर भागीदारी की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के मल्टीनेशनल ग्रुप और ऑफ-हाइवे टायर मार्केट की कंपनी बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) आगामी टी20 लीग में दिल्ली कैपिटल्स का 'ऑफिशियल टायर पार्टनर' बना रहेगा। बीकेटी को क्रिकेट के उत्साही समर्थक के रूप में जाना जाता है और इसलिये वह एक प्रमुख टीम के साथ लगातार तीसरे साल अपनी भागीदारी को जारी रख रहा है।

बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक राजीव पोद्दार के अनुसार, क्रिकेट के प्रशंसकों के लिये स्थानीय और वैश्विक, दोनों मंचों पर रोमांचक समय आने वाला है। हम दिल्ली कैपिटल्स के साथ उनके 'ऑफिशियल टायर पार्टनर' के रूप में अपनी लंबे समय की और खास भागीदारी को जारी रखकर खुश हैं और उन्हें अपनी शुभकामनायें देते हैं। इस रोमांचक भागीदारी जारी रहने के बारे में दिल्ली कैपिटल्स के अंतरित सीईओ विनोद बिष्ट ने कहा, कई खेलों के लिये बीकेटी का उत्साह काफी मशहूर है और हम इनके साथ लगातार तीसरे सीजन के लिये अपनी भागीदारी को जारी रखने से ज्यादा




खुश और किसी बात से नहीं हो सकते थे। हम टी20 टूर्नामेंट के आकर्षक एवं सफलतम 15वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

बीकेटी क्रिकेट से लेकर फुटबॉल और मॉन्स्टर जैम के बेहतरीन एक्रोबेटिक्स तक पूरी दुनिया में खेल आयोजनों के समर्थक और अनुगामी के तौर पर जाना जाता है। भारत में इंडियन प्रीमियर फुटबॉल लीग में लगातार दो वर्षों से एटीके मोहन बागान और नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ अपनी भागीदारी के माध्यम से बीकेटी फुटबॉल जैसे खेलों को प्रोत्साहन देने के लिये जाना जाता है। इसके अलावा बीकेटी सीजन 2019 और 2021 के लिये तमिलनाडु प्रीमियर लीग का एसोसिएट पार्टनर था। कंपनी ने 2019 में प्रो कबड्डी लीग की बारह में से आठ टीमों के साथ भागीदारी की थी। दुनियाभर के खेल आयोजनों के साथ बीकेटी के जुड़ने का कारण उनके लिये उसकी लगन और उत्साह है, जैसे मॉन्स्टर जैम के सभी इंटरनेशनल स्टेजेस में भागीदारी; इटालियन फुटबॉल लीग सीरी बीकेटी, ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट की बिग बैश लीग, स्पेनिश फुटबॉल लालिगा, कर्लिंग कनाडा की चैम्पियनशिप्स और महिला एवं पुरूष वर्ल्ड कर्लिंग चैम्पियनशिप, द फ्रेंच लीग 2 बीकेटी और आखिर में, लेकिन महत्वपूर्ण, यूरोलीग बास्केटबॉल। इसके अलावा, बीकेटी आगामी रग्बी वर्ल्ड कप फ्रांस 2023 का ऑफिशियल टायर सप्लायर' भी है।

बीकेटी टायर्स खेलों के लिये अपनी लगन के कारण दुनियाभर में जाना जाता है। वह खेलों के सभी मूल्यों के साथ गहराई से जुड़ा है और ऊंचे तथा बड़े सपने पूरे करने उनकी दृढ़ता और पलटकर लौटने की क्षमता के लिये पुरस्कृत होने के आनंद को प्रेरित करने की कामना करता है। सभी खेल आयोजनों का चयन एक सटीक रणनीति के आधार पर किया जाता है, जो यूजर से निकटता और ब्राण्ड पर ज्यादा जागरूकता पर लक्षित होती है और जिसे राइज़ वर्ल्डवाइड का सहयोग मिलता है, जो भारत में बीकेटी के लिये विशेष खेल परामर्श अभिकरण है।

# सूरजकुंड : दहेज में मिली कला से महिलाओं को बना रही आत्मनिर्भर

कविता। फरीदाबाद

## लोगों को भा रहे डबल साइड इस्तेमाल करने वाले हाथों से तैयार दरी साड़ी और दुपट्टे

**35वें** अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में इस बार झारखंड के जामवरा जिले में मौजूद शंकरपुर गांव से अनीता मंडल डबल साइड से इस्तेमाल की जाने वाली साड़ी और दुप्पटे के अलावा दरी लेकर आई है। डबल साइड इस्तेमाल की जाने वाली साड़ी, दुप्पटे और दरी लोगों को खूब भा रही है।

अनीता मंडल के पति डीएन मंडल ने बताया कि यह कला अनीता को उनके दहेज में मिली है। उन्होंने बताया कि झारखंड में पिछड़े और ग्रामीण इलाकों में यह कला कन्याओं को उनके दहेज में दी जाती है। ताकि इस कला के जरिये महिलाएं अपने घर को चला सके। अनीता को भी यह कला उनके घर से मिली थी। यह कला उस समय विकसित हुई, जब देश में कम्बल नहीं होते थे, तब डबल साइड के कपड़े बनाकर ठंड से बचाव के लिए किया जाता था। इसे हैंडलूम में एंकर के धागे से बनाते हैं। फिलहाल अनीता 45 महिलाओं को यह कला को सीखा रही है। डबल कपड़े से तैयार वस्तुओं को काता या गुदड़ी समेत कई नामों से जाना जाता है।



महिलाओं को डबल साइड इस्तेमाल होने वाले स्टॉल दिखाते हुए शिल्पी अनीता के पति डीएन मंडल।

**लगता है समय:** डीएन मंडल ने बताया कि दोनों साइड की साड़ी बनाने में 11 माह का समय लगता है, जिसकी कीमत साढ़े 11 हजार होती है। डबल साइड की चुन्नी का रेट 950, दुपट्टा 650 से 1450 और स्टॉल 450 से 750 रूपये कीमत के बनते हैं। कार्नल की साड़ी पर हैंडलूम और हैंडवर्क कढ़ाई की जाती है। जो 1400 से 1700 रुपये की होती है।

**मेला है विदेश से महंगा** : डीएन मंडल ने बताया कि इंडियन टूरिज्म द्वारा यूरोप, दुबई, मौरेसिस, मुम्बई, दिल्ली, पूना, गोवा समेत अनेक शहरों में स्टॉल लगाए हैं, लेकिन सूरजकुंड मेला काफी मंहगा। उन्हें सात हजार वाले स्टॉल के 17 हजार 700 रुपये देने पड़े हैं।

जोकि पूरी तरह से गलत है। फिलहाल यहां रूकने की व्यवस्था भी नहीं है, जिस कारण उन्हें दिल्ली में रूकना पड़ा है। ऐसे में रोजाना 400 से 500 रुपये आने जाने में खर्च हो जाते हैं। उनकी अब तक की साढ़े चार हजार रुपये की बिक्री हुई है। ऐसे में यहां स्टॉल काफी मंहगा है। अत: वह सरकार से विनती करते हैं कि 17 हजार 700 रुपये वाले स्टॉल की कीमत को कम किया जाए।

# निगम की वार्डबंदी के खिलाफ सामाजिक संस्थाओं ने खोला मोर्चा

## वार्डबंदी पर पुनः विचार नहीं किया तो चुनावों का पुरजोर विरोध करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आगामी** फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के लिए की गयी वार्डबंदी का विरोध अब शहर में खुल कर सामने आ रहा है। शहर के सभी प्रमुख सामाजिक संस्थानों ने इसका जिला स्तरीय विरोध करने का निर्णय लिया है। यह विरोध एक सामाजिक मंच के तत्वाधान में किया जायेगा जिसको कि वार्डबंदी विरोध मोर्चा नाम दिया गया है।

मोर्चे का प्रतिनिधित्व भाटिया सेवक समाज के मोहन सिंह भाटिया, जनसहयोग के प्रधान ओमप्रकाश चुघ सेव फरीदाबाद के पारस भारद्वाज, एनआईटी आरडब्लूए कन्फेडरशन अध्यक्ष यशपाल जय सिंह, बन्नूवाल संगठन के वेद भाटिया, राजेश भाटिया व शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है। मोर्चे के सदस्यों ने जानकारी देते हुए कहा कि



एनएच दो स्थित भाटिया सेवक समाज में आयोजित बैठक में वार्ड बंदी का विरोध करते समाज सेवी।

हमारा पहला लक्ष्य सरकार, अधिकारियों और नेताओं का ध्यान इस वार्डबंदी के खिलाफ फैले आक्रोश की तरफ आकर्षित करना है। यदि वार्डबंदी को निरस्त कर जनता के हित में कोई संतोषजनक बदलाव नहीं किया जाता तो संवैधानिक दायरे में रहकर जिला व्यापी विरोध होगा। यह विरोध दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर किया जाएगा और सभी राजनीतिक पार्टियों के लोग इसमें सामाजिक तौर पर हिस्सा लेंगे। मोर्चा आवश्यकता पड़ने पर कानूनन संघर्ष करने के लिए भी तैयार है। मोर्चे द्वारा कल्याण सिंह चौक से बीके चौक तक आगामी 26 मार्च 2022 को एक विशाल विरोध पदयात्रा का आयोजन भी किया जायेगा जिसमे शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति हिस्सा लेंगे। उसके बाद एक विशाल महापंचायत करने का भी प्रस्ताव मोर्चे द्वारा विचाराधीन है।

मोर्चे के कानूनी प्रकोष्ठ के सदस्य अधिवक्ता सनी खंडेलवाल ने इस वार्डवंदी को हरियाणा म्युनिसिपल निगम एक्ट 1994 की अवेहलना बताते हुए कहा कि ना तो वार्डबंदी करते समय सम्बंधित अधिकारियों ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का ध्यान रखा, ना सीमाओं का और ना ही प्रशासनिक सुगमता का। और भी काफी जगह कानून को ताक पर रख कर यह वार्डबंदी की गयी है जिसकी खिलाफत उनका प्रकोष्ठ न्यायालय में मजबूती से करेगा। इस विषय में मोर्चे का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और स्थानीय नेताओं से भी मिलकर अपनी समस्या उनके सामने रखेगा।

सत्तापक्ष के नेताओं को चेतावनी देते हुए ग्रीन फील्ड कालोनी आरडब्लूए के पदाधिकारी व मोर्चे के सदस्य राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि यदि जनहित में ये वार्डबंदी पर पुन: विचार नहीं किया गया तो हम इन चुनावों का पुरजोर विरोध करेंगे। पर्वतीय कालोनी के राम सिंह यादव ने कहा कि यह वार्ड बंदी केवल सत्तापक्ष ने अपने प्रत्याशियों को ध्यान में रख कर की है और एक आम नागरिक के साथ धोखा किया है।

इससे पहले 15 व 16 मार्च 2022 को सेव फरीदाबाद, भाटिया सेवक समाज व विभिन्न आरडब्लूए ने अपना विरोध जिला उपायुक्त द्वारा गठित कमेटी के समक्ष लिखित में दर्ज कराया व मजबूती से अपना पक्ष रखा। विरोध में बन्नूवाल वेलफेयर संस्था, 3 डी आरडब्लूए, एनआईटी आरडब्लूए कन्फेडरशन, 3सी आरडब्लूए, बड़खल गांव प्रतिनिधिमंडल, जवाहर कॉलोनी आरडब्लूए, एसी नगर आरडब्लूए, अजरौंदा गांव आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

# नकली पुलिसवाला बन दंपति से रुपये ऐंठने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशानिर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए थाना सेक्टर 8 प्रभारी नवीन कुमार तथा पुलिस चौकी 11 प्रभारी प्रदीप मोर की टीम ने आरोपी द्वारा नकली पुलिसवाला बनकर लोगों से पैसे ठगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी करण हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का निवासी है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी ने नकली पुलिसवाला बनकर स्कूटी चालक से 2000 रुपये ठगे थे। पीड़िता मगन ने पुलिस को बताया कि वह पति सतीश के साथ स्कूटी द्वारा सेक्टर 11 से सूरजकुंड जा रहे थे। सेक्टर 11 कट के पास आरोपी पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर वाईएमसीए चौक की तरफ से आया और स्कूटी के आगे अपनी मोटरसाइकिल लगाकर रुकवा लिया। आरोपी ने पुलिसवाला होने की धौंस दिखाई और स्कूटी के कागज दिखाने का दबाव बनाया। सतीश ने कागज दिखाने के लिए अपना पर्स निकाला तो आरोपी ने पर्स से दो हजार रुपये ले लिए और कहने लगा कि स्कूटी के कागज पूरे नहीं है और पैसों की डिमांड करने लगा।



उन्होंने आरोपी से उसका पुलिस का आई कार्ड दिखाने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया। नकली पुलिसवाला होने का शक हुआ तो पीड़िता ने आरोपी के मोटरसाइकिल का नंबर नोट कर लिया और उन्होंने पुलिस चौकी सेक्टर 11 में इसकी शिकायत दी। जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी के मोटरसाइकिल के नंबर की डिटेल निकलवा कर उसके घर का पता किया और उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल पल्सर मोटरसाइकिल तथा 610 रुपये बरामद किए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे के चलते ही वह इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देता है। 2 महीने पहले ही पुलिस चौकी सेक्टर 11 में ही आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# रंजिश में हत्या के इरादे से फायरिंग करने वाले गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्रा**इम ब्रांच 17 की टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी सहदेव तथा टोनी को एक देसी पिस्तौल व 1 देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सहदेव फरीदाबाद के सेक्टर 18 तथा टोनी सेक्टर 17 का रहने वाला है।

क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सहदेव को थाना एरिया सेक्टर 17 तथा टोनी को खेड़ीपुल नहर पुल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके खिलाफ वर्ष 2021 में हत्या के प्रयास के तहत एक अन्य मुकदमा थाना ओल्ड में दर्ज है जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने साथी सचिन तथा गौरव के साथ मिलकर सेक्टर 18 के



रहने वाले अमर उर्फ़ चिप्पा के ऊपर देसी कट्टे तथा पिस्तौल से फायरिंग की थी। किसी बात को लेकर उनके बीच आपस में रंजिश चल रही थी जिसमें उनका उससे पहले एक दो बार झगड़ा भी हुआ था जिसमें अमर पक्ष के लोगों ने उनके साथी टोनी की टांग तोड़ दी थी जिसका बदला लेने के लिए उन्होंने अमर की दुकान पर जाकर उनके ऊपर फायर कर दिए थे।

# विश्व जल दिवस पर हुईं प्रतियोगिताएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मंगलवार को विश्व जल दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका में स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में मास कम्युनिकेशनए टूरिज्म बीएए बीकॉम की छात्राओं ने प्रतिभागीता की। सभी प्रतिभागी छात्रों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र अरोड़ा ने की। मंच संचालन प्रोफेसर जितेंद्र ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर बनाकर जल संरक्षण



जिला सलाहकार दीपक कुमार का मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत करते शिक्षक।

का संदेश दिया। वहीं छात्राओं ने भाषण के माध्यम से जल के महत्व पर प्रकाश डाला। स्लोगन राइटिंग करने वाली छात्राओं ने भी स्लोगन बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिला सलाहकार दीपक कुमार ने छात्राओं को पानी के महत्व के बारे में समझाया ही नहीं बल्कि इसे प्रैक्टिकल करके दिखाया। इसमें बताया कि किस प्रकार से देश में पानी की बर्बादी के कारण भूमि का जल स्तर लगातार गिर रहा है। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि हमें पानी के महत्व को समझना होगाए नहीं तो हमारी आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विश्व में पहली बार विश्व जल दिवस 1993 में मनाया गया।

# रविंद्र फागना ने एसएन स्पोर्ट्स को 10 विकेट से हराया

**फरीदाबाद।** छठां रविन्द्र फागना अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने एसएन स्पोर्ट्स को 10 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंदर फागना ने बताया कि एसएन स्पोर्ट्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते 22.4 ओवर में 10 विकेट पर 68 रन बनाए। गुरतेज सिंह ने 20 रन, तनिष्क ने 5 रन बनाए। मोहम्मद शानिब ने 4 विकेट, यश कोटियल ने 3 विकेट, केतन और प्रथम ने 1-1 विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 16.3 ओवर में बिना विकेट गवाएं 69 रन बनाकर मैज जीत लिया। प्रथम चौधरी ने 29 रन, ऋषभ भाटिया ने 19 रन बनाए। एसएन स्पोर्ट्स टीम के किसी गेंदबाज को एक भी विकेट नहीं मिला। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहम्मद शानिब को दिया गया ।

# शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने में योगदान दें युवा : एसके तोमर

## विश्वविद्यालय द्वारा एनएसएस वालंटियर्स के लिए विशेष शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर का आयोजन फरीदाबाद जिले के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अटाली में एनएसएस वालंटियर्स के लिए किया जा रहा है।

शिविर का उद्घाटन विवि परिसर के विवेकानंद सभागार में एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति प्रो. एसके तोमर द्वारा किया गया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, एनएसएस समन्वयक प्रो. प्रदीप डिमरी और प्रॉक्टर प्रो. मनीष वशिष्ठ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर ने एनएसएस गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए





जेसी बोस विश्व विद्यालय में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं एनएसएस टीम की वालंटियर्स।

निरंतर प्रयास करने के लिए कार्यक्रम अधिकारियों और एनएसएस स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस का आदर्श वाक्य 'मैं नहीं बल्कि आप' है जोकि नि:स्वार्थ सेवा की जरूरत पर बल देता है। कुलपति ने युवाओं को स्वच्छता एवं साफ-सफाई जैसी नागरिक सुविधाओं के संबंध में जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों से शहर और उसके आसपास सभी प्रकार के प्रदूषण के प्रभाव को कम करने में योगदान देने का आह्वान किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित से हुई। एनएसएस गीत 'स्वयं सजे वसुंधरा संवार दें' प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस टीम के सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी, जिसे खूब सराहा गया।

एनएसएस समन्वयक प्रो. प्रदीप डिमरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिविर के दौरान सप्ताह भर की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में विश्वविद्यालय के लाल चैक पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा 'आजादी के मायने' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक भी किया गया।

# जल है तो कल है जल बचाएं, जीवन बचाएं : मनचंदा

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एम्बुलैंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने विश्व जल दिवस पर जल के बुद्धिमतापूर्ण उपयोग पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1933 से विश्व में जल दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां चलाई जाती हैं। सभी ने सहमति व्यक्त की कि वृक्ष तथा पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों के प्रति हमारे मन में श्रद्धा होनी चाहिए। रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि विश्व में हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व जल दिवस पर वैश्विक संदेश फैलाने के लिये थीम मेकिंग द इंविजिबल विजिबल अर्थात भूजल अदृश्य को दृश्यमान बनाना है। विश्व में पीने के पानी का लगभग आधा हिस्सा भूजल से प्राप्त किया जाता है। इस वर्ष विश्व जल दिवस के थीम के अनुसार भूजल को खोजना, बचाना और ठीक प्रकार से प्रयोग करना होगा।

# बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता के खिलाफ की नारेबाजी



बिजली निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**घोषित** कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन फरीदाबाद कमेटी के आव्हान पर बिजली निगम फरीदाबाद सर्कल की सभी 18 सब डिवीजनों में कर्मचारियों ने अपनी एकता की मिशाल को कायम करते हुए लामबंद होकर निगम मैनेजमेंट और अधीक्षण अभियन्ता फरीदाबाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अफसरशाही व तानाशाही नहीं चलेगी की आवाज भरे नारों को बुलन्द कर बिजली दफ्तरों पर आक्रोश भरे लहजे में तीन घंटे विरोध प्रदर्शन किया।

डिविजिन ओल्ड फरीदाबाद के अंतर्गत आने वाली सब डिवीजनों में कर्मचारी प्रधान लेखराज चौधरी, सचिव जयभगवान अन्तिल व एनआईटी की सब डिवीजनों में प्रधान विनोद शर्मा, सचिव बृजपाल तंवर व ग्रेटर फरीदाबाद की सब डिवीजनों में प्रधान सुनील चौहान, सचिव वीर सिंह रावत और बल्लभगढ़ की सब डिवीजनों में प्रधान कर्मवीर, सचिव मदन गोपाल की देखरेख में विरोध प्रदर्शन सफल किये गये। यह सभी विरोध मुख्यरूप से सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा और केंद्रीय कमेटी के नेता सतीश छाबड़ी के नेतृत्व में किये गये। अपने कड़े शब्दों घोर निन्दा करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि इससे बड़ा इस निगम के अधिकारियों का अपने कर्मचारियों के प्रति व्यवहार का रवैया ओर क्या होगा जब हमारे कर्मचारी साथी माजिद जेई को अकारण ही आनन-फानन में जानबूझ कर निलंबित किया गया। जो हिटलर की भांति तानाशाही को दर्शाता हो।

# संक्षिप्त समाचार

## देशी व विदेशी कलाकारों ने भव्य प्रस्तुतियों से बांधा समां



**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित 35वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 2022 में एक ओर जहां शिल्पकारों की कृतियां पर्यटकों का ध्यान आकर्षित कर रहीं है, वहीं दूसरी ओर बडी व छोटी चौपाल पर विभिन्न प्रदेशों तथा विदेशों के जाने माने कलाकारों द्वारा अपनी कला व संस्कृति की छटा बिखेरते हुए पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं। मेला परिसर में स्थित मुख्य चौपाल पर मंगलवार की सुबह सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के राजस्थान व गुजरात प्रदेशों के कलाकारों के साथ-साथ यूगांडा, नाइजीरिया, इस्वातिनी, नाइजर, घाना तथा तनजानियां के विदेशी कलाकारों ने अपनी समृद्ध संस्कृति की झलक बिखेरते हुए दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया तथा दर्शकों ने करतल ध्वनि से इन कलाकारों का बार-बार अभिनंदन किया। नाइजीरिया की टीम द्वारा ओलेगेनी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। यह नृत्य नाइजीरिया के इगबो एथनिक ग्रुप के युवाओं द्वारा प्रदर्शित किया जाता है, जो शरीर की विभिन्न भाव-भंगिमाओं पर केंद्रित होता है। नाइजर की टीम द्वारा विकास, जनसंख्या तथा संस्कृति पर आधारित भव्य प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात घाना की टीम द्वारा जेरा सॉग प्रस्तुत किया गया।

## उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम फरीदाबाद जिला कमेटी ने अपनी मांगों को लेकर आज मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सेक्टर-12 में जिला उपायुक्त की अनुपस्थिति में एसडीएम फरीदाबाद को सौंपा। जिला कमेटी के प्रधान गुरुचरण खांड़िया की अध्यक्षता में ज्ञापन देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के पूर्व स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज ने कई बार संघ के नेताओं से बातचीत की और मांगों को सही ठहराया और मान लिया परन्तु आज तक उन मांगों को लागू नहीं किया जैसा कि 50 लाख का बीमा कोरोना काल में मृत्यु के बाद कर्मचारियों को मिलना चाहिए था और कोरोना काल में जो जोखिम भरा काम कर्मचारी कर रहे थे, उन्हें 4000 जोखिम भत्ता हर महीने वेतन में देने कही थी और खाली पदों पर नगर निगम में नई भर्ती करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक भर्ती नहीं हुई और दैनिक वेतन भोगी और नगर निगम में काम कर रहे कर्मचारियों को पक्का करने की बात कही थी। सभा को अन्य के अलावा कर्मी नेता नानकचंद खैरालिया, कृष्ण चिण्डालिया, चाच प्रेमपाल, शक्ति, श्रीपाल, राजीव, अनूप चिण्डालिया, महेन्द्र कुड़िया, राकेश चिण्डालिया, दर्शन सोया, देवेन्द्र मंझावली, देवीचरण, साहबुद्दीन, रामरतन, मनोज, महेश शर्मा, परशुराम अधाना, वेद भड़ाना और रणजीत शुक्ला आदि ने सम्बोधित किया।


## सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं कलाकार : डॉ. नीरज

**सूरजकुंड।** सूरजकुंड मेला भारत की विविध संस्कृतियों का संगम है। हमारे कलाकार हमारी सांस्कृतिक धरोहर को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक व सूरजकुंड मेला प्राधिकरण के प्रशासक डॉ. नीरज कुमार ने मंगलवार को छोटी चौपाल में हरियाणा व बाहर से आए तीस चित्रकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड मेले में भारत के हिमाचल, हरियाणा, पंजाब, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर सहित युगांडा, उज्बेकिस्तान, ईरान, नेपाल, अफगानिस्तान सहित तीस देश भाग ले रहे हैं। इनमें से एक कलाकार ऋषिराज तोमर ने तो बेकार पड़े एटीएम कार्डों से गणेश जी का बहुत सुंदर चित्र बनाया हुआ था। कार्यक्रम के दौरान मेला प्रबंध समिति के सदस्य राजेश जून, स्टेज एंकर डा. आबिद अली, अशरफ, अभिषेक देसवाल आदि उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के योगदान की कहानी

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित 35वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 2022 में हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा देश के स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के योगदान की कहानी को अभिलेखों व तस्वीरों की जुबानी लोगों तक पहुंचाने के लिए डिजीटल प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें पर्यटक स्वतंत्रता संग्राम में प्रदेश के योगदान की कहानियों को रूचि पूर्वक देख रहे हैं। विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल के निर्देशानुसार शिल्प मेला के गेट नंबर-5 पर मीडिया सेंटर के साथ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के 28 नवंबर 1938 के ऐतिहासिक हिसार दौरे को प्रदर्शित किया गया है। सुभाषचंद्र बोस हिसार में रेलगाड़ी से पहुंचे थे और रेलवे स्टेशन पर हजारों लोगों की भीड ने अपने प्रिय नेताजी का स्वागत किया था। सुभाषचंद्र बोस ने हिसार जिला के सूचा पीडित लोगों से मुलाकात की और सूखे की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कष्ट पीडित लोगों के प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए कहा था कि यह सूखा और दूसरी मुसीबतों का मुख्य कारण गुलामी है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया था कि हमें गुलामी को दूर करने के लिए कोशिश करनी चाहिए।

## निगम ने 27 इकाइयों को किया सील



**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा संपत्ति कर के बकायाजात की वसूली के लिए समय-समय पर इकाइयों को सील करने की कार्यवाही की जा रही है तथा उन इकाइयों को डीसील किया जाता है जिनके बकायाजात जमा हो जाते हैं। इसी श्रृंखला में 22 मार्च 2022 को नगर निगम के फरीदाबाद एनआईटी जोन-1 ने 27 इकाइयों को सील किया जिस पर करीब 29 लाख रुपये बकाया था। निगमायुक्त ने बताया कि हाल ही में अधिकारियो के साथ हुई बैठक में सख्त आदेश जारी किये गये हैं कि जिन इकाइयों द्वारा बकायाजात जमा नहीं हुए कराया जाता उनको सील करने की कार्वाई अमल मे लाई जाये और 31 मार्च 2022 तक सभी इकाइयों से बकायाजात वसूल किया जाए। निगमायुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि उपरोक्त कार्यवाही से बचने के लिए तथा सरकार द्वारा दी गई ब्याज-माफी की सुविधा का लाभ उठाते हुये 31 मार्च तक अपना अपना-अपना बकायजात जमा कराये।

## शहीदों की याद में हर वर्ष लगेंगे पौधे

**फरीदाबाद।** मार्च के अंत तक में गर्मी का आलम कुछ ऐसा है कि मानो यह महीना मार्च का नहीं बल्कि मई और जून का हो मंगलवार को शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस (23 मार्च) के उपलक्ष्य में खेल परिसर सेक्टर 12 फरीदाबाद में वृक्षारोपण किया गया। शहीदों की याद में त्रिवेणी (बड़, पीपल, नीम) के पौधे लगाए गए। डिप्टी डायरेक्टर गिर्राज सिंह, जिला खेल अधिकारी अनिता भाटिया तथा जिला युवा समन्यवक अधिकारी सुनीता वाईसीओ तथा युवा आगाज से जसवंत पवार, सुनील सैनी मौजूद रहे। गिर्राज (उप निर्देशक खेल विभाग हरियाणा) ने इस मौके पर कहा कि हमें हर मौके पर पेड़ लगाने चाहिए। इस से पहले भी 3000 पोधे विभाग द्वारा लगाए गए हैं। सुनीता वाईसीओ ने बताया की शहीदों की याद में त्रिवेणी स्टेडियम में लगाई गई। इसी प्रकार हर वर्ष अलग-अलग गांव के युवा मंडलों में लगाया जाएगा। इसके साथ युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर, जागरुकता रैली अदि का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर युवा आगाज के संयोजक जसवन्त पंवार ने बताया सांसें मुहीम के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज पौधारोपण किया गया संगठन द्वारा हर वर्ष शहीदो की याद में पौधरोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और सैकड़ों पौधे लगाए जाएंगे।

# पोक्सो कानून

## संवेदनशीलता आवश्यक

**पोक्सो** कानून के प्राविधान लागू करने के बजाय नाबालिग लड़कियों के मामले में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। पुणे की एक छोटी किशोरी ने पिछले सप्ताह अपने स्कूल में 'गुड टच बैड टच' यौन जागरूकता सत्र में भाग लिया। इसके बाद उसे अचानक समझ में आया कि उसके बाबा, पिता, तथा बड़ा भाई पिछले पांच साल से उसे बैड टच कर रहे थे। वह सौभाग्यशाली है कि उसके स्कूल ने यह सत्र आयोजित किया तथा वह अब प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्राम सेक्सुअल आफेंसेज़-पोक्सो कानून के बारे में जानती है। समय बीतने के साथ कौंसिलिंग तथा सुरक्षित परिवेश से उसकी स्थिति सुधर सकती है। इस कानून का संबंध खासकर 18 साल से कम आयु वाले नाबालिग बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न से है। हाल में रोमांटिक संबंधों के सैकड़ों मामले सामने आए हैं जिनमें अधिकांशत: नाबालिग लड़कियां तथा सहमति से सेक्स शामिल है। इनको पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया गया है। ऐसे में विशेष पोक्सो अदालतों तथा अनेक उच्च न्यायालयों को कानून के कठोर प्राविधान उन मामलों में लागू करने में कठिनाई का अनुभव हो रहा है जहां इनका संबंध रोमांटिक संबंधों वाले किशोर युगलों से है। उदाहरणार्थ, यौन अपराध के मामलों में आरोपी की जमानत का सवाल ही नहीं उठता है। यदि आरोपी यह दावा करे कि कम आयु वाली लड़की की यौन संबंध में सहमति थी तो भी नाबालिग की ऐसी सहमति से आरोपी को कोई संरक्षण नहीं मिलता है। ऐसे में सवाल है कि अदालतें एक वयस्क पुरुष व नाबालिग लड़की के बीच रोमांटिक संबंधों पर ये प्राविधान कैसे लागू कर सकती हैं जहां सहमति से सेक्स हुआ हो, किसी



कारण संबंध टूट गया हो तथा पुरुष पर नाबालिग के यौन उत्पीड़न या उसे ललचाने का आरोप लगा हो?

यदि नाबालिग सेक्स के लिए सहमति स्वीकार कर ले तो भी पोक्सो इस सहमति को अस्वीकार कर देगा। संभवत: इसमें कानून का दृष्टिकोण सही है। हाल में अदालतें पोक्सो प्राविधानों पर अत्यधिक कठोरता नहीं बरत रही हैं। पिछले सप्ताह एक विशेष अदालत ने जेल में 30 दिन बिताने वाले 21 वर्षीय व्यक्ति को जमानत दी जिसका एक नाबालिक लड़की से 'प्रेम' संबंध था, पर बाद में लड़की की मां ने उसके खिलाफ लड़की का अपहरण कर उसके साथ भाग जाने और यौन संबंध का आरोप लगाया था। हालांकि, नाबालिग की सहमति को सहमति नहीं माना जाता है, पर विशेष अदालत ने बंबई उच्च न्यायालय के एक पूर्व निर्णय को आधार बनाया कि आजकल छोटे या किशोर युगल यौनिक रूप से जागरूक हैं और वे ऐसी आयु में होते हैं जहां उनको यौन संबंधों के लिए उकसाया जा सकता है। यदि बलात्कार या जबरन सेक्स संदेह के कारण न हों तो इन मामलों में अलग मानक के साथ सजा देने में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इस आधार पर अनेक अदालतों ने पुरुषों को जमानतें दी हैं। मद्रास उच्च न्यायालय ने नाबालिग की आयु घटा कर 16 साल करने तथा पोक्सो कानून में 16 वर्ष से अधिक आयु वालों के बीच सहमति से सेक्स पर उदार प्राविधान शामिल करने का सुझाव दिया है। किशोरियों में बड़े पुरुषों के प्रति आकर्षण तथा माता-पिता के कट्टरपंथी दृष्टिकोण से बचने के प्रयास सामाजिक तथ्य हैं जिनको दंडात्मक कानूनों से नहीं बदला जा सकता है। इसके लिए लड़कियों के संरक्षण कानून में परिवर्तन करना होगा। कार्यपालिका और विधायिका को इस मामले पर फौरन ध्यान देने की आवश्यकता है।

# भारत में गैस की संभावित समस्या

सरकार को वार्षिक प्रयोग के आधार पर गैस का सुरक्षित भंडार बनाना चाहिए। इससे संकट के समय सप्लाई बढ़ाने के साथ कीमतों पर नियंत्रण होगा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



यूक्रेन युद्ध ने भारत की गैस सप्लाई व्यवस्था के समक्ष पैदा संकट उजागर कर दिया है। प्राकृतिक गैस-एनजी की हमारी मांग लगभग 54.6 बिलियन क्यूबिक मीटर-बीसीएम है। इसका लगभग 50 प्रतिशत आयातित द्रव प्राकृतिक गैस या एलएनजी से पूरा होता है। रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एनजी उत्पादक है जिसका हिस्सा 10 प्रतिशत है। दुनिया के कुल गैस निर्यात में इसका योगदान और अधिक, लगभग 25 प्रतिशत है। अधिकांश रूसी गैस यूरोपीय संघ-ईयू देशों को जाती है जो अपनी कुल एनजी सप्लाई का लगभग 40 प्रतिशत रूस से प्राप्त करते हैं। दूसरी ओर भारत की गैस सप्लाई स्रोत काफी सीमा तक विविधीकृत हैं। भारत में अधिकांश आयातित गैस मध्यपूर्व के देशों, जैसे, कतर, ओमान, यूएई, आदि से आती है। अन्य महत्वपूर्ण सप्लायरों में अमेरिका, आस्ट्रेलिया व रूस शामिल हैं। दीर्घकालीन अनुबंधों के आधार पर सप्लाई को प्रमुखता मिलने के कारण सप्लाई अल्पकालीन मूल्य उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होती है। प्रथमदृष्टया इससे लगता है कि भारत पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा। लेकिन प्रमुख सप्लायर रूस से सप्लाई में बाधा पड़ने से विश्व स्तर पर कमी होगी जिससे अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी से वृद्धि होगी। पिछले साल एलएनजी का स्पाट मूल्य 25 डालर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट-एमबीटीयू से बढ़ कर 50 एमबीटीयू हो गया था, जबकि अप्रैल 2020 में इसकी कीमत केवल 9 डालर प्रति एमबीटीयू थी।

ईयू ने रूस से खरीद में दो तिहाई कमी की योजना घोषित की है और इसके स्थान पर वह इस वर्ष के अंत तक अन्य स्रोतों से एलएनजी खरीदेगा। इसका अर्थ 70 मिलियन टन एलएनजी होगा जो वैश्विक एलएनजी व्यापार का 18 प्रतिशत है। इतनी अधिक सप्लाई के लिए ईयू भारत समेत अन्य एशियाई देशों से प्रतियोगिता करेगा। इसके कारण मध्यपूर्व में स्पाट कीमतों में और वृद्धि होगी। यदि इसका कुल आयात में हिस्सा केवल 20 प्रतिशत हो तो भी कुल मिला कर आयात बहुत महंगा हो जाएगा। यदि अमेरिका से 12 डालर प्रति एमबीटीयू के अनुबंध मूल्य तथा एलएनजी के वर्तमान 50 डालर प्रति एमबीटीयू पर गौर किया जाए तो प्रभावी मूल्य 19.6 डालर प्रति एमबीटीयू होगा। ईयू के कारण यदि स्पाट मूल्य और बढ़ता है तो प्रभावी कीमत और अधिक हो जाएगी। अब तक भारत ने अपनी घरेलू एनजी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कुछ खास प्रयास नहीं किए हैं। इसके पास 26 सेडीमेंट्री बेसिन हैं जिनका कुल क्षेत्र 3.14 मिलियन वर्ग किलोमीटर है। इनमें से केवल 6 में वाणिज्यिक उत्पादन हो रहा है, हालांकि इनका पूरा उपयोग नहीं हो रहा है। चार दशक पहले खोजे गए क्षेत्रों से वर्तमान उत्पादन 28.5 बीसीएम प्रति वर्ष का अधिकांश आता है जिनमें बंबई हाई तथा दक्षिण बेसिन क्षेत्र शामिल हैं।

हाल के समय में कोई बड़ी खोजें नहीं हुई हैं। इसका अपवाद 2000 के दशकारंभ में खोजा गया कृष्णा गोदावरी बेसिन-केजी है। लेकिन यह भी बहुत महत्वपूर्ण नहीं साबित हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड-आरआईएल के बहु-प्रचारित केजी-डी6 से केवल 2 ट्रिलियन वर्ग फीट-टीसीएफ का उत्पादन हुआ जो अनुमानित 10 टीसीएफ भंडार का केवल पांचवां भाग है। 2010-11 में जब केजी-डी6 का आपरेशन अपने शिखर पर था, देश का गैस उत्पादन लगभग 52 बीसीएम के शिखर पर पहुंचा था। अनेक कारणों से यहां उत्पादन घटने से वह आधा रह गया। 2020-21 में यहां उत्पादन 28.7 बीसीएम था जिसके वर्तमान वर्ष में 28.5 बीसीएम रहने की आशा है।

इसके धीमे पड़ने का कारण उन नीतिगत पहलों में छिपा है जिनका उद्देश्य भारत को नई खोज व लाइसेंसिंग नीति-एनईएलपी के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना था। 1999 की इस नीति में आपरेटरों को भारत सरकार से मुनाफा कमाने से पहले क्षेत्र में खोज एवं विकास का सारा खर्च वहन करना था। 1 नवंबर, 2014 से प्रभावी नीति में क्षेत्रों की सप्लाई राज्य स्वामित्व वाले तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी तथा आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल को 'नामांकन' आधार पर देनी थी। एनएलईपी के अंतर्गत दिए क्षेत्रों की कीमत चार अंतरराष्ट्रीय स्थानों-अमेरिका, ब्रिटेन, रूस व कनाडा के आधार पर तय होनी थी। मार्च, 2016 में गहरे-अति गहरे व उच्च दबाव तथा उच्च तापमान-डीयूडीएचपीएचटी क्षेत्रों से सप्लाई पर मिलने वाले 'प्रीमियम' मूल्य को वैकल्पिक ईंधनों, जैसे फ्यूल आयल, नेफ्था व आयातित एलएनजी से जोड़ा गया जा 'सामान्य' कीमत का लगभग दूना था। जुलाई, 2017 में लागू ओपेन एकरेज लाइसेंसिंग नीति-ओएएलपी के अंतर्गत आपरेटरों को भारत सरकार को मिलने वाले राजस्व का एक निर्धारित प्रतिशत देने को कहा गया और उनको मूल्य व मार्केटिंग की स्वतंत्रता दी गई। शेल गैस, कोयले व बेड मीथेन जैसी गैर-परंपरागत चीजों के लिए भी विशेष मूल्य निर्धारित किए गए। छोटे व मामूली क्षेत्रों से सप्लाई की कीमतों को ओएनजीसी-ओआईएल के बजाय निजी फर्मों को दे दिया गया। इसके पीछे इरादा ईएंडपी फर्मों से ज्यादा उत्पादन की पहल का था, लेकिन वे अपना मुनाफा बढ़ाने में लग गईं। इसमें लागत की पूरी वसूली एक 'सुनहरी प्लेट' जैसी सिद्ध हुई जिससे वे मुनाफा पाने के लिए कृत्रिम रूप से खर्च बढ़ाने लगीं। इसी प्रकार डीयूडीएचपीएचटी के लिए प्रीमियम मूल्य देने के साथ ही सरकार ने सामान्य मूल्य पर ज्यादा राजस्व प्राप्त करने पर ध्यान नहीं दिया। उत्पाद कम होने पर अधिक कीमतों का लाभ नहीं मिला। इसके अलावा अधिक उत्पादन होने पर आपरेटर को भारत सरकार को ज्यादा राजस्व देना पड़ता। इससे उत्पादन बढ़ाने को हतोत्साहन मिला। छोटे व मामूली क्षेत्रों से निजी उद्यमियों द्वारा उत्पादन की कीमतें और मार्केटिंग तय करने का अधिकार एक प्रकार से विसंगति की तरह था। सभी नीतिगत निर्णयों में अधिक मूल्य प्राप्त करने पर अत्यधिक जोर दिया गया। लेकिन इस तथ्य को अनदेखा किया गया कि एनजी में राजस्व तथा मुनाफा मुख्यत: उत्पादन की मात्रा पर निर्भर होगा। संस्तुतियां देने में विलम्ब से मामला और बिगड़ा। पिछले साल किसी फर्म को काम शुरू करने के पहले 37 अनुमतियों की आवश्यकता थी। उत्पादन में दशकों लंबी सुस्ती दूर करने के लिए फौरन सुधार जरूरी है। 'प्रशासनिक' मूल्य क्षेत्र, हाइड्रोकार्बन की किस्म, स्वामित्व, आदि पर निर्भर है और यह नौकरशाही लाल फीताशाही में फंसा है। इससे सप्लायर व गैस प्रयोगकर्ता उपयुक्त मूल्य निर्धारण के लिए अधिकारियों के साथ लाबींग करते हैं। इससे उत्पादन और उपयोग बढ़ाने में बाधा आती है। वर्तमान व्यवस्था समाप्त कर फर्मों को मूल्य तथा मार्केटिंग रणनीति तय करने का अवसर मिलना चाहिए। सरकार को अपनी भूमिका गैस की बिक्री से प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा लेने तक सीमित करनी चाहिए।

उपभोक्ताओं को लाभ सुनिश्चित करने के लिए गैस आयात वि-नियंत्रित करना जरूरी है। गैस का आयात या घरेलू गैस में व्यापार की इच्छा रखने वाले उद्यमों को ढांचागत संरचना तक 'पारदर्शी' व 'बिना भेदभाव वाली' पहुंच देनी चाहिए। इन परिवर्तनों से एक 'स्थिर' व 'सुचारु' नीतिगत परिवेश बनेगा। इसमें विशाल वैश्विक ऊर्जा कंपनियों के साथ ही निजी कंपनियां भारतीय गैस क्षेत्र में दीर्घकालीन निवेश कर घरेलू सप्लाई बढ़ाएंगी तथा आयात पर निर्भरता कम करेंगी। सरकार को वार्षिक प्रयोग के प्रतिशत के आधार पर गैस का सुरक्षित भंडार बनाना चाहिए।

इंटरनेशनल गैस यूनियन के अनुसार 30 प्रतिशत आयात पर निर्भरता वाले देशों को 12 प्रतिशत सुरक्षित भंडार बनाना चाहिए। इससे संकट के समय सप्लाई बढ़ाने के साथ कीमतों पर नियंत्रण लगाना संभव हो सकेगा।

# परिवर्तन व समावेशी प्रगति को बढ़ावा


> राष्ट्रीय शिक्षा नीति का नया इनपुट निश्चित रूप से प्रत्येक विषय को सामग्री में समृद्ध और विचारों में विविधतापूर्ण बना देगा।

**सुधीर हिंदवान**
(लेखक सामरिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



उच्च शिक्षा संस्थानों को बहु-विषयक बनाने के लिए शिक्षाविदों से प्रतिक्रिया आमंत्रित करने वाले यूजीसी का स्वागत है। पिछले कुछ वर्षों में, विभिन्न विषयों की सामग्री और प्रकृति में पर्याप्त परिवर्तन और वास्तविक जीवन के प्रयोगों को जोड़ने के एक केंद्रित दृष्टिकोण की अवधि हुई है। समाज, नई शिक्षा प्रणाली के ढांचे में उदार लोकतांत्रिक प्रथाओं, पर्यावरण, वैश्वीकरण और शासन के अस्तित्व के लिए सामाजिक दरारों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटना। यह दिखाने की जरूरत है कि उच्च शिक्षा के नए तरीके कैसे बदलाव लाएंगे और यह बताएंगे कि कैसे दुनिया भर में शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम शोध और घटनाओं का प्रसार किया जा सकता है ताकि अनुसंधान और शिक्षण को तदनुसार उन्नत किया जा सके। भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की लोकप्रियता और महत्व इस तथ्य से महसूस किया जा सकता है कि 160 से अधिक देशों के छात्र भारतीय विश्वविद्यालयों में नामांकित हैं। अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान से उपस्थिति में भारी वृद्धि हुई है। घरेलू मोर्चे पर, 2019-20 में एक वर्ष की अवधि में स्कूल नामांकन में चार मिलियन से अधिक छात्रों की छलांग देखी गई।

कुल नामांकन 26 मिलियन को पार कर गया। लगभग 20 मिलियन के सकल नामांकन के साथ 42,000 से अधिक कॉलेज, 1040 से अधिक विश्वविद्यालय हैं। उच्च शिक्षा प्रणाली की ताकत समावेशी विकास सुनिश्चित करके अपनी आंतरिक गतिशीलता बनाने में निहित है। मानवीय और वित्तीय संबंध और व्यवहार उतने सरल नहीं हैं जितने वे प्रतीत होते हैं और सक्षम अधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी की आवश्यकता होती है।



यूजीसी के नए प्रयास न केवल निष्पक्ष व्यवहार लाएंगे बल्कि यह सुनिश्चित करेंगे कि नीति अच्छा बदलाव लाए और परीक्षा प्रणाली में सुधार के तरीके तैयार करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल प्रतिभाशाली लोगों का चयन हो। आईआईटी और आईआईएम, नेशनल रिसर्च फाउंडेशन, नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन के समकक्ष बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालयों (एमईआरयू) के प्रावधान अकादमिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करके छात्रों को अपनी क्षमता तक पहुंचने के लिए एक वातावरण तैयार करेंगे। वैश्विक स्तर पर, एक ओर नई सूचनाओं को अपनाना और दूसरी ओर रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के नए क्षेत्र खोलना। नई शिक्षा के नए प्रावधानों के बारे में बहुचर्चित '5+3+3+4' औपचारिक अभिविन्यास और कक्षा 5 तक मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में सीखने से नए दृष्टिकोण खुलेंगे।

जहां तक तृतीयक स्तर पर शिक्षा का संबंध है, एनईपी का दृष्टिकोण मेंटर्स को नई तकनीकों में पूरी तरह से शामिल करके और सभी श्रेणियों के छात्रों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए चुनौतीपूर्ण रणनीति विकसित करके एक बहुत ही स्पष्ट रास्ता तय करता प्रतीत होता है। नए पाठ्यक्रम की शुरूआत से आतंकवाद की समस्या और उसके कारणों में एक विशद और गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान होगी।

यह आतंकवाद के लिए धन के आधार, हथियार डीलरों, नशीली दवाओं के तस्करों, तस्करों और आतंकवादियों के बीच गठजोड़ की जांच कर सकता है। संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच गठजोड़ के बारे में उचित जानकारी बहुत काम आ सकती है। एनईपी का विजन भारत को रक्षा शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बाध्य है और इसके कई खरीदार होंगे। हमारी शिक्षा प्रणाली उन मूल्यों और दृष्टिकोणों को अपनाने के लिए जानी जाती है जो छात्रों और शिक्षाविदों के रचनात्मक आग्रह को आकार दे सकते हैं। हालांकि, संक्रमणकालीन चरण से उत्पन्न चुनौतियां बढ़ रही हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का नया इनपुट निश्चित रूप से प्रत्येक विषय को सामग्री में समृद्ध और विचारों में विविधतापूर्ण बना देगा। यहां तक कि विज्ञान के छात्रों को भी बहु-विषयक प्रथाओं के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों की बारीकियों से बेहतर अवगत कराया जाएगा। सरकार के इस दृष्टिकोण के शुद्ध प्रतिभा के सरल प्रदर्शन की कोई प्रशंसा नहीं कर सकता है, जो हम सभी के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों का समग्र, क्रॉस-अनुशासनात्मक समाधान प्रदान करेगा।

## आप की बात

### निर्मल गंगा

**गंगा** को साफ स्वच्छ निर्मल और अविरल बनाने के लिये वर्षो से सरकार अरबों रुपये खर्च कर चुकी है। इस समय निर्मल गंगे परियोजना जारी है। लेकिन गंगा में टेनरियों और नालों से गिरने वाले प्रदूषित जलमल अब तक बंद नही हुआ। माघ मेले के दौरान टेनरियों को बंद कर देने का फरमान जारी कर दिया जाता है। उन्नाव जिले के तीनो औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण रोकने के ठोस इंतजाम नही है। दो औद्योगिक क्षेत्रों में सी ई टीपी लगे हैं। इस से मात्र 41 टेनारिया ही जुड़ी है। शेष इकाइयों से केमिकल युक्त गंदा पानी सीधे नालों से गंगा में जाता है। एन जी टी की सख्ती के बावजूद भी कुछ टेनरिया ही सीई टीपीसे जुड़ी है। शेष फैक्ट्रियों का पानी लोन नदी,सिटी ड्रेन में छोड़ा जाता है। जो सीधे गंगा नदी में मिलते हैं। ये घातक केमिकल युक्त जल भूगर्भ जल में मिल रहा है। जो जल को प्रदूषित कर रहा है और जमीन को बंजर बना रहा है। उप्र प्रदूषण नियंत्रण के अधिकारी केवल प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास करने की बात कह कर शांत हो जाते हैं। गंगा नदी को निर्मल, भूगर्भ जल को प्रदूषण मुक्त और बंजर होती जमीन को बचाने के लिये सभी जिलों में प्रदूषण को रोकने के इंतजाम किए बिना किसी भी औद्योगिक प्रतिष्ठान चलाने की इजाजत नही देनी चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

### ओबीई बनाम आफलाइन

**वैश्विक** महामारी की चुनौतियां पूरी तरह ख़त्म नहीं हुई, लेकिन तीव्रता में कमी जरूर आयी है। जिसके कारण, लगभग सभी संस्थाएं, विभाग अपने पूरी क्षमता से काम कर रहे। हालांकि, वैश्विक स्तर पर अगर देखे तो पता चलता है कि कई देशों में नए वैरीयंट की पुष्टि हुई है। ऐसे में, कई शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि सरकार और जनता दोनों को ही सतर्कता बरतनी चाहिए, जिससे कि इसका भयावह असर भारत पर न पड़े। गौरतलब है कि शिक्षा को भी ऑफलाइन माध्यम से शुरू कर दिया गया, जिसमें सबसे अधिक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड रहा। कोविड के कारण, कई विद्यार्थी कहीं न कहीं जीविकोपार्जन के लिए काम करने लग गए, कुछ ने अपने परिजनों को खोया, आर्थिक रूप से अपंग हो गए, ऐसे में ओबीई माध्यम से परीक्षा कराकर ही परेशानियों को कम किया जा सकता है। पाठ्यक्रम का अधिकतर हिस्सा भी ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया गया, फिर ऑफलाइन माध्यम से परीक्षा कराना नागवार गुजर रहा। आशंका ऐसी भी लगायी जा रहीं कि मई और जून में, चौथी लहर आ सकती है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय


### जीव मात्र की चिंता जरूरी

**तमाम** आधुनिकता और सुधारवादी प्रयासों के बाद भी समाज में कुप्रथा अनवरत जारी है। कुछ विशेष अवसरों पर इनका पालन लोग खास प्रयोजनों के लिए करते हैं। रूढ़िवादिता की ऐसी तस्वीरें जब भी सामने आती है हमें अपनी कथित सभ्यता पर तरस आता है। आज समय में बदलाव को देखते हुए इसे रोके जाने की महती जरूरत है। लोग अपनी मन्नतों, इच्छाओं आदि की पूर्ति के लिए कोई विशेष मान लेते हैं। ऐसा माना जाता है कि असीम श्रद्धा और अंतरंग गहराई से ली गई मन्नतें अवश्य पूरी होती है। मन्नतों की पूर्ति के बाद जिस तरह लोग उसका उतारा करते हैं वह गलत है। अपनी कथित इच्छाओं की पूर्ति के लिए बलि की प्रथा सर्वथा गलत है। निरीह और मुक जीवो को जिस तरह अपने स्वार्थ पूर्ति का जरिया बनाया जाता है वह किसी भी हालत में उचित नहीं कहा जा सकता। लोग अपनी आस्था जीवित रखे,मान मन्नते भी खूब लें लेकिन उनका स्वरूप सात्विक हो तो यह जीव मात्र के हित में होगा। ऐसी परंपराओं को सख्ती के साथ दबाए जाने की भी जरूरत है।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**मैं** पुतिन से बातचीत के लिए तैयार हूं। यदि ये प्रयास विफल होते है तो इसका अर्थ तीसरा विश्व युद्ध हो सकता है।

– **वोलोदीमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति

**रूस** की विशेष कार्रवाई का लक्ष्य यूक्रेन को निशस्त्र करना तथा खतरनाक राष्ट्रवादियों को समाप्त करना है।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूस के राष्ट्रपति





**वे** हमें हीन भावना का शिकार बनाना चाहते हैं। भगवा में गलत क्या है?

– **वेंकैया नायडू**
उप-राष्ट्रपति

ऐतिहासिक होगा योगी का शपथ ग्रहण समारोह

# कई मुख्यमंत्रियों सहित उद्योगपतियों को भी न्यौता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में 25 मार्च को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों की सूची सहित समारोह को भव्य बनाने के लिए योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

समारोह में भाजपा शासित राज्यों के 12 मुख्यमंत्री, पांच राज्यों के उप मुख्यमंत्रियों समेत यूपी के बड़े उद्योगपतियों व बाबा रामदेव को आमंत्रित किया गया है। शपथग्रहण के लिए लखनऊ के 130 चौराहों को सजाया जाएगा। एयरपोर्ट से इकाना स्टेडियम और इकाना स्टेडियम से भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक मार्ग सजाया जाएगा। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने तैयारियों की समीक्षा के लिए इकाना स्टेडियम का दौरा किया। विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत पाने के बाद लगातार दूसरी बार सत्ता में आने वाली बीजेपी 25 मार्च को लखनऊ में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को बेहद यादगार बनाने में जुटी है। योगी आदित्यनाथ सरकार के इस शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेन्द्र मोदी तथा अन्य वीआइपी के साथ ही भगवा गमछा धारण करने वाला 106 वर्ष का एक शख्स भी सभी का ध्यान अपनी ओर जरूर आकृष्ट करेगा।

इस शपथ ग्रहण समारोह में बीजेपी के सबसे वृद्ध तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता नारायण उर्फ भुलई भाई को भी शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। करीब 70 वर्ष से भाजपा से जुड़े नारायण 1974 में नौरंगिया कुशीनगर के खड्डा से जनसंघ के विधायक चुने गए थे। भुलई भाई भाजपा के सबसे वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। वह 70 वर्ष से पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं। स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ काम करने वाले भुलई भाई जनसंघ के दिनों से राजनीति में हैं। एमए तक की शिक्षा प्राप्त करने वाले भुलई भाई राज्य सरकार की सेवा में शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। इसके बाद पंडित दीन दयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों से प्रभावित होकर 1950 से उनके साथ चल पड़े और जनसंघ में शामिल हो गए। उत्तर प्रदेश में प्रचंड जीत के साथ सत्ता में वापसी के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के सबसे वरिष्ठ कार्यकर्ता भुलई भाई के नाम से लोकप्रिय 106 वर्षीय नारायण से फोन पर बात की और हालचाल जाना। फोन काल के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को जीत की बधाई दी और कहा कि वह तो उनको नरेन्द्र मोदी के बाद देश का प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते हैं। समारोह में पार्टी के लिए काम करने आये 2500 प्रवासी कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया है। उनके आने-जाने, आवास और भोजन की व्यवस्था पार्टी मुख्यालय की ओर से की जाएगी।

# माफियाओं को चिन्हित कर कार्रवाई करें: डीजीपी

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस महानिदेशक और एसीएस होम ने की अपराध व कानून-व्यवस्था की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**डीजीपी** मुकुल गोयल और अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपराध और कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि प्रदेश में माफियाओं का चिन्हांकन कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए।

पुलिस मुख्यालय से की गई डीजीपी और एसीएस होम की समीक्षा बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर और वाराणसी कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर के अलावा सभी जोनल एडीजी, रेंज के आईजी, डीआईजी शामिल हुए। डीजीपी ने निर्देश दिए कि आगामी त्यौहार, धार्मिक कार्यक्रमों आदि के दृष्टिगत शांति समिति, कार्यक्रम आयोजकों, सम्भ्रांत व्यक्तियों व धर्म गुरुओं आदि के साथ वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर गोष्ठी कर ली जाए। माफियाओं का चिन्हांकन करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आगामी यूपी बोर्ड आदि परीक्षाओं के दृष्टिगत सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाएं। आगामी एमएलसी चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग तथा मुख्यालय स्तर से निर्गत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए प्रभावी पुलिस प्रबन्ध किए जाएं। प्रमुख आपराधिक घटनाओं के अनावरण के लिए शेष गम्भीर अपराधों की समीक्षा कर, उनका शीघ्र अनावरण करते हुए अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाए। विगत विवादों की समीक्षा करते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से राजपत्रित अधिकारी स्तर पर तत्काल समाधान किया जाए। आगामी त्योहारों व धार्मिक कार्यक्रमों के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों पर सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध, मोबाइल पेट्रोलिंग व सीसीटीवी कैमरे के व्यवस्थापन की समीक्षा कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

डीजीपी ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफ र्म यथा ट्वीटर, व्हाट्सएप, फेसबुकख इंस्टाग्राम आदि पर सतर्क दृष्टि रखने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्टों एवं अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा अफ वाहों का खंडन किया जाए। यूपी-112 के वाहनों का व्यवस्थापन संवेदनशील मार्गों व स्थलों पर किया जाए।

# रालोद के प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में कई नेता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव के बाद राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी से डा मसूद अहमद के इस्तीफा दिये जाने के बाद रिक्त हुई कुर्सी को लेकर पार्टी के अंदर दौड़ शुरू हो गयी है। पार्टी के अंदर हर नेता अपने-अपने हिसाब से राष्ट्रीय अध्यक्ष के करीब होने का दावा कर रहा है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि दो से तीन दिन के अंदर पार्टी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल सकता है क्योंकि 26 मार्च को पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक बुलाई गयी है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी शामिल होंगे। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष के लिए जिन नामों पर पार्टी के अंदर चर्चा है उनमें वरिष्ठ नेता रामाशीष राय, राष्ट्रीय महासचिव बाबा हरदेव सिंह, राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे, टीम आरएलडी के संयोजक अनुपम मिश्रा सहित कई अन्य नेताओं के नाम शामिल है। फिलहाल, पार्टी नये प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रख कर करने वाली है। ऐसे में पश्चिमी यूपी की राजनीति में प्रभाव रखने वाले नेताओं को भी मौका मिल सकता है। बता दें कि इस बार विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में रालोद मैदान में उतरी थी। गठबंधन में पार्टी को 33 सीटें मिली थी। जिनमें आठ सीटें पार्टी के खाते में आई है।

## माध्यमिक शिक्षा विभाग में हड़ताल पर रोक

**लखनऊ।** 24 मार्च से प्रस्तावित यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को लेकर शासन स्तर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सभी विभागों में आगामी छह माह तक के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गयी है। इस बावत अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने आदेश जारी कर दिये हैं।

# कांग्रेसियों ने मांगा प्रियंका का इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और पिछले दिनों पार्टी से निष्कासित किए जा चुके जीशान हैदर ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा का भी इस्तीफा लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जितनी आपकी है उतनी हमारी भी है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की हार का ठीकरा सिर्फ और सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष के ऊपर फोड़ना बिल्कुल गलत है। जब प्रदेश की प्रभारी खुद प्रियंका गांधी हों तो प्रदेश अध्यक्ष अपनी मर्जी से एक चपरासी भी नहीं रख सकते थे और यह पूरे प्रदेश की कांग्रेस को पता है। आपसे निवेदन है कि जब भी विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी हारी है तो हमेशा प्रभारी ने और प्रदेश अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया है। चाहे 2012 का विधानसभा चुनाव हो जिसमें दिग्विजय सिंह और रीता बहुगुणा जोशी जी ने इस्तीफा दिया था जबकि मत प्रतिशत और सीटें बढ़ी भी थीं। उसके बाद चाहे 2017 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद राज बब्बर और गुलाम नबी आजाद ने इस्तीफा दिया था।

जीशान ने पत्र में लिखा है कि मेरा मानना है कि प्रियंका गांधी का भी इस्तीफा आपको साथ में मांगना चाहिए यह कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की तरफ से आपसे निवेदन है क्योंकि जब तक प्रियंका गांधी यहां के प्रभारी रहेंगे उनके वही नौकर और उनकी वही टीम काम करेगी जिनकी वजह से 387 विधानसभाओं में हमारी जमानत जब्त हुई है क्योंकि प्रियंका उनको हटाने को तैयार नहीं है।

# अखिलेश की सियासत झूठ पर आधारित

● गलत आंकड़े पेश करके प्रदेश की जनता को अपमानित कर रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** के वरिष्ठ मंत्री एवं सरकार के प्रवक्ता सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में पूरे प्रचार के दौरान जनता को झूठे आंकड़े देकर गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा नकारे जाने के बाद भी अखिलेश लगातार झूठ का सहारा ले रहे हैं।

सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि चुनाव में कड़ी पराजय के बाद भी अखिलेश लगातार झूठ बोल रहे हैं और गरीबी के गलत आंकड़े देकर एक बार फिर प्रदेश की जनता को नीचा दिखा कर अपमानित कर रहे हैं। अखिलेश ने नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक एमपीआई का हवाला देकर उत्तर प्रदेश को गरीबी की सूची में निम्न स्थान दिया है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी विडंबना है कि नीति आयोग के जिन आंकड़ों का वह उल्लेख कर रहे हैं वह 2015-16 के हैं जिस दौरान प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी। उन्होंने कहा सच तो यह है कि नीति आयोग के हाल ही के आंकड़े जो जल्दी ही जनता के सामने आने वाले हैं उसमें उत्तर प्रदेश की स्थिति बहुत बेहतर है। अखिलेश को सही जानकारी नहीं है। हालिया अध्ययन के अनुसार बहुआयामी सूचकांक के 12 मानदंडों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा सहित अनेक मानदंडों पर उत्तर प्रदेश में सुधार आया है और पिछले पांच सालों में गरीबी में 15 प्रतिशत की कमी आई है।

# भाजपा राज में लोकतंत्र खतरे में: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में लोकतंत्र खतरे में है। ये सत्ता का क्रूर चेहरा है। या तो पर्चा नहीं भरने दिया जाएगा या चुनाव को प्रभावित किया जाएगा। हार का डर ही जनमत को कुचलता है। इसी सन्दर्भ में अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ को ज्ञापन देकर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने मथुरा-एटा-मैनपुरी स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी एमएलसी उदयवीर सिंह व राकेश यादव को जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा बंधक बना लिये जाने, सपा कार्यकर्ताओं पर भाजपा के गुण्डों द्वारा पथराव किये जाने, सपा के दोनों प्रत्याशियों का नामांकन पत्र खारिज किये जाने की साजिश के विरुद्ध शिकायत की है एवं तत्काल सख्त कार्यवाही की मांग की है। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने मांग की है कि उपरोक्त शिकायत को संज्ञान में लेकर तत्काल सशस्त्र पुलिस की अभिरक्षा में दोनों प्रत्याशियों को नामांकन कक्ष तक पहुंचानेए उनका नामांकन कराने तथा उनकी कड़ी सुरक्षा की तत्काल व्यवस्था की जाये, जिससे दोनों प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सके और स्वतंत्र निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव सम्पन्न हो सके। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाये। प्रतिनिधिमण्डल में राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी, नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष, रामबृक्ष यादव, केके श्रीवास्तव, जगपाल दास एवं विकास यादव शामिल थे।

# अम्बेडकरवादी अखिलेश को माफ नहीं कर सकते: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी से बसपा की मिलीभगत से इनकार करते हुए दावा किया कि समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव बीजेपी से खुलकर मिले हुए हैं। उन्होंने कहा कि अम्बेडकरवादी लोग कभी भी सपा मुखिया अखिलेश यादव को माफ नहीं करेंगे।

मंगलवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमों मायावती ने कहा कि यूपी में अम्बेडकरवादी लोग कभी भी सपा मुखिया अखिलेश यादव को माफ नहीं करेंग, जिसने अपनी सरकार में इनके नाम से बनी योजनाओं व संस्थानों आदि के नाम अधिकांश बदल दिये है। जो अति निन्दनीय व शर्मनाक भी है। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी से बीएसपी नहीं बल्कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह खुलकर मिले है जिन्होंने बीजेपी के पिछले हुये शपथ में अखिलेश को बीजेपी से आर्शीवाद भी दिलाया है और अब अपने काम के लिए एक सदस्य को बीजेपी में भेज दिया है। यह जग.जाहिर है।

# कीमतें बढ़ा मोदी ने दिया जनता को रिटर्न गिफ्ट: प्रमोद तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केन्द्रीय** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि अभी हाल ही में सम्पन्न हुए विधान सभा के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की 4 राज्यों (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर) में सरकार की वापसी के बाद भाजपा ने पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि करके जनता को 'थैंक्यू रिटर्न गिफ्ट'दिया है।

तिवारी ने कहा कि हम दो-हमारे दो के रास्ते पर चलते हुए मोदी सरकार ने अडानी और अम्बानी की तिजोरी को भरने का खेल शुरू कर दिया है। आज मुम्बई में पेट्रोल रुपए 110.82 प्रति लीटर, डीजल 95.00 प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल रुपए 105.51 प्रति लीटर, डीजल रुपए 90.19 प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल रुपए 102.16 प्रति लीटर, डीजल रुपए 92.19 प्रति लीटर तथा दिल्ली में पेट्रोल 96.21 प्रति लीटर, डीजल 87.47 प्रतिलीटर हो गया है । यही नहीं रसोई गैस की कीमत भी 50 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ा दी गयी है । इस तरह मोदी सरकार ने चार राज्यों में विधान सभा के चुनाव में विजयी होने के बाद जनता की जेब पर डाका डालने का खेल शुरू कर दिया है और जनता को उनके रहमों करम पर छोड़ दिया है ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 150 डॉलर प्रति बैरल तक कच्चा तेल खरीद कर 50. 55 रुपए प्रति लीटर में पेट्रोल बेचा जा रहा था, तो फि र आज मोदी सरकार द्वारा जनता की जेब पर डाका क्यों डाला जा रहा है।

तिवारी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में छुट्टा जानवरों की विकराल समस्या से किसान जूझ रहा है, उसकी मेहनत की कमाई फ सल को छुट्टा जानवर चर रहे हैं और किसान रात-रात भर जाग कर अपनी फसल की रखवाली करने को मजबूर है।

# अवैध धर्मान्तरण मामले में अभियुक्तों की जमानत निरस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अवैध** धर्मांतरण प्रकरण में आतंकवाद निरोधक दस्ते द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन अभियुक्तों सहित चार अपराधियों की जमानत अर्जी कोर्ट ने निरस्त कर दी है।

एटीएस के अनुसार अभियुक्त अबू जैद उर्फ अल हिंदी, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इदरीश व सरफराज अली द्वारा न्यायालय के समक्ष जमानत प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किए गए थे। जिन पर मंगलवार को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय चतुर्थ द्वारा सुनवाई करते हुए एटीएस की अभियोजन एवं पैरवी शाखा की उत्कृष्ट पैरवी व विवेचना शाखा के पुष्ट साक्ष्य-संकलन के चलते चारों अभियुक्तों के जमानत प्रार्थना-पत्र निरस्त कर दिए। यूपी एटीएस ने वर्ष 2017 में अप्रैल माह में अन्य एजेंसियों और राज्य पुलिस की मदद से 4 आतंकी गिरफ्तार किए थे। जिस पर थाना एटीएस गोमती नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। यह गिरोह इंटरनेट पर एक एप के जरिए बातचीत करता था और आतंकी घटना की तैयारी कर रहा था। इनकी गिरफ्तारी से आतंकी घटना होने से रोकी जा सकी थी। इसी का गिरोह का एक अन्य सदस्य अबू जैद सऊदी अरब में रह रहा था और भारत स्थित सदस्यों को प्रेरित करने और राह दिखाने का काम कर रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों के मोबाइल से इसके पुख्ता प्रमाण भी मिले थे। इसलिए अबु ज़ैद के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया गया था। सऊदी से भारत आने पर यूपी एटीएस की टीम द्वारा मुंबई एअरपोर्ट से अभियुक्त अबू ज़ैद को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसी प्रकार यूपी एटीएस ने 20 जून 2021 को अवैध धर्मान्तरण के गिरोह को संचालित करने वाले कुछ लोगो को गिरफ्तार किया था। इस अभियोग की विवेचना के दौरान उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त भारत के विभिन्न राज्यों से अब तक कुल 17 गिरफ्तारियां की गयी हैं। जिनमें मौलाना उमर गौतम, मौलाना कलीम सिद्दीकी सहित महाराष्ट्र नेटवर्क के रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम उर्फ एडम पुत्र रामेश्वर कावड़े, भूप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा पुत्र देवी दास मानकर, कौशर आलम पुत्र शौकत अली खान, हाफि ज इदरीस, मो. सलीम, धीरज जगताप व सरफराज जाफ री आदि प्रमुख हैं।

# यूपी ने लिखी धार्मिक स्थलों को संवारने की नयी पटकथा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार अपने पहले कार्यकाल से ही आस्था के सम्मान के साथ ही धार्मिक पर्यटन को विस्तार दे रही है। इससे आस्था के केंद्र से जुड़े क्षेत्रों के विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। धार्मिक पर्यटन के विकास से न सिर्फ क्षेत्र के बल्कि आसपास के लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के आधारभूत ढांचे का भी तेजी से विकास हो रहा है। योगी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में इस योजना को विस्तार देगी। योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में ही धार्मिक क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता पर रखा। अयोध्या, काशी और मथुरा सहित अन्य धार्मिक स्थलों के विकास को तेजी बढ़ाया।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। साथ ही अयोध्या में आधारभूत ढांचे का विकास भी तेजी से हो रहा है। अयोध्या में 138 करोड़ की 17 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। 54 परियोजनाओं में 3126 करोड़ की लागत से काम युद्धस्तर पर चल रहा है। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले तीर्थ स्थलों का विकास किया जा रहा है। अयोध्या को वैदिक सिटी के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके लिए पंचकोसी, चौदहकोसी और चौरासीकोसी परिक्रमा के लिए मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। हवाई अड्डे का निर्माण, सड़कों का निर्माण व चौड़ीकरण और बाजारों को व्यवस्थित किया जा रहा है ताकि पर्यटन को सुगम बनाया जा सके। योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल के पांच वर्षों में ही प्रदेश में पर्यटन के विकास के जो कार्य किए हैं। वह आजादी के बाद से 2017 तक कोई सरकार नहीं कर पाई। वाराणसी धार्मिक आस्था का बहुत बड़ा केंद्र होते हुए भी अल्प सुविधाओं के कारण पर्यटन के लिहाज से उस मुकाम को हासिल नहीं कर पाया था जो उसे करना चाहिए था। मुख्यमंत्री योगी के सत्ता संभालने के पांच साल के भीतर ही 600 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से श्री काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण कराया गया। पर्यटकों को लुभाने के लिए क्रूज सेवा का संचालन शुरू हुआ। साथ ही 70 किलोमीटर लंबे पंचकोसी मार्ग को लेकर नई विकास परियोजना तैयार की गई। इससे अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर काशी की पहचान और पुख्ता हुई है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि लगातार जारी है। प्रदेश सरकार की शुरू से ही यह मंशा रही है कि ब्रज क्षेत्र की पवित्रता को बनाए रखते हुए इसे देश.दुनिया तक पहुंचाया जाए। योगी सरकार ब्रज क्षेत्र को विश्वस्तर का पर्यटन स्थल बनाने के लिए लगातार प्रयत्नशील है। इसके लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है। मथुरा में कृष्णोत्सव और बरसाना में रंगोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। साथ ही ब्रज क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े प्रमुख स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विकास किया जा रहा है। बरसाना में रोप वे निर्माण हो रहा है। योगी सरकार ने 2017 में ही वृन्दावन, नंदगांव, गोवर्धन, गोकुल, बलदेव और राधाकुंड तीर्थ क्षेत्र घोषित कर दिया था। वृन्दावन में यमुना के कालीदह घाट के निकट नदी के आगम स्थल क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा सिटी फॉरेस्ट विकसित किया जा रहा है जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र होगा।

वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र, गीता शोध संस्थान और ऑडीटोरियम, अन्नपूर्णा भवन का निर्माण, मथुरा में जुबली पार्क समेत बरसाना और नंदगांव में भी पर्यटकों की सुविधा के विकास कार्य किए जा रहे हैं। योगी सरकार ने न केवल धार्मिक स्थलों को बल्कि पूरे प्रदेश को पर्यटन के अन्तरराष्ट्रीय मानचित्र पर एक सशक्त पहचान दिलाई है। साथ ही धार्मिक स्थलों और आसपास के क्षेत्र के विकास को नई गति भी मिली है और रोजगार-व्यापार के नए अवसर सुलभ हो रहे हैं। योगी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में भी धार्मिक क्षेत्र के विकास को पर्यटन के जोड़कर आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है।

# होली मिलन समारोह देता है एकता का संदेश

## ● राजनगर कालोनी में मिलजुलकर मनाया गया होली मिलन समारोह



संवाददाता। सीतापुर

**होली मिलन** समारोह एक दूसरे के रिश्ते को मजबूत बनाता है, ऐसे आयोजनो से सामाजिक बुराईयां खत्म होती है और एक अच्छा लोगो में व्यवहार दूसरे के प्रति बनता है। यह बात होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए सुशील कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर लोगो को लड़ाई झगड़ा भुलाकर एक दूसरे के गले मिलकर बधाई देना चाहिए। राजनगर कालोनी की रहने वाली शिक्षिका डॉली सिंह ने महिलाओं को गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर पंकज गुप्ता, अमन श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, निशा, ऋचा श्रीवास्तव सहित तमाम लोगो ने होली मिलन समारोह में प्रतिभाग किया।

### इंडियन पासी समाज आज करेगा होली मिलन

**आज होने** वाले होली मिलन समारोह का आयोजन इंडियन पासी समाज 'आईपीएस' संगठन पुराने भाजपा कार्यालय के नीचे स्व. राजेन्द्र गुप्ता की प्रतिमा के पास करेगा। जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व विधायक बछरावां रामनरेश रावत, विशिष्ट अतिथि रामसहारे होगें। कार्यक्रम आयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष रामदयाल राजवंशी करेगें। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री रमेश भार्गव, पूर्व प्रधान दीपक राजवंशी, ग्राम प्रधान शशि देवी, शान्ती देवी, प्रेमशंकर वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विधायकगण भी मौजूद रहेगे जिनका सम्मान भी इंडियन पासी समाज के पदाधिकारी करेगें।

## राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने आयोजित किया होली मिलन




**सीतापुर** में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम बीएन गेस्ट हाउस निकट गुरुनानक कॉलोनी सीतापुर में आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में सभी सनातनी उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी प्रभात अग्निहोत्री ने भारत मां की जय के उद्घोष के साथ राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूत करने पर बल दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदरणीय सचिन चतुर्वेदी, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप शुक्ला एवं जिला अध्यक्ष मुख्य प्रकोष्ठ भगवान शरण तिवारी, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विकास शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष मातृशक्ति प्रकोष्ठ डॉ कनिका विश्वास एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेत्री आदरणीय पूनम मिश्रा ने अपने विचार रखे। इस मौके पर आकाश मिश्रा, नवनीत मिश्रा, अगम अवस्थी, मोहित हिंदू ,अतुल हिंदू, अवनीश बाजपेई, नवनीत मिश्रा, प्रेम शंकर गुप्ता, संदीप गुप्ता, संदीप शुक्ला, लक्ष्मी कांत मिश्रा आदि सैकड़ों सदस्यों ने एक दूसरे को गुजिया खिला कर होली की पावन पर्व की बधाई दी।

गैस, पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ने पर बोले सीतापुर के लोग...

# ऐसे ही बढ़ती रही महंगाई तो बढ़ेगी समस्याएं

## ● डीजल-पेट्रोल 80 पैसे व गैस पर बढ़े 50 रूपये की बढ़ोत्तरी



संवाददाता। सीतापुर

**137 दिन** बाद फिर से एक बार गैस, डीजल, पेट्रोल के दामों में हुई बढोत्तरी ने लोगो की जेबों पर असर डाला है। आपको बता दें कि पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के बाद फिर से पेट्रोल, डीजल, गैस पर बढ़ोत्तरी हुई है, इसका असर आमजन पर देखने को मिल रहा है, यहां पर चर्चाएं यह भी है कि रूस व यूक्रेन के बीच हो रहे युद्ध को लेकर महंगाई हुई है। मंगलवार को डीजल-पेट्रोल पर 80 पैसे की बढ़ोत्तरी हुई है, जो कि पेट्रोल 96.21 पैसे व डीजल 87.47 रूपये में बिक रहा है। वहीं एलपीजी गैस पर 50 रूपये की बढ़ोत्तरी हुई है अब गैस सिलेण्डर 985 रूपये का बिक रहा है। डीजल व पेट्रोल के बढ़े दामों को लेकर पायनियर ने जब सीतापुर के लोगो से बात की तो महंगाई को लेकर काफी चिंतित होना बताया। एलपीजी गैस सिलेंडर पर भी चुनाव के बाद पहली बार 50 रूपये की बढ़ोत्तरी हुई है, पहले यह सिलेण्डर 935 का था अब यह 985 का हो गया जिसका असर आम आदमी पर ही पड़ा है। गैस सिलेण्डर पर 50 रूपये की हुई बढ़ोत्तरी पर क्या बोले ग्राहक व गैस विक्रेता।

सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में

# नवें ओपेन बैडमिन्टन टूर्नामेन्ट का हुआ उद्घाटन



संवाददाता। सीतापुर

**ओलम्पिक एसोसिएशन** द्वारा सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय बैडमिन्टन टूर्नामेन्ट का आयोजन किया गया। 21 मार्च से 22 मार्च 2022 तक चलने वाले इस टूर्नामेन्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजीव सिंह (जिला क्रीड़ा अधिकारी) के द्वारा सीतापुर ओलम्पिक एसोसिएशन के चेयरमैन की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर तथा बुके देकर किया गया। दीप प्रज्जवलन के पश्चात् ईश्वर कृपा दर्शाता मनोहारी स्वागत गीत नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजीव सिंह (जिला क्रीड़ा अधिकारी) तथा सीतापुर ओलम्पिक एसोसिएशन के चेयरमैन श्री आशीष सिंघानिया के मध्य एक उद्घाटन मैच भी खेला गया जिसके एक-एक शॉट पर प्रतिभागियों द्वारा तालियाँ बजाई गयी। इस टूर्नामेन्ट में महिला एकल वर्ग में 42 प्रतिभागी तथा महिला युगल वर्ग में 12 टीम, पुरूष एकल वर्ग में 43 प्रतिभागी तथा पुरूष युगल वर्ग में 22 टीम, किड्स ब्वॉयज एकल वर्ग में 16 प्रतिभागी, ब्वायज एकल वर्ग में 68 प्रतिभागी तथा ब्वायज युगल वर्ग में 32 टीमें प्रतिभाग कर रहीं है।

## पुलिस ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान



संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**पुलिस ने** नगर के मुख्य चौराहों के फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक बेणीमाधव त्रिपाठी के नेतृत्व चौकी इंचार्ज बालेन्द्र मिश्रा एवं में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी संडीला उन्नाव रोड, लखनऊ हरदोई चौराहा तथा इमलियाबाग चौराहे पर सड़क पर अस्थाई रूप से दुकाने लगाकर अतिक्रमण करने वालों को तत्काल अपना अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जिससे बड़ी संख्या में सड़क पर खड़े ठेले खोमचे और अस्थाई दुकानों को लोगों ने स्वेच्छा से हटा लिया। बताते चलें कि सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में दुकानों के लगने से बराबर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके अलावा अतिक्रमण करने वालों से आम लोगों की कई बार तूतू मैंमैं भी होती रहती है। प्रभारी निरीक्षक ने यह चेतावनी भी दी कि यदि इस अतिक्रमण को पुन: किया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक की चपेट में आकर खोया व्यापारी की मौत

**संडीला(हरदोई)।** बाजार से खोया बेचकर साइकिल से घर वापस लौट रहे खोया व्यापारी को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम हरियाखेड़ा निवासी साठ वर्षीय गेन्दू पुत्र पंचम ग्राम मिसरा खेड़ा में लगने वाली बाजार में खोया लेकन बेचने गए थे। वहां से वापस लौटते समय ब्लाक भरावन के सामने तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी जिससे गेन्दू गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें उठाया और सीएचसी ले गए। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी।

# बद से बदतर हुई रामपुरमथुरा की गौशाला

## ● गौशाला में 100 जानवर बढ़ा कर दिखाने पर प्रतिदिन के हिसाब से रुपए 3000 का सरकार को चूना लगाया जा रहा है, जिलाधिकारी ने बताया कि प्रकरण की जांच कर कार्रवाई होगी

संवाददाता। रामपुरमथुरा सीतापुर

**रामपुर मथुरा** सीतापुर विकास क्षेत्र रामपुर मथुरा में गौशाला की हालत बद से बदतर होती जा रही है और गौशालाओं के नाम पर धन उगाही का काम किया जाता है जीता जागता उदाहरण रामपुर मथुरा के ग्राम पंचायत तिलपुरा का है जहां पर मीडिया कर्मियों ने गौशाला का निरीक्षण करने गए तो गेट पर बैठा अनिल नाम का व्यक्ति गौशाला के अंदर जाने नहीं दिया कहा कि डॉक्टर विकास ने रोका है कि कोई गौशाला के अंदर प्रवेश न करने पाए जब पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास से बात की गई तो बताया की पत्रकार लोग गौशाला का निरीक्षण करने तो आ जाते हैं गौशाला के अंदर भूसा चारा ही देखने आते है तो वहां पर क्या देखेंगे भूसा चारा मिल नहीं रहा है आप लोग कोई व्यवस्था नहीं करते हैं और गौशाला देखने पहुंच जाते हैं किसी तरह से हम और प्रधान भूसा चारा की व्यवस्था करते हैं जिसका पैसा भी सरकार नहीं देती है जब पूछा गया की कुल कितने जानवर गौशाला में हैं तो डॉक्टर विकास ने बताया कुल 310 जानवर हैं जबकि गेट पर बैठा अनिल नाम का व्यक्ति जो आपने को गौशाला का कर्मचारी बताता है वह बता रहा है की 268 जानवर है जबकि मीडिया द्वारा गिनती की गई तो मात्र 210 जानवर ही गौशाला में देखने को मिले इस तरह से डॉक्टर विकास 310 जानवर बताते है। ग्राम विकास अधिकारी दिलीप सिंह 310 जानवर बता रहे हैं गेट पर बैठा कर्मचारी अनिल जो 24 घंटे सेवा करता है वह 268 जानवर बता रहा है जबकि मीडिया कर्मी द्वारा काउंटिंग की गई तो 210 जानवर ही पाए गए जबकि 100 जानवर का अंतराल है जबकि तीन जानवर बीमार पड़े थे अनिल गौशाला के कर्मचारी से पूछा गया कि डॉक्टर गौशाला को कब से नहीं आए हैं तो बताया 8 दिन से गौशाला नहीं आये हैं चपरासी आता है आखिर में इस तरह से गौशाला में 100 जानवर बढ़ा कर दिखाने पर प्रतिदिन के हिसाब से 3000 को सरकार का चूना लगाया जा रहा है आखिर गौशाला के नाम पर यह बंदरबांट कब तक चलता रहेगा जब इस संबंध में उपजिलाधिकारी महमूदाबाद के सीयूजी नंबर पर बात करना चाहा तो बेल जाती रही फोन रिसीव नहीं हुआ । इसी संबंध में जिलाधिकारी सीतापुर के सीयूजी नंबर पर उपरोक्त प्रकरण की जानकारी दी गई तो बताया जांच कर कार्यवाही की जाएगी ।

# प्रधानाध्यापिका ने की खंभों पर तार खिंचवाने की मांग

## ● बिजली महकमे के ईई को दिया पत्र

## ● जानकारी के बाद भी अंजान बने हैं अफसर



संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय भौनापुर की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शिवानी राणा ने प्रार्थना पत्र मे विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता मोहम्मदी को दिया था जिसमें कहा गया कि हमारे विद्यालय तक बिजली पोल सात वर्षों से गड़े हुए हैं। जिस पर कुछ दिनों तक बिजली तार खम्भो पर खिंचे रहे। उसके बाद में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा खम्भों से खिंचे हुए तार उतरवा लिए गए थे जिसके सुधार के लिए उसने कई बार बरवर जेई को लिखित रूप से अवगत कराया था। उसके बाद भी आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने कोई संज्ञान नही लिया। वहीं ग्राम साहूपुर गांव के उत्तर की ओर खम्भों पर से खिंची एलटी लाईन उतरवा ली गई थी जिसकी भी जेई बरवर को जानकारी देकर अवगत कराया गया था। साथ ही इसी गांव में नलकूप पर भी लिखित रूप में बिजली विभाग द्वारा ट्रांफार्मर चल रहा है। विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जानकारी होने के बाद भी अनजान बने हुए हैं। जब इस सम्बंध में एसडीओ बरवर से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि वहां तो टीएफ रखा है और नलकूप चल रहा है।

# अलग-अलग मामलों में पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार






**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार को थाना धौरहरा पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 564/2021 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सुनील पुत्र नत्थू वर्मा निवासी सिंगहा खुर्द, थाना सिंगाही, जनपद खीरी को रमियाबेहड़ नैनापुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक वेदपाल सिंह थाना धौरहरा व कांस्टेबल लवी सिंधू थाना धौरहरा शामिल रहे। इसी तरह थाना भीरा पुलिस द्वारा एक मुकदमें में वांछित तीन नफर अभियुक्तगण अच्छन अली पुत्र हसनू, फतेह मोहम्मद पुत्र नवाब खां व अमानत अली पुत्र अली हसन निवासीगण ग्राम बल्लीपुर टांडा थाना निघासन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अच्छन अली पुत्र हसनू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस भी बरामद किया गया। इसके संबंध में थाना भीरा पर अच्छन अली के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल पटेल, कांस्टेबल आकाश कुमार व कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

# गुरुद्वारे में नए दरबार हाल का निर्माण शुरू



## लोगों ने छका लंगर

**पलियाकलां-खीरी।** गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा में नए दरबार हाल का निर्माण संत बाबा गुरनाम सिंह ने पहली ईंट रखकर किया। जिसका नींव पूजन महंगापुर गुरूद्वारा के संत बाबा गुरनाम सिंह ने पहली ईंट रखकर किया। इस दौरान भारी संख्या में सिख संगत पहुंची और लंगर का प्रसाद छका। पलिया शहर में स्थित गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा में नए दरबार हाल के नींव पूजन की तैयारियां हो रही थीं। जिसके बाद नींव पूजन हुआ और हाल के निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। महंगापुर के संत बाबा गुरनाम सिंह ने सबसे पहली ईंट रखकर गुरूद्वारे के नए दरबार हाल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। काफी संख्या में संगत गुरूद्वारा पहुंची और चले अटूट लंगर में प्रसाद छका।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली लगातार...

से यह भी पता चला है कि 48 फीसदी शहरों में पीएम-2.5 कणों का स्तर 50 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक था, जो डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित मानक से दस गुना है। ग्रीनपीस इंडिया के कैंपेन मैनेजर अविनाश चंचल ने आईक्यूएयर के हालिया आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट सरकारों और निगमों के लिए आंखें खोलने वाली है। उन्होंने कहा कि इससे एक बार फिर साबित होता है कि लोग खतरनाक रूप से प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं। वाहनों से होने वाला उत्सर्जन शहरों की आबोहवा में पीएम-2.5 कणों की भारी मौजूदगी के प्रमुख कारकों में से एक है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2021 में वैश्विक स्तर पर कोई भी देश डब्ल्यूएचओ के मानक पर खतरा नहीं उतरा और दुनिया के केवल तीन देशों ने इसे पूरा किया।

## बीरभूम में...

बीच जुबानी जंग भी शुरू हो गई है। विपक्षी दल भाजपा और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने राज्य सरकार पर इस मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

## धामी सरकार...

कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है। चौहान ने कहा कि प्रदेश में मिथक को तोड़ते हुए जनता ने भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश दिया है, इसलिए नई सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी ऐतिहासिक, भव्य और दिव्य होगा जिसके लिए जोरों पर तैयारियां की जा रही हैं। हाल ही में घोषित विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा ने 70 में से 47 सीट पर जीत हासिल किया और दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ लगातार दूसरी बार सत्ता में आई। हालांकि उत्तराखंड फिर मांगे, मोदी-धामी की सरकार के नारे के साथ विधानसभा चुनाव लड़ने वाली भाजपा की अगुवाई करने वाले धामी स्वयं अपनी परंपरागत खटीमा सीट से हार गए।

## सावंत 28...

जाने के बाद यह घोषणा की थी। भाजपा ने 40 सदस्ईय गुजरात विधानसभा के लिए हाल ही में संपन्न चुनावों में 20 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जो बहुमत के आंकड़े से महज एक सीट कम है। भगवा दल ने महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी (एमजीपी) के दो विधायकों और तीन निर्दलीय सदस्यों के समर्थन से तटीय राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का दावा पेश किया है। 48 वर्षीय सावंत उत्तरी गोवा के सांखालिम से विधायक हैं। 2017 में जब भाजपा ने दिवंगत मनोहर पर्रिकर के नेतृत्व में गोवा में सरकार बनाई थी, तब उन्हें विधानसभा अध्यक्ष चुना गया था।

## दो साल...

ईंधन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि इस तरह का ईंधन जल्द ही वास्तविकता बनेगा और प्रदूषण पर नियंत्रण होगा। केंद्रीय मंत्री ने सांसदों से कहा कि वे अपने संसदीय क्षेत्रों में सीवेज के पानी का उपयोग करके ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए पहल करें। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन जल्द ही सबसे सस्ता वैकल्पिक ईंधन होगा। गडकरी ने कहा कि अधिक से अधिक दो साल के भीतर इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत में कमी आएगी तथा अगले दो साल में इनकी कीमत पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों के बराबर होगी।

## दिल्ली मं...

सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि हम प्रदूषण को कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं और विभाग दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए 62 हजार करोड़ रूपए खर्च कर रहा है जिसमें शहर के बाहर रिंग रोड एवं अन्य सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। सड़क सम्पर्क में बेहतरी को रेखांकित करते हुए गडकरी ने कहा कि अब दिल्ली से मेरठ जाने में सिर्फ 40 मिनट लगते हैं जबकि पहले चार घंटे लगते थे। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद निर्माण की लागत को कम करना है और गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि अब प्रतिदिन 38 किलोमीटर की दर से सड़कों का निर्माण किया जा रहा है जो एक रिकार्ड है। उन्होंने यह भी साफ किया कि इस मामले में सड़क की लंबाई उसी तरह मापी जाती है जिस तरह संप्रग सरकार के समय किया जाता था। गडकरी ने कहा कि आज देश की सबसे बड़ी समस्या लॉजिस्टिक लागत है, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल के दाम फिर बढ़ गए हैं और इसके कारण चीजों की कीमत भी बढ़ रही हैं। मंत्री ने कहा कि लॉजिस्टिक की लागत चीन में 8 से 10 प्रतिशत है जबकि अमेरिका एवं यूरोपीय देशों में यह 12 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कम दूरी के मार्ग बनने से कोई ट्रक अगर दिल्ली से मुंबई 50 घंटे की जगह 22 घंटे में पहुंचेगा, तो इससे समय बचेगा और डीजल बचेगा।

## दिल्ली में...

लोगों के लिए प्रभावी सेवाओं को लेकर ठोस आपूर्ति ढांचा सुनिश्चित किया जा सके। इस संशोधन के माध्यम से वर्तमान तीन नगर निगमों को एक एकीकृत नगर निगम में समाहित किया जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 2011 में पूर्ववर्ती दिल्ली नगर निगम को तीन भागों ...दक्षिण दिल्ली नगर निगम, उत्तरी दिल्ली नगर निगम और पूर्वी दिल्ली नगर निगम में विभाजित किया गया था। सूत्रों के अनुसार, निगम को तीन भागों में बांटना क्षेत्रीय विभाजन और प्रत्एक निगम के राजस्व अर्जित करने की क्षमता के लिहाज से भी असंगत रहा और इसके परिणामस्वरूप तीनों निगमों को उपलब्ध संसाधनों का अंतर काफी अधिक था। उन्होंने बताया कि समय के साथ तीनों नगर निगमों की वित्तीय समस्याएं बढ़ने लगीं और इसके कारण उन्हें कर्मचारियों के वेतन के भुगतान एवं सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करने में कठिनाई पेश आ रही थी तथा दिल्ली में निकाय सेवाओं को बनाए रखने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इससे पहले, राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम के चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा को टाल दिया था। इसकी घोषणा 9 मार्च को होनी थी।

## योगी ने...

यादव ने उत्तर प्रदेश में करहल विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते रहने का निर्णय किया है जहां से वह हाल में संपन्न उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विजई हुए हैं। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके कक्ष में मुलाकात कर निचले सदन की सदस्यता से इस्तीफे का पत्र सौंपा। वह आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र से सपा के लोकसभा सदस्य हैं। सूत्रों ने बताया कि रामपुर संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खान ने भी लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और इस बारे में उनका संदेश लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय को प्राप्त हो गया है। आजम खान ने हाल में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में रामपुर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की थी। लोकसभा की सदस्यता से खान के इस्तीफा देने से स्पष्ट है कि वह अब विधानसभा में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## सोनिया ने...

समेत विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर फैसला करने का अधिकार हो सकता है। जी 23 समूह कथित तौर पर यह भी चाहता है कि राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले कुछ नेताओं की उनके पदों से छुट्टी की जाए और इनमें सबसे प्रमुख नाम संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला और महासचिव अजय माकन के हैं। सूत्रों का कहना है कि असंतुष्ट धड़े को मनाने के लिए इन नेताओं में से एक या दो को उनकी मौजूदा जिम्मेदारी से हटाया जा सकता है। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा, लोकसभा सदस्य मनीष तिवारी और राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस बीच, यह जानकारी भी सामने आई है कि आजाद ने भी समूह के कुछ अन्य नेताओं से मुलाकात की है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेतृत्व जी 23 का पक्ष सुनकर मतभेदों को दूर कर तथा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए समाधान निकालना चाहता है।

## भगवंत मान...

को दिया है ताकि उसे विधानसभा में पारित कराया जा सके और उसे लागू किया जा सके। मान ने कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव से भर्ती के लिए संविदा और आउटसोर्सिंग की व्यवस्था को समाप्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और फैसले लिए जाएंगे। गौरतलब है कि मान ने कुछ दिन पहले सरकारी विभागों में 25,000 रिक्त पदों को भरने की भी घोषणा की थी। मान ने उस वक्त कहा था कि पंजाब पुलिस विभाग में 10,000 नौकरियां दी जाएंगी और बाकी भर्तियां अन्य विभागों में की जाएंगी।

## पानी की...

महिलाओं को पानी लाने के लिए कई किमी दूर पैदल जाना पड़ता था। उसने कहा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पिछले 2.5 वर्षों में 6 करोड़ परिवारों तक नल जल कनेक्शन प्रदान किया गया है।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता सहित सभी वादे पूरे करेगी भाजपा सरकारः धामी

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड** में बुधवार को लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वह एक पारदर्शी शासन देंगे। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता सहित भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव से पहले किए गए सभी संकल्प पूरे करेंगे।

देहरादून में सोमवार शाम को हुई बैठक में धामी को पार्टी विधायक दल का सर्वसम्मति से नेता चुना गया था। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले जनता से किए गए सभी संकल्पों को उनकी सरकार पूरा करेगी, जिनमें समान नागरिक संहिता का एक प्रमुख संकल्प भी शामिल है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन धामी ने समान नागरिक संहिता के लिए एक उच्चाधिकार समिति बनाने का वादा किया था। धामी ने कहा था कि दोबारा सत्ता में आने पर शपथ ग्रहण के तुरंत बाद न्यायविदों, कानून विशेषज्ञों और समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों सहित अन्य हितधारकों की एक समिति का गठन किया जाएगा, जो प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करेगी। धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन में आस्था व्यक्त कर भाजपा को पुनः जिताने के लिए जनता का आभार प्रकट किया। राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में दोबारा जनता की सेवा का मौका देने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय



अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य केंद्रीय नेताओं को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि मुझ जैसे एक साधारण कार्यकर्ता और एक सैनिक के पुत्र में फिर से भरोसा जताया है। एक सवाल के जवाब में धामी ने कहा कि उनकी सरकार जनाकांक्षाओं के अनुरूप काम करेगी और पारदर्शी शासन देगी। आने वाले दशक को उत्तराखंड का दशक बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री द्वारा हमारे सामने रखी गई कल्पना को साकार करने के लिए उनकी सरकार हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में उत्तराखंड 25 साल का होगा और अपने अस्तित्व की रजत जयंती मनाएगा। धामी ने कहा कि उत्तराखंडवासियों के सहयोग से वह प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की कोशिश प्रदेश के अंतिम छोर तक रहने वाले व्यक्ति तक शासन और सुविधाएं पहुंचाने की रहेगी।



इंदौर में मंगलवार को हर्षोल्लास से रंग पंचमी का त्यौहार मनाने उमड़ी लोगों की भीड़



गोवा में ब्रह्मपुत्र नदी में विश्व जल दिवस के दौरान मछुआरे जाल का प्रयोग कर मछलियां पकड़ते हुए

## हर भारतीय कानूनी रूप से जनगणना संबंधी सवालों के जवाब देने को बाध्यः सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि प्रत्एक भारतीय जनगणना संबंधी प्रश्नों के जवाब देने के लिए कानूनी तौर पर बाध्य है और जनगणना तथा राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) की कवायद को सुगम तरीके से पूरा करने के लिए राज्यों के सहयोग से सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में कहा कि राज्य सरकारें जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत जनगणना की कवायद को करने, उसमें सहायता करने या नजर रखने के लिए जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति करती है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, प्रत्एक व्यक्ति जनगणना के प्रश्नों का अपनी जानकारी या समझ के हिसाब से उत्तर देने के लिए बाध्य है।

# केवल अनुबंध का उल्लंघन आपराधिक दोष नहीं: न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केवल अनुबंध का उल्लंघन अपने आप में एक दंडनीय अपराध नहीं है और हर्जाने के लिए दीवानी दायित्व की स्थितियां बनाता है।न्यायमूर्ति एस ए नज़ीर और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने कहा कि केवल अनुबंध के उल्लंघन और धोखाधड़ी, जो एक दंडनीय अपराध है, के बीच का अंतर स्पष्ट है।न्यायालय ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि केवल अनुबंध का उल्लंघन अपने आप में एक दंडनीय अपराध नहीं है और हर्जाने के दीवानी दायित्व की स्थितियां बनाता है....। पीठ ने कहा, हालांकि अनुबंध का उल्लंघन धोखाधड़ी के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए अनुकूल स्थिति नहीं बना सकता है, धोखाधड़ी या बेईमानी का इरादा धोखाधड़ी के अपराध का आधार है। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली कंपनी के प्रबंध निदेशक और निदेशकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए ए टिप्पणियां कीं। उच्च न्यायालय ने धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के मामले में उनके खिलाफ कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था। जनवरी 2008 में प्रतिवादी संख्या- 2, एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड, दिल्ली के एक अधिकृत प्रतिनिधि ने अपीलकर्ताओं के साथ अपनी ओर से निवेश करना चाहा। पक्षों के बीच पारस्परिक रूप से यह तय किया गया था कि प्रतिवादी संख्या- 2 कंपनी के साथ 2.5 करोड़ रुपए की राशि का निवेश करेगा। जिसके बदले उन्हें प्रिकनिट अपैरल प्राइवेट लिमिटेड के 2,50,000 इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इसके बाद, प्रतिवादी संख्या-2 ने 2.5 करोड़ रुपए के चेक के साथ अपना शेयर आवेदन पत्र दाखिल किया। बाद में, प्रतिवादी संख्या-2 के पक्ष में एक आवंटन पत्र जारी किया गया जिसमें उसके द्वारा किए गए निवेश के बदले 2,50,000 शेयर जारी किए गए। समझौता ज्ञापन के अनुसार आईपीओ लाने में विफल रहने पर, प्रतिवादी संख्या-2 ने अपीलकर्ताओं को एक कानूनी नोटिस जारी किया, जिन्होंने कानूनी नोटिस में निहित सभी आरोपों को खारिज करते हुए कानूनी नोटिस का विधिवत जवाब दिया। बाद में, अपीलकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में प्रतिवादी संख्या-2 की शिकायत अपीलकर्ताओं के बेईमान या कपटपूर्ण इरादों का खुलासा नहीं करती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में, यह इंगित करने के लिए कोई सामग्री नहीं है कि अपीलकर्ताओं का प्रतिवादी के खिलाफ कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा था जो स्पष्ट रूप से पक्षों के बीच हुए समझौता ज्ञापन से कटौती योग्य है।

## संसदीय समिति को तीन महीने का विस्तार दिया गया

**नई दिल्ली।** महिलाओं की विवाह की आयुसीमा पर विचार करने के लिए गठित संसदीय समिति को तीन महीने का विस्तार दिया गया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 के प्रावधानों पर विचार कर रही संसद की स्थाई समिति को आगामी बृहस्पतिवार को रिपोर्ट प्रस्तु करना था, लेकिन अब वह 24 जून को अपनी रिपोर्ट साझा करेगी। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किया गया था और इसे शिक्षा, महिला, बच्चों, युवा और खेल संबंधी संसद की स्थाई समिति को भेज दिया गया था। लड़कियों के विवाह की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने का प्रस्ताव है। जून 2020 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा गठित जया जेटली समिति की सिफारिशों पर केंद्र द्वारा महिलाओं के लिए विवाह की कानूनी उम्र बढ़ाई जा रही है।

# वसूली के मामले में वांछित आईपीएस अधिकारी निलंबित

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** सरकार ने मंगलवार को वसूली मामले में वांछित आरोपी पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सौरभ त्रिपाठी को निलंबित कर दिया। आईपीएस अधिकारी त्रिपाठी के खिलाफ अंगड़ियों की ओर से इस मामले में मुंबई पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी।

अंगड़िया पारंपरिक कूरियर हैं, जो कमीशन के बदले में कारोबारियों को पैसे एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने की सेवा देते हैं। सरकार के आदेश के मुताबिक, त्रिपाठी अधिकारियों को सूचना दिए बिना ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। यह भी पाया गया कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया कि उनके मातहत अधिकारी किसी अनुचित और भ्रष्ट आचारण में संलिप्त ना हों। इसमें यह भी कहा गया है कि त्रिपाठी ने ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना नहीं दी और न ही छुट्टी के लिए कोई चिकित्सा दस्तावेज जमा कराया है। आदेश में कहा गया है कि यह भी पाया गया कि त्रिपाठी एलटी मार्ग पुलिस थाने में दर्ज की गई प्राथमिकी के एक गवाह पर दबाव बना रहे थे। सरकार ने कहा है कि इस आदेश के प्रभाव में रहने तक त्रिपाठी बिना आयुक्त की अनुमति के पुलिस आयुक्त मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। आदेश के मुताबिक, इसके अलावा निलंबन के दौरान त्रिपाठी न ही कोई निजी नौकरी करेंगे और ना ही वह इस दौरान कोई कारोबार या व्यापार करेंगे। आदेश के मुताबिक, शर्तों का किसी भी तरह से उल्लंघन करने को कदाचार समझा जाएगा और इसके लिए वह अनुशासनात्मक कार्वाई के लिए जिम्मेदार होंगे। पिछले हफ्ते त्रिपाठी ने इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए सत्र अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जांच में उनका नाम सामने आने पर पुलिस ने हाल ही में त्रिपाठी को वांछित आरोपी घोषित किया था।

## माल्या, नीरव और चौकसी की संपत्ति जब्त की गई

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि बैंकों का ऋण चुकाए बिना विदेश भाग जाने वाले कारोबारियों विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी की 19,111.20 करोड़ रुपए की संपत्ति अब तक जब्त की गई है। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि तीनों कारोबारियों ने अपनी कंपनियों के माध्यम से सरकारी बैंकों से बेईमानी से निधियां निकालकर धोखाधड़ी की है, जिसके परिणाम स्वरूप सरकारी क्षेत्र के बैंकों को कुल 22585.83 करोड़ रुपए की हानि हुई है। उन्होंने कहा, 15 मार्च 2022 के अनुसार इनमें से 19111.20 मूल्य की आस्तियां धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त की गई हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से 15,113.91 करोड़ रुपए की आस्तियां सरकारी क्षेत्र के बैंकों को वापस कर दी गई है।



नई दिल्ली में पद्म अवार्ड से सम्मानित होने वाले लोग परिवार सहित नेशनल वॉर मेमोरियल देखने पहुंचे

## देश में 2014 से मेडिकल सीटों की संख्या 75% बढ़कर 89,875 हुई

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया कि देश में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं और यूजी (स्नातक स्तर) मेडिकल सीटों की संख्या 75% बढ़कर 89,875 हो गई है जो 2014 से पहले 51,348 थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनुसख मांडविया ने राज्यसभा को यह जानकारी दी। मेडिकल यूजी सीटों की संख्या 2014 से पहले 51,348 थी जो बढ़कर अब 89,875 हो गई है। उन्होंने कहा कि इन सीटों में 75% की वृद्धि हुई है। मेडिकल की पीजी सीटों की संख्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इनकी संख्या 2014 से पहले 31,185 थी जो अब 93% बढ़कर 60202 हो गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए विदेश जाते हैं और जब छात्र विदेशी चिकित्सा योग्यता प्राप्त कर लेते हैं, तो उन्हें भारत में चिकित्सा व्यवसाई के रूप में पंजीकृत होने के लिए विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है।

# पर्यावरण, स्वास्थ्य और कृषि पर जानकारी देंगी कठपुतलियां

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार तथा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड एडवांस स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय कार्यशाला डाइट बलरामपुर में प्रारंभ हो गई। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. वी पी सिंह ने बताया कि लोक माध्यमों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार तथा गांव आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत 22 से 26 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला में 30 शिक्षक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसमें कठपुतली माध्यम से पर्यावरण, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी जानकारी बड़ी ही रोचक और सरल माध्यम से दी जाएगी। पहले प्रतिभागी कार्यशाला में कठपुतली निर्माण और उसका संचालन तथा स्क्रिप्ट राइटिंग और पुतुल नाटक लेखन सीखेंगे। बाद में यही प्रतिभागी जनपद के विभिन्न गांवों में जाकर पर्यावरण, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यशाला में इन क्षेत्रों के विशेषज्ञ आकर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला के पहले दिन पुतुल कला विशेषज्ञ राजेंद्र त्रिवेदी एवं इश्तियाक अली ने पुतुल नाटक का मंचन कर प्रतिभागियों को दिखाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की पुतुल यानी कठपुतली कला भारत में बहुत ही पुरानी है। पहले लकड़ी से पुतलियां बनाई जाती थी। इसीलिए इनका नाम कठपुतली पड़ा लेकिन अब कई प्रकार से पुतुल का निर्माण किया जाता है। कार्यशाला के पहले दिन सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी विषयों पर स्क्रिप्ट लिखने के गुर प्रो. एपी सिंह तथा प्रकृति एवं पर्यावरण पत्रिका के संपादक अजय मिश्र ने सिखाए। जिसे बाद में पुतुल विज्ञान नाटक के रूप में परिवर्तित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष त्रिपाठी ने किया।

## नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की स्थिति, द्विपक्षीय मुद्दों पर जॉनसन से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से बात की और दोनों नेताओं ने युद्ध प्रभावित यूक्रेन की स्थिति और द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार जॉनसन के साथ यूक्रेन मुद्दे को लेकर टेलीफोन पर हुई बातचीत में, प्रधानमंत्री मोदी ने युद्ध को समाप्त करने और बातचीत, कूटनीति के रास्ते पर लौटने की अपील दोहराई। पीएमओ के अनुसार उन्होंने समकालीन विश्व व्यवस्था के आधार के रूप में अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी देशों की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के संबंध में भारत की धारणा पर जोर दिया। पीएमओ ने कहा कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय हितों के मुद्दों पर भी चर्चा की और व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, रक्षा और सुरक्षा, तथा लोगों से लोगों के स्तर पर संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

# दानिश सिद्दीकी की हत्या के जांच के लिए परिजनों ने तालिबान के विरुद्ध आईसीसी में शिकायत दर्ज कराई

**भाषा।** नई दिल्ली

**पुलित्जर** पुरस्कार प्राप्त फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की हत्या के जांच के लिए उनके परिवार वालों ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत (आईसीसी) में शिकायत दर्ज कराई है। सिद्दीकी के परिवार के वकील अवि सिंह ने मंगलवार को कहा कि पत्रकार की हत्या के लिए जिम्मेदार तालिबान के उच्च स्तरीय कमांडरों पर कानूनी कार्वाई के मकसद से शिकायत दर्ज कराई गई है। पिछले साल 16 जुलाई को सिद्दीकी (38) अफगानिस्तान के कंधार शहर के स्पिन बोल्दक जिले में अफगान सैनिकों और तालिबान के बीच जंग को कवर रहे थे जब उनकी हत्या कर दी गई। सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिनके विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई है उनमें तालिबान के सर्वोच्च कमांडर मुल्ला हिबतुल्ला अखुंदजादा, तालिबान नेतृत्व परिषद के प्रमुख मुल्ला हसन अखुंद, तालिबान के रक्षा मंत्री मौलवी मुहम्मद याकूब मुजाहिद, कंधार प्रांत के गवर्नर गुल आगा शेरजई, तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद और कतर में तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख मुल्ला अब्दुल गनी बारादर शामिल हैं। स्थानीय कमांडरों और हत्या को अंजाम देने के वालों के विरुद्ध भी शिकायत दर्ज कराई गई है। सिंह ने कहा कि वे इस मामले में भारत सरकार से भी मदद की गुहार लगाएंगे। उन्होंने कहा, हमने पुलित्जर पुरस्कार प्राप्त फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की पिछले साल16 जुलाई को हुई हत्या और मानवीयता के विरुद्ध युद्ध तथा युद्ध अपराध के सिलसिले में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत (आईसीसी) में एक शिकायत दर्ज कराई है। वकील ने कहा कि सिद्दीकी के माता पिता- अख्तर सिद्दीकी और शाहिदा अख्तर की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। सिंह ने कहा कि पत्रकार पर तालिबान की रेड यूनिट ने हमला किया था। उन्होंने कहा कि उनके शव को क्षत-विक्षत किया गया और सार्वजनिक तौर पर उस पर एक भारी वाहन चलाया गया। वकील ने कहा कि शव पर बर्बरतापूर्ण प्रताड़ना के निशान थे और उन्हें 12 गोलियां मारी गई थीं। उन्होंने कहा, तालिबान ने सिद्दीकी को लक्षित कर उन्हें इसलिए मारा क्योंकि वह एक पत्रकार और एक भारतीय थे। यह एक अंतरराष्ट्रीय अपराध है। अफगानिस्तान में कानून के शासन के अभाव के चलते आईसीसी को यह अधिकार है कि सिद्दीकी की हत्या की जांच करे और ऐसा करने वालों पर मुकदमा चलाए। तालिबान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शासन की वैधता चाहता है तो उसे अतीत में किए गए अपने कृत्य के लिए जवाबदेह होना पड़ेगा। सिंह ने कहा कि 16 जुलाई को सिद्दीकी, रायटर्स की ओर से एसाइनमेंट पर थे और एक हमले में घायल होने के बाद उनके साथ क्या हुआ इसके पर्याप्त स्वतंत्र गवाह हैं।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से चीनी नागरिकों पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने घर वापस जाने की अनुमति देने की मांग करने से संबंधित चार चीनी नागरिकों की याचिका पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। मुंबई पुलिस द्वारा वर्ष 2018 में सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार चीनी नागरिकों को बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बाद में इस शर्त पर जमानत दी थी कि वे साप्ताहिक आधार पर एक स्थानीय पुलिस थाने के सामने नियमित रूप से पेश होंगे। हालांकि, ए चीनी नागरिक मुंबई से भाग गए। लेकिन 2019 में उत्तराखंड के बनबसा के जरिए नेपाल में अवैध रूप से घुसने का प्रयास करते हुए इन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। चीनी नागरिकों की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने राज्य सरकार को सुनवाई की अगली तारीख 29 मार्च तक स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया।

# पुतिन के आक्रमण से निपटने में भारत की स्थिति थोड़ी असमंजस वाली है : बाइडन



वाशिंगटन। भाषा

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के खिलाफ समर्थन दिखाने में भारत की स्थिति थोड़ी असमंजस वाली है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के ज्यादातर मित्रों और सहयोगियों ने व्लादिमीर पुतिन के आक्रामक रुख से निपटने में एकजुटता दिखाई है। रूस की सेना ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला कर दिया जो अब तक जारी है। हमले से तीन दिन पहले रूस ने यूक्रेन के अलगाववादी क्षेत्रों दोनेत्स्क और लुहांस्क की स्वतंत्रता को मान्यता दी थी। बाइडन ने सोमवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की एक बैठक में कहा, पुतिन को अच्छी तरह जानने के कारण एक चीज को लेकर मैं आश्वस्त हूं कि वह नाटो को विभाजित करने में सक्षम होने का भरोसा कर रहे थे। उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि नाटो सुलझा हुआ रहेगा, पूरी तरह एकजुट रहेगा। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि नाटो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कारण आज के मुकाबले पहले कभी इतिहास में इतना मजबूत या अधिक एकजुट नहीं रहा। उन्होंने कहा, उनके आक्रामक रुख के जवाब में हमने नाटो और प्र शांत क्षेत्र में एकजुटता दिखाई है। भारत के अलावा क्वाड एकजुट है। भारत की स्थिति पुतिन के आक्रमण से निपटने के लिहाज से थोड़ी असमंजस वाली है लेकिन जापान अत्यधिक मजबूत है और ऑस्ट्रेलिया भी। पिछले महीने बाइडन ने कहा था कि भारत और अमेरिका, यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमले के मुद्दे पर अपने मतभेदों को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बैठक में कहा, हमने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और प्रशांत क्षेत्र में एकजुटता दिखाई और आपने रूसी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और प्रतिबंध लगाने में हमारी मदद के लिए काफी कुछ किया। आपने जो कुछ भी किया, वह वाकई महत्वपूर्ण है।

## यूरोपीय संघ ने रूस पर यूक्रेन में युद्ध अपराधों को अंजाम देने का लगाया आरोप

ब्रसेल्स। **यूरोपीय** संघ के देशों ने सोमवार को रूस की सेना पर यूक्रेन में युद्ध अपराधों को अंजाम देने का आरोप लगाया, हालांकि प्रतिबंधों के जरिए रूस के ऊर्जा क्षेत्र को लक्षित करने से फिलहाल वे बचते नजर आए। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने यूक्रेन के बंदरगाह शहर मारियुपोल में नागरिकों की मौत की घटनाएं बढ़ने, अस्पतालों तथा सिनेमाघरों सहित बुनियादी ढांचों पर रूसी हमलों का जिक्र किया। बेयरबॉक ने कहा, अदालत इसका फैसला करेगी, लेकिन मेरे लिए स्पष्ट तौर पर ए युद्ध अपराध हैं। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल, ने कहा, मारियुपोल में जो हो रहा है वह युद्ध अपराध है। सबकुछ तबाह करना, बमबारी करना और बेपरवाह तरीके से लोगों की हत्या करना। यह बेहद भयावह है। बोरेल ने ही ब्रसेल्स में सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की। अज़ोव सागर से घिरे दक्षिणी शहर ने पिछले कुछ दिनों में युद्ध के कुछ सबसे भयानक मंजर देखे हैं। मारियुपोल के अधिकारियों ने बताया कि रूसी हमलों से शहर में कम से कम 2,300 लोग मारे गए हैं, जिनमें से कुछ को सामूहिक कब्रों में दफनाया गया है।



यूक्रेन के शरणार्थी रेडक्रास के मुख्यालय रोम पहुंचे , इनमें बीमार व बुजुर्गों की संख्या अधिक है

# म्यांमा में मुस्लिम रोहिंग्या का दमन नरसंहार है : अमेरिका

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि म्यांमा में मुस्लिम रोहिंग्या आबादी का हिंसक दमन नरसंहार के समान है। ब्लिंकन ने सोमवार को यूएस होलोकॉस्ट मेमोरियल म्यूजियम में अपने संबोधन में कहा कि अधिकारियों ने म्यांमा की सेना द्वारा जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ व्यापक और चरणबद्ध अभियान के तहत आम नागरिकों पर बड़े पैमाने पर अत्याचार के पुष्ट आंकड़ों के आधार पर इसे नरसंहार बताया है। विदेश मंत्री ने यूक्रेन सहित दुनिया में कहीं और भीषण हमले की स्थिति में अमानवीयता पर ध्यान देने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, हां, हम यूक्रेन के लोगों के साथ खड़े हैं और हमें उन लोगों के साथ भी खड़ा होना चाहिए जो अन्य जगहों पर अत्याचार झेल रहे हैं। फरवरी 2021 में लोकतांत्रिक रूप



से चुनी गई सरकार के सैन्य तख्तापलट के बाद से म्यांमा की सरकार अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रही है। पूरे देश में हजारों आम नागरिक मारे गए हैं और सत्तारूढ़ सैन्य सरकार का विरोध करने वालों को जेल में जेल में डाला जा रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि ब्लिंकन की घोषणा विशेष रूप से पीड़ितों और हमले से बचे लोगों पर जोर देती है कि अमेरिका इन अपराधों की गंभीरता को जानता है। हमारा विचार है कि म्यांमा की सेना के अपराधों पर प्रकाश डालने से अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ेगा, उनके लिए और अधिक दुर्व्यवहार करना कठिन हो जाएगा।

## पाकिस्तान ने ओआईसी विदेश मंत्रियों की बैठक में एक बार फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

**इस्लामाबाद (भाषा)।** इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की परिषद (सीएफएम) की दो दिवसीय बैठक के दौरान मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। खान ने कहा 57 सदस्ईय यह संगठन कश्मीर मुद्दे को लेकर कोई प्रभाव डालने में समर्थ नहीं रहा क्योंकि यह एक विभाजित सदन है। खान की यह टिप्पणी ऐसे समय में सामने आई है, जब वह वर्ष 2018 में देश की सत्ता संभालने के बाद सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा का सामना करने जा रहे हैं। पाकिस्तान के विपक्षी दलों ने खान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इस्लामाबाद स्थित संसद भवन में ओआईसी के विदेश मंत्रियों की 48वीं बैठक को संबोधित करते हुए इमरान खान ने कहा, हम कश्मीर और फलस्तीन दोनों ही जगह के लोगों के लिए नाकाम साबित हुए हैं। हम एक विभाजित सदन हैं और वे (भारत और इजराइल) यह बात जानते हैं।

# यूक्रेन युद्ध से गेहूं पर संकट के बीच भारत, ऑस्ट्रेलि या ने निर्यात बढ़ाया

एपी। संयुक्त अरब अमीरात

**यूक्रेन** में रूस के युद्ध ने दुनिया भर के किसानों को अपने खेती के स्वरूप को बदलने और इस बसंत में अधिक गेहूं उगाने के लिए मजबूर किया है क्योंकि युद्ध ने दुनिया की रोटी की टोकरी के रूप में चर्चित क्षेत्र से अनाज की आपूर्ति को रोक दिया है या उस पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। विशेषज्ञों ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे देशों ने अनाज के निर्यात में वृद्धि के साथ इस दिशा में प्रतिक्रिया दी है, लेकिन अन्य लोगों के लिए तुरंत ऐसा करने की गुंजाइश बेहद कम है, विशेष रूप से बार-बार पड़ रहे सूखे के कारण।

उत्तरी डकोटा के पश्चिम में खेत के मालिक एड केसल ने कहा कि हालात देखते हुए वह कुछ और गेहूं बो सकते हैं और कीमतों में उछाल का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कीमतों में युद्ध शुरू होने के बाद एक तिहाई की बढ़ोतरी हुई है जिससे सूखे से होने वाले नुकसान और ईंधन की बढ़ती लागत की भरपाई में मदद मिली है लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। नॉर्थ डकोटा ग्रेन ग्रोअर्स एसोसिएशन के पहले उपाध्यक्ष केसल ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह हमें कुछ और एकड़ में गेहूं लगाने में मदद करेगा। हम कुछ और एकड़ खेतों में गेहूं और कुछ में सूरजमुखी उगाएंगे।

यूक्रेन और रूस वैश्विक गेहूं व जौ निर्यात का एक तिहाई हिस्सा देते हैं, जिस पर मध्य पूर्व, एशिया और अफ्रीका के देशों के लाखों लोग भोजन के लिए निर्भर रहते हैं। वे खाना पकाने और खाद्य प्रसंस्करण के लिए उपयोग किए जाने वाले अन्य अनाज और सूरजमुखी के बीज के तेल के शीर्ष निर्यातक भी हैं। अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना जैसे प्रमुख अनाज उत्पादकों पर यह देखने के लिए बारीकी से नजर रखी जा रही है कि क्या वे यूक्रेनी और रूसी आपूर्ति में आई कमी की भरपाई करने के लिए उत्पादन में तेजी ला सकते हैं। किसान हालांकि एक और साल सूखे की आशंका का सामना कर रहे हैं, ईंधन और उर्वरक की लागत बढ़ रही है, तथा कोविड-19 महामारी से आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही है। प्रमुख उत्पादक भी निर्यात और खेती के पैटर्न पर कानूनी सीमा जैसे कारकों से प्रभावित होते हैं, जिसका अर्थ मिस्र, लेबनान, पाकिस्तान, ईरान, इथियोपिया और अन्य देशों के लिए अनिश्चितता है जो अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त गेहूं, जौ, मक्का या अन्य अनाज नहीं उगा सकते हैं। युद्ध ने उन देशों में भोजन की कमी और राजनीतिक अस्थिरता के खतरे को बढ़ा दिया है जो सस्ते अनाज आयात पर निर्भर हैं।

# यूक्रेनी सेना ने कीव के उपनगर से रूसी सैनिकों को खदेड़ा

एपी। ल्वीव

● मारियुपोल में संघर्ष तेज

**यूक्रेनी** रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि मंगलवार को तड़के रूसी बलों को भीषण लड़ाई के बाद कीव के रणनीतिक लिहाज से अहम उपनगर मकरीव से खदेड़ने में कामयाबी मिली है। वहीं, मारियुपोल के दक्षिणी बंदरगाह पर रूस ने हमले तेज कर दिए हैं। शहर से निकल रहे आम लोगों का कहना है कि बमबारी लगातार जारी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि मकरीव के एक प्रमुख राजमार्ग को दोबारा यूक्रेनी बलों ने अपने नियंत्रण में ले लिया है, जिससे रूसी बलों को उत्तर-पश्चिम से राजधानी की घेराबंदी करने की मॉस्को की कोशिशों को झटका लगा है।

वही, कई जगहों से रूसी बलों को खदेड़े जाने के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सेना ने यूक्रेनी शहरों पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं, जिससे आम नागरिकों पर खतरा बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, रूसी हमले के कारण अब तक एक करोड़ से अधिक लोग यूक्रेन छोड़ने को मजबूर हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने युद्ध के दौरान 900 से अधिक आम नागरिकों की मौत की पुष्टि की है और साथ ही कहा कि मृतकों की संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। उधर, अमेरिका के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि रूसी बलों ने पिछले दो दिनों में हवाई हमले तेज कर दिए हैं और रूस ने पिछले 24 घंटे में कम से कम 300 ऐसे हमले किए हैं। उन्होंने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से रूसी बलों ने अब तक।,100 से अधिक मिसाइलें यूक्रेन में दागी हैं।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mrs. Sarvajit Kaur is claiming owner /attorney holder of Property bearing No. A-581, area measuring 43 sq., Yds., out of Khasra No. 183 Situated in the area of Village Sadhora Kalan, at Shastri Nagar, Delhi. "the said property". by virtue of GPA, Agreement and will all dated 27.04.1987, executed by Mrs. Bimla Sharma. All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/attorney holder want to sell the said property to Mr. Ravi Kumar who is taking Loan from Fullerton for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above claiming owner /attorney Holder of the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरे

● सेंसेक्स, निफ्टी एक प्रतिशत तक मजबूत

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरे और एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टीसीएस के शेयरों में लाभ से बाजार में मजबूती आई। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों द्वारा 137 दिन के अंतराल के बाद ईंधन के दाम बढ़ाने के बाद मुद्रास्फीति और वृद्धि की चिंता में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला और दिन के निचले स्तर 56,930.30 अंक तक आ गया। हालांकि, बाद में इसमें सुधार आया और अंत में यह 696.81 अंक यानी 1.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,989.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 लाभ में रहे।

बीएसई सेंसेक्स मार्च 2022 22





| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| टेक महिन्द्रा | 3.83 | हिन्द. यूनी. | -2.81 |
| रिलायंस | 2.59 | नेस्ले | -2.49 |
| बजाज फिनसर्व | 2.46 | एनटीपीसी | -0.08 |
| आईटीसी | 2.21 | सन फार्मा | -0.06 |
| टीसीएस | 2.09 | | |

पीटीआई ग्राफिक

एनएसई निफ्टी मार्च 2022 22





| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| टेक महिन्द्रा | 4.19 | हिन्द. यूनी. | -2.85 |
| बीपीसीएल | 3.02 | नेस्ले | -2.65 |
| टाटा मोटर्स | 3.01 | ब्रिटेनिया | -2.23 |
| रिलायंस | 2.46 | सिपला | -1.55 |
| बजाज फिनसर्व | 2.41 | आयशर मोटर्स | -0.16 |

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 197.90 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,315.50 अंक पर बंद हुआ। इक्विटी 99 के राहुल शर्मा ने कहा, रिलायंस की लिवाली के साथ बाजार में अच्छा सुधार देखने को मिला। शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौटना भारतीय बाजार के लिए अच्छा संकेत है। आने वाले दिनों में हमारा अनुमान है कि उतार-चढ़ाव रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रहने तथा कच्चे तेल की कीमत के स्थिर होने तक बना रहेगा। सेंसेक्स के तीस शेयरों में 3.83 प्रतिशत तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में टेक महिंद्रा का शेयर रहा। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज (2.59 प्रतिशत) बजाज फिनसर्व (2.46 प्रतिशत), आईटीसी (2.21 प्रतिशत), टीसीएस (2.09 प्रतिशत), कोटक महिंद्रा बैंक (1.88 प्रतिशत) और इन्फोसिस (1.87 प्रतिशत) में भी अच्छी तेजी रही।

दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., नेस्ले इंडिया, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयर नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख को देखते हुए बाजार की शुरुआत गिरावट से हुई। हालांकि, यूक्रेन के युद्धविराम की दिशा में काम करने की उम्मीद में यूरोपीय बाजार की सकारात्मक शुरुआत के साथ घरेलू शेयर बाजारों में स्थिति बदली। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की लाभ में रहे। अमेरिकी शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, रेटिंग एजेंसी फिच ने ऊर्जा की ऊंची कीमतों का हवाला देते हुए 2022-23 के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 10.3 प्रतिशत से घटाकर 8.5 प्रतिशत कर दिया। इधर, पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने विधानसभा चुनावों को देखते हुए करीब साढ़े चार महीने बाद पेट्रोल और डीजल के दाम में 80-80 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की। वहीं एलपीजी की दर में 50 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई है। इससे मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका बढ़ी है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.57 प्रतिशत टूटकर 113.8 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को 2,962.12 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## भारतीय कंपनियों की नियुक्ति गतिविधियां अगले तीन महीने तेज रहेंगी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में 38 फीसदी कंपनियां अगले तीन महीने में और भर्तियां करने की योजना बना रही हैं। इस तरह अप्रैल-जून तिमाही के दौरान नियोक्ताओं द्वारा नियुक्ति गतिविधियां तेज रहने का अनुमान है। मैनपॉवरग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के 60वें सालाना संस्करण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। इसमें 3,090 नियोक्ताओं की राय जानी गई। रिपोर्ट के मुताबिक विभिन्न क्षेत्रों में नियुक्ति गतिविधियां पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले कहीं अधिक मजबूत हैं। हालांकि तिमाही के आधार पर देखा जाए तो अनुमान है कि जनवरी-मार्च तिमाही के मुकाबले शुद्ध रोजगार परिदृश्य में 11 प्रतिशत की कमी आ सकती है। अप्रैल-जून तिमाही के लिए 55 फीसदी नियोक्ताओं का अनुमान है कि पेरोल बढ़ेगा, 17 फीसदी ने कहा कि इसमें कमी आएगी जबकि 36 फीसदी का अनुमान है कि इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। इस तरह शुद्ध रोजगार परिदृश्य 38 फीसदी है। मैनपॉवरग्रुप के समूह प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, देश महामारी के असर से बाहर आ रहा है, पर वैश्विक भूराजनीतिक अस्थिरता और बढ़ती मुद्रास्फीति जैसी नई चुनौतियां सामने हैं।

सार्वजनिक सूचना
श्री सागर भार्गव पुत्र डा० अनूप भार्गव निवासी अवन्तिका अपार्टमेन्ट, 189/1, ब्लॉक-बी, स्वीमिंगपूल बांगुर एवेन्यू, नॉर्थ- 24 परगनास वैस्ट बंगाल- 700055 एवं सुश्री आस्था दुआ पुत्री श्री रजत दुआ निवासी डी-67, जलवायू विहार, सेक्टर-21, नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर (उ०प्र०) ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह करने हेतु आवेदन किया है। इस संबंध में आपत्तिधारी व्यक्ति अपनी आपत्ति/ आपत्तियों अघोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 13.04.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है।
प्र० नगर मजिस्ट्रेट / विशेष विवाह अधिकारी
गौतमबुध नगर

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mr. Suresh Sen** intends to purchase & mortgage the **Plot of land area measuring 66.50 Sq. Yds. i.e. 55.60 Sq. Mts., pertaining to the Khet/Khasra No. 121, situated in the area of Village Surajpur, Pargana Dadri, Tehsil & District Gautam Budh Nagar (U.P.)** with our client **Piramal Capital & Housing Finance Limited** against the financial assistance. Whereas, out of the entire chain link documents Original Sale Deed dated 21-10-2008 duly registered as Document No. 12524 in favour of Mr. Manoj Kumar Sharma was already lost/misplaced and in this regard NCR/FIR No. **LR No:241008/2022** has been lodged with Delhi Police.
If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the Said Property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address.
DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE
A-13, LGF, South Extn-II,
New Delhi-49 # 011-26262610, 11, 12

PUBLIC NOTICE
FOR LOST OF DOCUMENTS
To be known to all that I, **PARVEEN GULATI S/o Sh. Hargobind Singh Gulati, R/o B-10, B Block, Shopping Center, Tagore Garden, Delhi-110027,** have lost his original property Document i.e. Perpetual Lease Deed in respect of the Property Bearing No. B-10, B Block, Shopping Center, Tagore Garden, New Delhi-110027, have been lost, an NCR Vide LR No: 240405/2022 against this effect has been lodged in Crime Branch Police Station Delhi.
Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/phone No. **9999227272** with **15 days** from the date of publication of this notice.

# ऊर्जा बदलाव से 2050 तक 32 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे: खुबा

भाषा। नई दिल्ली

**नवीन** एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री भगवंत खुबा ने बिजली की बढ़ती मांग के मद्देनजर ऊर्जा बदलाव की जरूरत पर जोर दिया है। खुबा ने मंगलवार को कहा कि इससे अंतत: 2050 तक 32 लाख रोजगार के अवसरों के सृजन में मदद मिलेगी। खुबा ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आत्मनिर्भर भारत-भारत को नवीकरणीय ऊर्जा का विनिर्माण केंद्र बनाना विषय पर आयोजित किए जाने वाले हाइब्रिड सम्मेलन और डिजिटल प्रदर्शनी के तीसरे संस्करण के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, ऊर्जा बदलाव बढ़ती मांग को पूरा करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम है। इससे अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन में मदद मिल सकती है। अंतत: इससे 2050 तक 32 लाख लोगों को रोजगार दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बदलाव से आयातित ईंधन पर निर्भरता कम हो सकेगी। इससे व्यापार संतुलन की स्थिति सुधरेगी और ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) के उत्सर्जन में कमी लाई जा सकेगी। मंत्री ने कहा कि आर्थिक वृद्धि, बढ़ती समृद्धि, शहरीकरण की बढ़ती दर और प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत में वृद्धि की वजह से देश में ऊर्जा की मांग बढ़ रही है। खुबा ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था महामारी के बाद उबर रही है। मैं आप सभी का आह्वान करता हूं कि इस अवसर का लाभ उठाएं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नए सिरे से परिभाषित करें जिससे भारत को शुद्ध ऊर्जा निर्यातक बनाया जा सके। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत में ब्राजील के राजदूत आंद्रे अरान्हा कोरियो डो लोगो ने कहा कि हम भारत को सौर पैनल के संभावित विनिर्माण निर्यात भागीदार के रूप में देखते हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME
I, YOGESH GUPTA son of Shri Vinod Kumar Gupta resident of Village Bolni (164), P.O. GarhiBolni, Distt. Rewari, Haryana-123401, states that two of the names YOGESH KUMAR and YOGESH GUPTA is one and the same person and I shall thereafter be known as YOGESH GUPTA for all future purposes.
PD(9163)A
I, MD Ghufran S/o. MD Azam, Resident of C-316, Gali No.16 & 17, Mustafabad Extension, Delhi-110094 have declared that my correct name is MD Ghufran Alam for all future purposes.
PD(9164)A

# आत्मनिर्भर भारत का मतलब बंद अर्थव्यवस्था की ओर ले जाना नहीं: नीति आयोग उपाध्यक्ष

भाषा। नई दिल्ली

**नीति** आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि भारत के आत्मनिर्भर मिशन का मतलब बंद अर्थव्यवस्था का समर्थन नहीं है। उन्होंने कहा कि देश वैश्विक आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला के साथ बेहतर जुड़ाव से ही अपने लोगों के लिए अच्छे नतीजे हासिल कर सकता है। उन्होंने हाल में घोषित उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत जापानी निवेशकों को यहां कंपनियां गठित करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत वैश्विक प्रवाह और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ अधिक एकीकरण को लेकर प्रतिबद्ध है।

कुमार ने भारत और जापान में कोविड-19 के लिए नीतिगत कदम और आने वाले समय में आर्थिक





सहयोग की संभावनाएं विषय पर 10वीं इक्रियर-पीआरआई कार्यशाला में कहा, हम चाहेंगे कि जापानी कंपनियां यहां आएं और पीएलआई योजना के तहत भारत को दुनिया के अन्य देशों के लिए निर्यात केंद्र बनाएं। मुझे लगता है कि हमने जो कदम उठाए हैं, उससे इसके लिए उपयुक्त परिवेश है। हम भारत में जापानी निवेश को आकर्षित करने के लिए जो भी आवश्यक होगा, वे कदम उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना प्रधानमंत्री की तरफ से कोविड स्थिति से निपटने और हमारी अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने को लेकर उठाया गया कदम है। मैं इस प्रकार की किसी भी आशंका को दूर करना चाहता हूं कि यह बंद अर्थव्यवस्था की ओर कदम नहीं है। कुमार ने कहा कि भारत के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यापार, सेवाओं, वित्तीय और तकनीकी पहलुओं के साथ अपने जुड़ाव से पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा, हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि आने वाले समय में देश वैश्विक आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला के साथ बेहतर जुड़ाव से ही अपने लोगों के लिए अच्छा परिणाम प्राप्त कर सकता है। कुमार ने कहा कि जापान भारतीय अर्थव्यवस्था के हर पहलू में योगदान कर सकता है और वैश्विक मांग का लाभ उठाकर निर्यात बढ़ाने में मदद कर सकता है।

सार्वजनिक सूचना
एतद्द्वारा सूचित करना है कि भवन / फ्लैटसंख्या बी-12, 117ए, एवं फ्लैट संख्या बी-12, 168 डी. उदयगिरि-1, जनता फ्लैट सैक्टर 34, नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर (यू०पी०) दोनों सम्पत्तियों के मूल आवंटी श्री खेम सिंह अग्रवाल पुत्र श्री मोतीराम अग्रवाल निवासी 91 नयाबास, दिल्ली-06 प्रोपराईटर मैसर्स गंगा इलेक्ट्रोनिक्स ए-18 सैक्टर-10, नोएडा है कि पंजीकृत मुख्तारननामा (जनरल पावर अ,फ अर्टनी) के आधार पर उक्त फ्लैट निम्नलिखित व्यक्ति को निम्न क्रमानुसार बेचा गया था
1 मौ० आसिफ पुत्र बदलू खान निवासी 12/41, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली 110004 के पक्ष में विक्रय संविदा(एग्रीमेंट टू सेल) व रजिस्टर्ड विल निष्पादित किया गया तथा उक्त भवन की जीपीएधारक अन्जूम अफरोज पत्नी श्री मौ० आसिफ निवासी 12/41, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली 110004 है जिनका देहान्त दिनांक 24.07.2017 को हो चुका है।
2. उक्त भवन / फ्लैट संख्या बी-12 117ए एवं फ्लैट संख्या बी-12, 168 डी उदयगिरि-1 जनता फ्लैट सैक्टर 34, नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर (यू०पी०) को मौ० आसिफ पुत्र बदलू खान निवासी 12/41, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली 110004 को पक्ष में अंतरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें।
अन्तरणी का नाम- मौ० आसिफ

PUBLIC NOTICE
My Client, Mr. Gurvinder Pal Singh Ahuja S/o Late Mr. Jagteshwar Singh Ahuja R/o T-169/D, Jeewan Nagar, Gurudwara Bala Sahib Road, New Delhi-110014 do hereby notify for public at large that he is executing the Will Deed of his father Late Mr. Jagteshwar Singh Ahuja after his death, who has expired on 13.04.2021 and as per his will deed made on 29.12.2020 in favour of my client, Any person/s have any objection/claim (s), interest for the proposed Will Deed Registration of aforesaid Late Mr. Jagteshwar Singh Ahuja may contact the undersigned within 2 days from the publication of the notice, failing which the claim of any such person will be considered to have been waived and/or abandoned and the Will Deed shall be Registered and Application with immediate effect.
Amit Anand (Advocate),
102, G.K. House, Plot No.187A, Sant Nagar,
New Delhi-110065, M.No. 9958068885

PUBLIC NOTICE
**Subject:** Transfer of ownership in respect of A45, Second Floor with roof rights, Ashok Nagar, Ghaziabad -201001
In respect of 100% share upon the intestate death of Mrs. Rita Katyal resident of A45, First Floor, Ashok Nagar, Ghaziabad-201001
WHEREAS Rita Katyal was the owner of A45, Second Floor with roof rights, Ashok Nagar, Ghaziabad -201001.
WHEREAS the said Rita Katyal has died on 28/01/2022.
WHEREAS Mrs. Shweta Kakkar (Daughter) and Mr. Hitesh Katyal (Son), legal heirs of the said Late Rita Katyal intend to apply for the transfer of the said property in their favour being the only legal heirs of the said Rita Katyal.
If any person is having any objection against the transfer of said property A45, Second Floor with roof rights, Ashok Nagar, Ghaziabad -201001 in favour of Mrs. Shweta Kakkar (Daughter) and Mr. Hitesh Katyal (Son), legal heirs of the said Late Rita Katyal, he/she /they can submit objection in writing to the office of the undersigned, alongwith supporting documents within 07 days from the date of publication of this notice failing which the concerned Authority may sanction the mutation of the property as per the records & may not entertain subsequent claim, thereupon.
Mr. Subash Bhat (Advocate)
Add: Trinity Legal Partners, C-401, The Courtyard, Nirvana Country, Sector 50, Gurgaon, Haryana.
subash.bhat@trinitylegalpartners.com

# सिक्किम
## साहसिक यात्रियों के लिए



सिक्किम मूलतः भारत में पूर्वी हिमालय और भारतीय मैदानों के बीच बसा एक पहाड़ी राज्य है। इसे प्राथमिक ऑक्सीजन स्रोत मुख्य रूप से पश्चिमी और पूर्वी हिमालय तथा रेन्जो-ला दर्रा और गंगटोक से प्राप्त होता है, जो सिक्किम की राजधानी है।

जब एक राज्य को लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता, असंख्य साहसिक गतिविधियों और गिने चुने वन क्षेत्रों से नवाजा जाता है, तो यह सभी प्रकार के यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

सिक्किम सबसे छोटा राज्य के रूप में पूर्वोत्तर भारतीय क्षेत्र का हिस्सा है। अर्थ ''देवताओं की भूमि'' जैसी खूबसूरत जगह कहा जाने वाला यह राज्य अपने सुरम्य परिदृश्य से आपको मंत्रमुग्ध कर देगा।

सिक्किम में ऐसा प्राचीन आकर्षण व सुंदरता है, कि वह अपने पर्यटकों का -अपना आरक्षण बुक करने से लेकर वहां से जाने के समय तक के लिए - ध्यान आकर्षित करता है।

सिक्किम रोमांच के शौकीनों को - पैराग्लाइडिंग और रिवर राफ्टिंग से लेकर ट्रेकिंग और वन्यजीव अभयारण्यों का दौरा करने तक -सब कुछ प्रदान करता है। यह सभी प्रकार की साहसिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध स्थलों में से एक है जो आपको रौंगटे खड़े करने वाली खोज के लिए उच्च संभावनाएं प्रदान कर सकता है।

तो, मैं आपको इस राजसी शहर की खोज करते हुए रोमांच व उत्साह की अपनी तलाश पूरा करने की साहसिक यात्रा पर ले चलता हूं। अपने सिक्किम टूर पैकेज को अ सिक्किम टूरिज्म डाट इन जैसी प्रतिष्ठित साइटों से बुक करना सुनिश्चित करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपका रोमांचकारी अभियान परेशानी मुक्त है।

### व्हाइट वाटर राफ्टिंग

जंगली तीस्ता और रंगित नदियों के समस्त घाटों और तीखी गहराइयों का लाभ उठाने के लिए, मेली, सिक्किम से अपने राफ्टिंग साहसिक कार्य की शुरुआत करें।

आप सभी सुरक्षा उपायों के साथ विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में दृश्यों का रोंमाच उठाते हुए और खुद को चुनौती देते हुए दो 3 किमी और 7 किमी मार्गों के बीच चयन कर सकते हैं।

रंगित नदी के प्रत्येक किनारे पर प्राकृतिक परिदृश्य में सुदूर बिखरे समुदाय नजर आएंगे, जो नदी के अशांत जल में रिवर राफ्टिंग करते हुए आपको एक व्यापक सरसराहट भरी अपील के साथ पेश करेंगे। यात्रा के दौरान, आप सीढ़ीदार खेती और मूल वासियों द्वारा बसाए गए छोटे गांव देखेंगे।

रंगित पर रिवर राफ्टिंग करते हुए आप अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। उदाहरण के लिए, नदी के किनारे सफेद रेतीले स्थलों पर रात में शिविर लगाना।

रंगित नदी की विशाल धूप वाली रैपिड्स उसकी चुनौतियां स्वीकार करने के लिए दुनिया भर के राफ्टर्स को लुभाती है। रंगित पर रिवर राफ्टिंग यात्रा आपको निराश नहीं करेगी यदि आप कुछ रौंगटे खड़े करने वाली आजमाइशों की तलाश में हैं।

मार्च से मई के महीने व्हाइट वाटर राफ्टिंग के लिए आदर्श होते हैं।

### पर्वतारोहण

सिक्किम मूलत: भारत में पूर्वी हिमालय और भारतीय मैदानों के बीच बसा एक पहाड़ी राज्य है। इसे प्राथमिक ऑक्सीजन स्रोत मुख्य रूप से पश्चिमी और पूर्वी हिमालय तथा रेन्जो-ला दर्रा और गंगटोक से प्राप्त होता है, जो सिक्किम की राजधानी है।

शानदार पर्वत चोटियां, ऊंची हिमालय श्रृंखलाएं, तरोताजा जंगल और सुदूर पहाड़ियां यात्रियों के लिए कुछ मुख्य आकर्षण हैं। सिक्किम अपने सुंदर स्थानों व शांत स्थलों के कारण यात्रियों को खूब आकर्षित करता है।

एक रोमांचक पर्यटन गतिविधि के रूप में लोकप्रियता में इजाफा करते हुए, हाल ही में सिक्किम में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्वतारोहण की शुरुआत की गई है। इस पहल ने दुनिया भर के यात्रियों के लिए ट्रेकिंग व नेचर ट्रेल्स से लेकर कैंपिंग तक के असंख्य तजुर्बों के दरवाजे खोले हैं।

58 अल्पाइन पर्वत श्रृंखलाओं, 84 भव्य हिमनदों, और 7 शांत झीलों के साथ प्राचीन परिदृश्य और घाटियों के बीच बसा यह राज्य उन सभी लोगों का पसंदीदा स्थान है जो खोज करने में रुचि रखते हैं।

हालांकि, शौकिया या अनुभवी, पर्वतारोहियों के लिए केवल कुछ चोटियों तक पहुंचना संभव है, और व्यक्ति को उस परमिट के लिए आवेदन करना पड़ता है जिसकी व्यवस्था स्थानीय टूर आयोजक कर सकते हैं।

- बुर्मखांगसे पर्वत
- थिन्चेखान पर्वत
- फ्रे पीक
- जुपोना पर्वत

अप्रैल से जून और सितंबर से नवंबर के महीने पर्वतारोहण व ट्रेकिंग के लिए आदर्श हैं।

### ट्रेक और ट्रेल्स

एक ट्रेकिंग गंतव्य के रूप में सिक्किम ने हाल के दिनों में दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल की है। सिक्किम घूमने व ट्रेकिंग करने के लिए पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक बन गया है। यह राज्य हिमालय में कुछ बेहतरीन ट्रेकिंग अनुभव प्रदान करता है।

इसके अधिकांशतया अनखोजे पहाड़ एक ट्रेकर के लिए बहुत बड़ी खुशियां हैं और वनस्पतियों और जीवों की इसकी अद्भुत श्रृंखला सभी प्रकृति प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग है। वेस्ट हिल्स,

ईस्ट खांगचेंदजोंगा, रंगित वैली, सिंगलिला रिज जैसी अत्यंत ऊंचाई वाली पर्वतमालाओं ने ट्रेकर्स के लिए नए रास्ते खोले हैं।

सिक्किम के दूरदराज के इलाकों से गुजरने वाली अनेक लंबी पैदल यात्राएं हैं जो जबरदस्त रोमांच प्रदान करती हैं। यह राज्य अनेक लुप्तप्राय प्रजातियों जैसे लाल पांडा और कस्तूरी मृग के साथ-साथ ध्रुवीय क्षेत्र के बाहर दुनिया के आधे से अधिक ग्लेशियरों का ठिकाना है।

कुछ लोकप्रिय ट्रेक नीचे सूचीबद्ध हैं:

- संदकफू ट्रेक
- गोएचा ला ट्रेक
- कंचनजंगा बेस कैंप
- सिक्किम जोंगरी ट्रेक
- थोलुंग

### बाइकिंग रोड यात्राएं

सिक्किम का ऊबड़-खाबड़ इलाका सभी बाइकर्स और साइकिल चालकों को एक साथ आने और इस रहस्यमय व अविश्वसनीय शहर की खोज करने के लिए आमंत्रित करता है-चाहे वह प्राचीन गांवों के रंगीन मठ हों, वो भी अपने औसत वाहनों पर। यह बाइकर्स के लिए पसंदीदा यात्रा स्थलों में से एक है।

पहियों पर अपनी यात्रा पूरी करने का सबसे अच्छा हिस्सा यह है कि इसमें निश्चित कार्यक्रम का पालन करने की कोई चिंता नहीं होती है, और व्यक्ति अपनी मनचाही जगह पर रूककर आराम कर सकता है और अपनी गति से यात्रा का आनंद ले सकता है और स्थानीय लोगों की तरह रह सकता है और इस प्राकृतिक अजूबे के सांस्कृतिक खिंचाव का पूरा मजा ले सकता है।

व्यक्ति अप्रैल-मई और मध्य सितंबर-अक्टूबर से वसंत या पतझड़ के दौरान अपनी यात्रा शुरू करने का विकल्प चुन सकता है।

आपको सिक्किम को एक पर्यटक के रूप में नहीं बल्कि एक मूल निवासी के रूप में जानने और आजीवन यादगार स्मृति बनाने का मौका मिलता है।

### रॉक क्लाइंबिंग

खुद को अपने चरम तक पहुंचाते हुए, नंगे पहाड़ की चट्टान पर चढ़ने की हड़बड़ी की तुलना किसी से नहीं की जा सकती है। जो पर्वतारोही खुद को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं, उन्हें सिक्किम में बहुत सारे विकल्प मिलेंगे।

मुक्त चढ़ाई, जहां गिरने की स्थिति में आपको बचाने के लिए सुरक्षात्मक गियर लगाए जाते हैं, और जो चढ़ाई में सहायता करते हैं, जहां घाटियां सीधी हैं और आप पूर्व-निर्धारित गियर की मदद से चढ़ते हैं, यहां चढ़ाई की दो मुख्य शैलियां हैं।

### पैराग्लाइडिंग

अपने चेहरे पर ताजी हवा महसूस करते हुए हरे-भरे घने जंगलों, पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों व झीलों के शांत और सुंदर हवाई दृश्य के साथ, एक स्वतंत्र पक्षी की तरह आकाश में बादलों के बीच में स्वयं की ऊंची उड़ान भरने की कल्पना करें।


सिक्किम में पैराग्लाइडिंग की दुनिया में आपका स्वागत है। यह राज्य भारत में सर्वाधिक सहज हवा वाला इलाका है, जिसमें शुरुआती और उन्नत पायलटों के लिए 60 से अधिक पैराग्लाइडिंग और हैंग ग्लाइडिंग साइट हैं, जिसमें गंगटोक के करीब सिमलगैंग और मानेभंजंग जैसे लोकप्रिय स्थल हैं।

इस साहसिक खेल का तजुर्बा करने का आदर्श समय मार्च-जून और सितंबर-नवंबर है।

(एजेंसी)

# बढ़ते तापमान का जल संरक्षण पर गंभीर प्रभाव : सीएसई

**नई दिल्ली।** ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत में भारत के बड़े हिस्से में तेज गर्मी महसूस होना इस बात का सबूत है कि यह जलवायु परिवर्तन का युग है और इसका जल संरक्षण पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (सीएसई) ने मंगलवार को यह बात कही। विश्व जल दिवस के अवसर पर सीएसई की महानिदेशक सुनीता नारायण ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव जल और उसके प्रबंधन पर पड़ेगा।



उन्होंने कहा, ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत में ही भारत के बड़े हिस्से को चपेट में लेने वाली इस तीव्र गर्मी की लहर का वास्तव में क्या मतलब है? विशेष रूप से आज विश्व जल दिवस के अवसर पर इसका मतलब है कि यह जलवायु परिवर्तन का युग है। इसका मतलब यह भी है कि हम कैसे आने वाले दिनों में हमारे पानी का प्रबंधन करेंगे और यह ही तय करेगा कि हम ऐसी चरम जलवायु परिस्थितियों से बचे रहेंगे या नहीं।

नारायण ने कहा, हम सभी जानते हैं कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव बढ़ी हुई गर्मी, बढ़ते तापमान और अत्यधिक बारिश व इसके समय में बदलाव के बारे में है। दोनों का जलचक्र के साथ सीधा संबंध है। इसलिए जलवायु परिवर्तन को काबू करने का संबंध पानी और उसके प्रबंधन को लेकर भी होना चाहिए।

सीएसई के जलवायु परिवर्तन इकाई की उप कार्यक्रम प्रबंधक अवंतिका गोस्वामी ने कहा कि भारत में 2021 की स्थिति दोहराई जा रही है, जब फरवरी की शुरुआत में देश के कुछ हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। गोस्वामी ने कहा, यह तब था जब 2021 ला नीना का साल था, ए प्रशांत जल धाराएं वैश्विक स्तर पर तापमान को कम करने के लिए जानी जाती हैं। भारतीय मौसम वैज्ञानिकों ने सूचित किया है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि ने ला नीना के इस शीतलन प्रभाव को बेहद कम कर दिया है।

# द कश्मीर फाइल्स ने बॉक्स ऑफिस पर मचाई धूम

**मुंबई।** पिछले दो सप्ताह के दौरान हिंदी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ चकित करने वाले घटनाक्रम हुए हैं। ट्रेड पंडितों के अनुसार, बिना किसी शोर शराबे के रिलीज हुई हुई द कश्मीर फाइल्स ने इतिहास रच दिया है जबकि सुपरस्टार अक्षय कुमार की एक्शन ड्रामा फिल्म बच्चन पांडे का प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा।

विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित द कश्मीर फाइल्स 11 मार्च को रिलीज हुई थी और अब तक इसने लगभग 179 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। यह फिल्म 1990 के दशक में घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन के मुद्दे पर आधारित है। ट्रेड विशेषज्ञ हिमेश मांकड़ के अनुसार, पहले दिन यह फिल्म 600 स्क्रीन पर प्रदर्शित की गई थी और पहले सप्ताहांत तक इसे 1,400 और स्क्रीन मिल चुके थे। उन्होंने कहा कि सोमवार तक यह फिल्म देश में चार हजार स्क्रीन पर हाउसफुल चल रही थी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की अपार सफलता ने 18 मार्च को रिलीज हुई,



अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित बच्चन पांडे की चमक भी फीकी कर दी। बच्चन पांडे ने पहले सप्ताह में लगभग 37 करोड़ रुपए की कमाई की जो कि फिल्म विशेषज्ञों के अनुमान से कम से कम 15 करोड़ रुपए कम है।

ट्रेड विश्लेषक विषेक चौहान ने कहा कि द कश्मीर फाइल्स ने बच्चन पांडे के कारोबार को पूरी तरह से पटरी से उतार दिया है। चौहान ने पीटीआई-भाषा से कहा, बच्चन पांडे के साथ जो कुछ भी हुआ वह अप्रत्याशित है। आप इस तरह की चीजों की कल्पना नहीं कर सकते। फिल्म को लोगों के दिमाग पर हावी होना पड़ता है, लोगों को थिएटर तक लाने के लिए पर्याप्त शोर और संवाद करना पड़ता है। कश्मीर फाइल्स ने जिस तरह की चर्चा और कौतुहल को जन्म दिया, वह बच्चन पांडे नहीं कर पाई। अगर आपकी फिल्म के बारे में कोई बात नहीं कर रहा, तो लोग उसे देखने क्यों आएंगे?

उन्होंने कहा, समाचार चैनलों पर, सोशल मीडिया से लेकर अखबार तक, हर जगह कश्मीर फाइल्स की चर्चा है। इससे बच्चन पांडे के कारोबार पर बुरा असर पड़ा। चौहान बिहार में एक

### बच्चन पांडे को उम्मीद से कम सफलता

सिनेमाघर भी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि उनके सिनेमाघर में शुरुआत में द कश्मीर फाइल्स का केवल एक शो चल रहा था और बहुत जल्दी तीन शो दिखाने पड़े क्योंकि इस फिल्म की मांग बेतहाशा बढ़ गई। ऑनलाइन टिकट बुकिंग मंच बुक माई शो पर द कश्मीर फाइल्स के 50 लाख से ज्यादा टिकटों की बुकिंग हो चुकी है। बुक माई शो, सिनेमाज के सीओओ आशीष सक्सेना ने फिल्म को इस सीजन की सबसे बड़ी फिल्म करार दिया है जिसकी इतनी सफलता की उम्मीद नहीं थी।

चौहान ने कहा कि द कश्मीर फाइल्स ऐसी फिल्म है जिसमें न तो कोई स्टार अभिनेता है और न ही फिल्मों को हिट कराने वाले गाने, फिर भी यह इतनी कमाई करने में इसलिए सफल हुई क्योंकि इसकी विषयवस्तु भावनात्मक है और सरकार ने इसे प्रोत्साहित करने में भूमिका निभाई है।

# रॉकेटरी- द नम्बी इफैक्ट का निर्माण एक राष्ट्रीय कर्तव्य जैसा : आर माधवन

**दुबई।** अंतरिक्ष वैज्ञानिक नम्बी नारायणन के जीवन पर आधारित रॉकेटरी : द नम्बी इफैक्ट से फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में कदम रख रहे अभिनेता आर माधवन का कहना है कि यह फिल्म बनाना उनका एक सपना रहा है और इसे लेकर वह बेहद जुनूनी रहे हैं। यह फिल्म भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर नम्बी नारायणन के जीवन पर आधारित है। फिल्म का मूल वाक्य है कभी-कभी एक आदमी से गलती होती है... क्या एक राष्ट्र से भी कभी गलती होती है। नारायणन पर 1994 में मालदीव की दो कथित खुफिया अधिकारियों मरियम रशीदा और फौजिया हसन को महत्वपूर्ण रक्षा जानकारियां एवं सूचना उपलब्ध कराने का आरोप लगाया गया था।



अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने अदालत में अपनी पैरवी खुद की और उच्चतम न्यायालय ने 1996 में उन्हें दोष मुक्त घोषित किया था। माधवन ने एक्सपो 2020 दुबई के तहत इंडिया पवेलियन में आयोजित मीडिया और मनोरंजन पखवाड़े से इतर पीटीआई-भाषा से कहा, यह हम में से किसी के लिए एक व्यावसायिक फिल्म नहीं है, यह एक राष्ट्रीय कर्तव्य है और मुझे उम्मीद है कि हम फिल्म के जरिए एक संदेश देने में सक्षम हुए हैं। माधवन (51) ने कहा कि जब वह फिल्म के लिए नम्बी नारायणन से मिलने गए, तो कई लोगों की तरह, उन्हें भी वैज्ञानिक से जुड़े विवाद और कानूनी मामले के बारे में पता था।

माधवन ने कहा, लोगों ने मुझे बताया कि केरल में एक वैज्ञानिक है जिस पर मालदीव की एक महिला के साथ संबंध रखने का गलत आरोप लगाया गया था। उसने अपना केस लड़ा और वह विजई हुआ। यही एकमात्र कहानी थी जिसे मैंने सुना था और भारत के अधिकांश लोग भी नम्बी नारायणन के बारे में यही जानते हैं। माधवन ने कहा, जब मैं नम्बी नारायणन से मिला तो मुझे इस कहानी के अलावा बहुत सारी बातें पता चलीं। उनकी आंखों में गुस्सा और नाराजगी थी।

नम्बी सर अपनी उपलब्धियों के बारे में नहीं बल्कि केवल उस मामले के बारे में बात कर रहे थे। वह केवल चाहते थे कि लोगों को सच पता चले। यह फिल्म एक जुलाई को हिंदी, तमिल, अंग्रेजी, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# यास्तिका-स्नेह ने भारत की उम्मीद जगाई

● महिला विश्व कपः भारत की बांग्लादेश पर बड़ी जीत
● सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता खुला

भाषा। हैमिल्टन



**युवा बल्लेबाज** यास्तिका भाटिया की जिम्मेदारी से भरी अर्धशतकीय पारी और स्नेह राणा की अगुवाई में गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश को 110 रन से करारी शिकस्त देकर आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।
भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उसने बीच में एक ही स्कोर पर तीन विकेट गंवाए लेकिन यास्तिका भाटिया की 50 रन की जिम्मेदारी भरी पारी से सात विकेट पर 229 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 40.3 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने 30 रन देकर चार विकेट लिए जो उनके वनडे करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी (19 रन देकर दो) और पूजा वस्त्राकर (26 रन देकर दो) तथा स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (15 रन देकर एक) और पूनम यादव (25 रन देकर एक) ने भी उनका अच्छा साथ दिया। भारत की यह छह मैचों में तीसरी जीत है जिससे उसके छह अंक हो गए हैं और वह अंकतालिका में आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत अपना आखिरी लीग मैच 27 मार्च को दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा। बांग्लादेश की यह पांच मैचों में चौथी हार है जिससे वह सेमीफाइनल की दौड़ से भी बाहर हो गया है। बांग्लादेश के लिए स्पिनरों की मददगार पिच पर लक्ष्य आसान नहीं था और भारतीय गेंदबाजों ने बारिश की संभावना के बीच उसका शीर्ष और मध्य क्रम लड़खड़ाकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी थी। बांग्लादेश का स्कोर 18वें ओवर में पांच विकेट पर 35 रन था। इसमें सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून के 19 रन भी शामिल हैं जिसके लिए उन्होंने 54 गेंदें खेली। इसके बाद सलमा खातून (32) और लता मंडल (24) ने छठे विकेट के लिए 40 रन जोड़े। झूलन गोस्वामी ने सलमा खातून को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी जबकि पूजा वस्त्राकर ने लता मंडल के रूप में अपना दूसरा विकेट लिया। स्नेह राणा ने मध्यक्रम में कप्तान निगार सुल्ताना (तीन) और रूमाना अहमद (दो) को आउट करने के बाद निचले क्रम को समेटने में भी अहम भूमिका निभाई। बांग्लादेश की तरफ से ऋतु मोनी (16) और 11वें नंबर की बल्लेबाज जहांनारा आलम (नाबाद 11) ने दोहरे अंक में पहुंचकर हार का अंतर कुछ कम किया। इससे पहले भारतीय पारी में स्मृति मंधाना (30) और शैफाली वर्मा (42) ने पहले विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी की लेकिन ए दोनों खिलाड़ी चार गेंद के अंदर आउट हो गई। कप्तान मिताली राज (शून्य) भी खाता खोले बिना पवेलियन लौट गई जिससे स्कोर बिना किसी नुकसान के 74 रन से तीन विकेट पर 74 रन हो गया। मध्यम गति की गेंदबाज ऋतु मोनी (37 रन देकर तीन) ने शैफाली और मिताली को लगातार गेंदों पर आउट किया जबकि बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर (42 रन देकर दो) ने मंधाना को आउट करके भारत को पहला झटका दिया था। शैफाली ने अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया। उप कप्तान हरमनप्रीत कौर भी 14 रन बनाकर रन आउट हो गई। भाटिया ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली तथा 80 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने ऋचा घोष (26) के साथ 54 रन की साझेदारी की। नाहिदा ने ऋचा को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। भाटिया भी अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद पैडल स्कूप करने के प्रयास में शार्ट फाइन लेग पर कैच दे बैठी। उन्हें अपनी अर्धशतकीय पारी के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। पूजा वस्त्राकर (30) और स्नेह राणा (27) ने 38 गेंदों पर 48 रन की साझेदारी करके भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

## लैनिंग का शतक, आस्ट्रेलिया की दक्षिण अफ्रीका पर आसान जीत

**वेलिंगटन।** कप्तान मेग लैनिंग की नाबाद 135 रन की बेहतरीन पारी की मदद से छह बार के चैंपियन आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां आईसीसी महिला विश्व कप मे दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। लैनिंग ने वनडे मे अपना 15वां शतक जमाया जिसके लिए उन्होंने 130 गेंदे खेली तथा 15 चौके और एक छक्का लगाया। उनकी इस पारी से आस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 272 रन बनाकर 28 गेद शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद पांच विकेट पर 271 रन बनाए थे। उसकी तरफ से लौरा वोलवार्ट ने 134 गेंदो पर 90 रन बनाए जबकि कप्तान सुन लुस (52) ने एक और अर्धशतक जमाया। लेकिन लैनिंग की शानदार पारी के कारण आस्ट्रेलिया ने उसका स्कोर बौना साबित कर दिया। लैनिंग ने विश्व कप मे अपना तीसरा शतक लगाया। इस जीत से आस्ट्रेलिया ने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके छह मैचो मे 12 अंक है और उसे अब बांग्लादेश से अपना आखिरी लीग मैच खेलना है जिससे उसका शीर्ष पर रहना तय है। दक्षिण अफ्रीका की यह टूर्नामेंट मे पहली हार है। वह पांच मैचो मे आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने अगले दो मैचो मे वेस्टइंडीज और भारत से हार जाता है तो सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर भी हो सकता है। आस्ट्रेलियाई पारी लैनिंग के इर्द गिर्द ही घूमती रही। सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली (एक) तीसरे ओवर मे आउट हो गई और राचेल हेन्स (17) भी 11वे ओवर मे पवेलियन लौट गईं, जिससे स्कोर दो विकेट पर 45 रन हो गया।

## खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाना वार्न जैसे अविश्वसनीय कप्तान की नैसर्गिक क्षमताः वाटसन

भाषा। मुंबई

**पूर्व ऑस्ट्रेलियाई** ऑलराउंडर शेन वाटसन ने मंगलवार को कहा कि किसी खिलाड़ी का आकलन कर उससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने की नैसर्गिक क्षमता शेन वार्न को अविश्वसनीय नेतृत्वकर्ता बनाती थी। अफगानिस्तान के स्टार राशिद खान ने खुलासा किया कि उनका भी सपना था कि वह इस दिग्गज की देखरेख में खेले। इस खेल के सबसे महानतम स्पिनर में से एक माने जाने वाले वार्न का हाल ही में निधन हो गया।



उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में भी अपने 2008 से 2011 तक अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी और टूर्नामेंट के पहले सत्र में अपनी कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स को चैम्पियन बनाने में अहम योगदान दिया। वाटसन ने दिल्ली कैपिटल्स के वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरे लिए सबसे खास बात यह थी कि राजस्थान को दावेदार नहीं माना जा रहा था क्योंकि हमारे पास अन्य टीमों की तुलना में बड़े नाम नहीं थे। राजस्थान को इस चीज का फायदा हुआ वह टीम के खिलाड़ी बहुत जल्दी एकजुट हो गए थे। उन्होंने कहा, शेन वार्न के पास जो अविश्वसनीय कौशल था, वह यह देखना था कि लोगों की भूमिका क्या हैं और फिर उस भूमिका को कैसे भुनाया जाए। यही कारण है कि मैं उन्हें एक अविश्वसनीय कप्तान मानता था। उन्हें पता होता था कि सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का कैसे इस्तेमाल करना है। उन्होंने कहा, वह खिलाड़ियों पर भरोसा करते थे, उनके कौशल को जानते थे कि वे किन परिस्थितियों में टीम के काम आएंगे। यही वजह थी कि राजस्थान ने पहले सत्र में इतना अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अलग-अलग संस्कृतियों और करियर के विभिन्न पड़ाव पर होने के बाद भी सही सामंजस्य बैठाया और आगे आकर नेतृत्व किया। लेग स्पिन को कला को फिर से जीवित करने वाले वार्न ने लगभग 15 साल के शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर 145 टेस्ट मैच में 708 विकेट लिए है। उनका चार मार्च को थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान भी क्रिकेट बिरादरी की तरह वार्न के निधन की खबर से स्तब्ध थे।

## बजरंग, अमित सरोहा को वित्तीय मदद

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) ने तोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया के लिए ईरान मे 18 दिवसीय विशेष अभ्यास शिविर के लिए 6.16 लाख रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की है। बजरंग के साथ उनके कोच सुजीत मान भी हैं। यह पहलवान 24 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी के केडी जाधव कुश्ती इंडोर स्टेडियम मे चयन ट्रायल मे भाग लेगा। बजरंग (65 किग्रा) मंगोलिया के उलानबटोर मे आगामी सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप मे भाग लेने वाली टीम मे जगह बनाने के लिए ट्रायल मे हिस्सा लेंगे।

## भारतीय एथलीट धर्मबीर ने पैरा क्लब थ्रो में एशियाई रिकार्ड बनाया

**दुबई।** भारतीय पैरा एथलीट धर्मबीर ने यहां 13वी फैजा अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की एफ 32151 क्लब थ्रो स्पर्धा में नए एशियाई रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता। भारत ने पहले दिन तीन पदक जीते। देवेंद्र सिंह ने भी पुरुषों की चक्का फेंक की एफ44 स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि ज्योति बेहरा ने 400 मीटर महिलाओं के टी37138147 के फाइनल में कांस्य पदक हासिल किया। सोमवार को पुरुषों के क्लब थ्रो एफ32151 के फाइनल में एशियाई पैरा खेल 2018 के रजत पदक विजेता धर्मबीर 31.09 मीटर की दूरी तक थ्रो करके अल्जीरिया के वालिद फरहा (37.42 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

## फीफा अधिकारी ने कहा, कुछ भी संभव है

**नवी मुंबई।** फीफा टूर्नामेंट के निदेशक जेमी यारजा ने मंगलवार को संकेत दिया कि विश्व संस्था इस साल के अंत मे भारत मे होने वाले आगामी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के आयोजन स्थलों की संख्या को कम करने के लिए तैयार है। खास तौर पर यह पूछे जाने पर कि क्या फीफा आयोजन स्थलों की संख्या को मौजूदा पांच से घटाकर तीन करने पर विचार कर रहा है, यारजा ने संवाददाताओं से कहा, अभी कुछ भी संभव है। उन्होंने कहा, अभी अंतिम मूल्यांकन नही हुआ है, ऐसे मे कोई फैसला नही हुआ है। एआईएफएफ के साथ मिलकर फीफा इस निरीक्षण के बाद कोई प्रस्ताव देगा। यारजा ने कहा , हमे यह देखना है कि हम कैसे टूर्नामेंट की सफलता की गारंटी दे सकते है और सभी प्रतिभागियो के स्वास्थ्य को खतरे मे डाले बिना महिला फुटबॉल के विकास को मजबूत कर सकते हैं।

# डु प्लेसी सम्मानित क्रिकेटर, आरसीबी उनके नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन करेगा



भाषा। मुंबई

**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलुरू (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि फाफ डु प्लेसी के मजबूत नेतृत्व कौशल के कारण ही फ्रेंचाइजी ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए उन्हें कप्तान बनाने का फैसला किया। कोहली 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से ही आरसीबी का हिस्सा हैं और 2013 से वह टीम के पूर्णकालिक कप्तान थे। उन्होंने पिछले साल के आईपीएल के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। आरसीबी की अगुवाई अब चार बार के आईपीएल विजेता डु प्लेसी करेंगे, जिन्हें फ्रेंचाइजी ने पिछले महीने मेगा नीलामी में सात करोड़ रुपए में खरीदा था। कोहली ने आरसीबी के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, नीलामी में फाफ को चुनना, हमारी योजना बहुत स्पष्ट थी। हमें ऐसे कप्तान की आवश्यकता थी जो बेहद सम्मानित हो। उन्होंने कहा, वह टेस्ट कप्तान रहा है और वह बेहद सम्मानित क्रिकेटर है। आरसीबी में हम उनके नेतृत्व को लेकर उत्साहित हैं। वह अपनी भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभाएंगे। कोहली ने कहा, हम सभी के साथ उसके बहुत अच्छे रिश्ते हैं। मुझे विश्वास है कि मैक्सी (ग्लेन मैक्सवेल), दिनेश कार्तिक और अन्य सभी साथी उनके नेतृत्व में इस टूर्नामेंट का आनंद लेंगे। कोहली सोमवार को आरसीबी के अभ्यास शिविर में शामिल हुए। भारतीय बल्लेबाजी के दिग्गज ने पहले कहा था कि उन्होंने आरसीबी की कप्तानी छोड़ने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वह अपने कार्यभार को प्रबंधित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय है कि आईपीएल ने इतनी लंबी यात्रा पूरी कर ली है। मैं नई ऊर्जा के साथ यहां हूं क्योंकि मैं बहुत सारी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों से मुक्त हूं।

## राजस्थान रॉयल्स के पास बेहतरीन तेज गेंदबाजी आक्रमण : मलिंगा

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के नव नियुक्त तेज गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा का मानना है कि आईपीएल की इस फ्रेंचाइजी के पास बेहतरीन तेज गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तथा भारत के तेज और युवा गेंदबाज शामिल हैं। श्रीलंका की तरफ से तीनों प्रारूप में 340 मैचों में 546 विकेट लेने वाले मलिंगा को आईपीएल-15 से पहले रॉयल्स ने अपना तेज गें दबाजी कोच नियुक्त किया है। मलिंगा ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास बेहतरीन तेज आक्रमण है। हमारे पास ट्रेंट बोल्ट और नाथन कूल्टर नाइल जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ी हैं, जिनके साथ मैंने पहले काम किया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा हमारे पास प्रसिद्ध (कृष्णा)



और (नवदीप) सैनी के रूप में वास्तविक भारतीय तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने खुद को उच्च स्तर पर साबित किया है। इसके साथ अनुनय सिंह, कुलदीप सेन और कुलदीप यादव के रूप में कुछ नए चेहरे हैं। मलिंगा ने कहा, मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट में मामूली अंतर वास्तव में काफी मायने रखता है और मैं यहां उनके मार्गदर्शन करने के लिए हूं ताकि वे हर तरह परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले मलिंगा ने कहा कि वह नई फ्रेंचाइजी से जुड़कर नई भूमिका का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, कोचिंग करना और युवा खिलाड़ियों में अपना अनुभव साझा करना मेरे लिए निश्चित रूप से एक नई चीज है। मैंने मुंबई के साथ पहले यह भूमिका निभाई है और अब मैं राजस्थान रॉयल्स के साथ काम करके खुश हूं। यह एक नई जगह है, लेकिन मैं यहां प्रतिभाशाली गेंदबाजों के साथ काम करके अपनी भूमिका का पूरा आनंद उठा रहा हूं। मुंबई इंडियन्स के साथ 13 साल बिताने के बाद रॉयल्स से जुड़ने के बारे में मलिंगा ने कहा, पिछले साल कुमार संगकारा ने मुझसे पूछा था लेकिन मैं कोविड और बायो बबल के प्रतिबंधों के कारण परिवार से दूर नहीं रहना चाहता था।

## वुड की जगह नही लेंगे तास्किन अहमद, बीसीबी ने एनओसी देने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तास्किन अहमद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह नहीं ले पाएंगे क्योंकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने उन्हें अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देने से इन्कार कर दिया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार वुड के कोहनी की चोट के कारण बाहर होने के बाद सुपर जायंट्स ने 26 वर्षीय तास्किन से संपर्क किया था। सुपर जायंट्स ने पिछले महीने आईपीएल नीलामी में वुड को 7.5 करोड़ रुपए में खरीदा था। रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने तास्किन को आईपीएल में हिस्सा लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया है क्योंकि उसकी राष्ट्रीय टीम अभी दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। क्रिकबज के अनुसार बीसीबी क्रिकेट संचालन के प्रमुख जलाल यूनुस ने कहा, हमें दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा दौरे के बाद श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेलनी हैं, इसलिए हमें लगता है कि आईपीएल में हिस्सा लेना उनके लिए सही नहीं होगा। बांग्लादेश की क्रिकेट टीम अभी दक्षिण अफ्रीका दौरे पर है, जहां अभी वह एकदिवसीय श्रृंखला खेल रही है। इसके बाद दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी जो 11 अप्रैल तक चलेगी, जबकि आईपीएल 26 मार्च से शुरू होगा।

## हालात से कभी नही घबराता, अपने कौशल पर फोकस करता हूं : राशिद

भाषा। मुंबई

**अफगानिस्तान** के स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि वह हालात को लेकर कभी चिंतित नहीं होते और अच्छे प्रदर्शन का खुद पर दबाव बनाने की बजाय अपनी तैयारी और कौशल पर फोकस करते हैं। अफगानिस्तान के सबसे कामयाब क्रिकेटरों में से एक खान शनिवार से शुरू हो रहे आईपीएल के 15वें सत्र में गुजरात टाइटंस के लिए खेलेंगे। इससे पहले वह सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा थे। आगामी सत्र के अधिकांश मैच मुंबई में होंगे जहां स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। खान ने हालांकि कहा कि वह इस बारे में नहीं सोच रहे। उन्होंने कहा , मैने दुबई में काफी खेला है। स्पिनरों को मुंबई की पिच से टर्न और उछाल मिलती है लेकिन मैं हालात के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। महत्वपूर्ण बात तैयारी है और मैं उस पर फोकस करता हूं। उन्होंने मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा , मैं कभी ऐसा नहीं सोचता कि सब कुछ मुझ पर निर्भर है और मुझे ही मैच जिताने हैं।जब यह सब सोचने लगो तो खेल प्रभावित होता है।

# लखनऊ को बल्लेबाजी में ध्यान देना होगा : गंभीर

● टीम का नेतृत्व करने वाले राहुल की जरूरत

भाषा। नई दिल्ली

**लखनऊ सुपरजाइंट्स** के मेंटोर (मार्गदर्शक) गौतम गंभीर ने मंगलवार को कहा कि टीम को ऐसे लोकेश राहुल की जरू रत होगी जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में कप्तानी के साथ बल्लेबाजी करने की जगह बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान देते हुए टीम का नेतृत्व करे।
कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए दो खिताबों के साथ आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक गंभीर ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में राहुल के नेतृत्व, टीम संरचना और दीपक हुड्डा तथा कुणाल पंड्या के बीच



खराब संबंधों को संभालने सहित कई विषयों पर बात की। कप्तान के तौर पर राहुल से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर गंभीर ने कहा, कप्तान ही टीम का ध्वजवाहक होता है और इसलिए राहुल ही मैदान के अंदर और बाहर लखनऊ सुपरजाइंट्स का नेतृत्व करेंगे। मेरे लिए लोकेश राहुल का बेहतर बल्लेबाज होना जरूरी है, जो टीम की कमान संभाले ना की ऐसा कप्तान जो बल्लेबाजी करें। मुझे उम्मीद है मैं आपको अपनी बातों के अंतर को समझाने में सफल रहा हूं। गंभीर ने कहा कि वह चाहते हैं कि राहुल बेखौफ खेले और इसके लिए उसे पूरी आजादी मिलेगी। उन्होंने कहा , हर कप्तान को जोखिम लेना सीखना होगा। मैं चाहूंगा कि वह जोखिम ले क्योंकि जब तक ऐसा नहीं करेगा , उसे पता नहीं चला कि वह सफल हुआ या नहीं। टीम के पास क्विंटोन डिकॉक के रूप में विकेटकीपर है तो उस पर विकेटकीपिंग की भी जिम्मेदारी नहीं है। वह इत्मीनान से बल्लेबाजी और कप्तानी पर फोकस कर सकता है। लखनऊके पास जैसन होल्डर से लेकर कृणाल पंड्या और दीपक हुड्डा तक कई हरफनमौला हैं और गंभीर का भरोसा हरफनमौलाओं पर रहा है। उन्होंने कहा , जब हम टीम के लिए रणनीति बना रहे थे तो हम अधिक हरफनमौला चाहते थे। मुझे खुशी है कि संजीव गोयनका ने इसकी अनुमति दी। हुड्डा और कृणाल बड़ौदा के लिए घरेलू क्रिकेट साथ खेलते थे लेकिन हुड्डा ने कृणाल पर धमकाने का आरोप लगाकर टीम छोड़ दी थी। अब दोनों लखनऊटीम में साथ है और गंभीर ने कहा कि इससे कोई परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने कहा , मैदान पर अच्छे प्रदर्शन के लिए घनिष्ठ मित्र होना जरूरी नहीं है। वे पेशेवर हैं और उन्हें अपना काम पता है।

## सही काम के लिए सही आदमी के चयन से 80 प्रतिशत काम पूरा हो जाता हैः गोयनका

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की नई फ्रेंचाइजी लखनऊसुपरजाइंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने टीम की हलके आसमानी रंग की जर्सी पर गरुड़ के प्रतीक चिन्ह का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी फ्रेंचाइजी अपनी उड़ान भरने के लिए तैयार है। उन्होने कहा कि वह मानते है कि सफलता सही काम के लिए सही लोगो का चयन पर निर्भर करती है। सुपरजाइंट्स ने मंगलवार को अपनी जर्सी और टीम गान (थीम सॉन्ग) का अनावरण किया, जिसका मुख्य वाक्य अब अपनी बारी है है। आईपीएल फ्रेंचाइजी चलाने के उनके मंत्र के बारे में पूछे जाने पर आरपीएसजी समूह के अध्यक्ष ने पीटीआई से कहा, मै अपने व्यवसाय को एक साधारण सिद्धांत पर चलाता हूं। सही काम और अच्छे से उसके निष्पादन के लिए सही लोगों को रखना। इसके साथ ही 15 प्रतिशत काम रणनीति, दृष्टिकोण और संरचना के साथ हो जाता है। यह 95 फीसदी है और बाकी पांच फीसदी टीम को प्रेरित करने के लिए है।

## एशियाई कप में मिली हार के तीन साल बाद बहरीन से खेलेगा भारत

भाषा। मनामा

**तीन साल पहले** बहरीन के हाथों हारकर एशियाई कप नॉकआउट में जगह बनाने से वंचित रही भारतीय फुटबॉल टीम अं तरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच में फिर इसी टीम के सामने होगी। भारत 2019 एशियाई कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाने के करीब था लेकिन बहरीन ने स्टॉपेज टाइम में गोल करके जीत दर्ज की। इस मैच ने भारतीयों के दिल तोड़ दिए और इंग्लिश कोच स्टीफन कोंस्टेंटाइन का यह आखिरी टूर्नामेंट साबित हुआ। अब भारतीय टीम एशियाई कप में जगह बनाने की तैयारी में फिर बहरीन से खेलेगी। एशियाई कप के आखिरी दौर के क्वालीफायर मुकाबले जून में कोलकाता में खेले जाएंगे। विश्व रैंकिंग में 104वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 89वीं रैंकिंग वाली बहरीन में दो दोस्ताना मैच खेलेगी। इसके बाद शनिवार को उसे बेलारूस से खेलना है। पिछले साल जून में कतर से एक गोल से हारने के बाद ए दोनों मैच नौ महीने में भारतीय टीम की पहली कड़ी परीक्षा है। अब तक भारत ने सभी मैच दक्षिण एशियाई टीमों के खिलाफ खेले हैं। कोंस्टेंटाइन की जगह लेने वाले क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमक के साथ भारत ने 21 मैच खेले और छह जीते जिनमें तीन दक्षिण एशियाई टीमों के खिलाफ थे। बहरीन और बेलारूस के खिलाफ मैचों से पता चलेगा कि हमारी टीम कहां खड़ी है। हमने प्रतिद्वंद्वी काफी सोच समझकर चुने हैं जो रैंकिंग में हमसे बेहतर हैं। मुख्य कोच ने कहा कि वह नए खिलाड़ियों को मौके देंगे लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आईएसएल का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा के आकलन का मानदंड नहीं है। हाल ही में संपन्न आईएसएल काफी रोमांचक था और हमने कुछ नए खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करते देखा। उन्हें मौका मिलेगा ताकि हम देख सकें कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वे कैसा खेलते हैं लेकिन अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की तुलना में आईएसएल की रफ्तार बहुत कम है।

## भारत के सात फुटबॉलर वीजा मुद्दों के कारण बहरीन रवाना होने से चूके

**मनामा।** भारतीय फुटबॉल टीम के सात खिलाड़ी वीजा मुद्दो के कारण बहरीन के खिलाफ बुधवार को होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच मे खेलने के लिए मुंबई से टीम के साथ यात्रा नही कर सकेभारत की 25 सदस्ईय टीम मे से अठारह खिलाड़ियों के साथ मुख्य कोच इगोर स्टिमक और सहयोगी स्टाफ सोमवार को मनामा पहुंच गए। राष्ट्रीय टीम को बुधवार को मेजबान बहरीन के खिलाफ और शनिवार को बेलारूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने है। गोलकीपर अमरिंदर सिंह, रक्षा-पंक्ति के खिलाड़ी चिंगलेनसाना सिंह एवं आकाश मिश्रा और मिडफील्डर अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडीस, अनिकेत यादव तथा बिपिन सिंह सोमवार को अपने साथी खिलाड़ियों के साथ विमान मे नही चढ़ सके क्योंकि उनकी वीजा मंजूरी समय पर नही आ सकी। स्टिमक ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन मे कहा, हमे अपनी यात्रा मे कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सात खिलाड़ी (25 मे से) मुंबई मे रह गए है। हम अभी उनके वीजा की मंजूरी का इंतजार कर रहे है, जिसके लिए हमने दो महीने पहले आवेदन किया था। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि उन्हें आज अनुमति (वीजा अनुमोदन) मिल जाएगी और वे सभी वहां (मुंबई) से उड़ान भरेंगे और आज रात तक टीम मे शामिल हो जाएंगे। फिलहाल कल के मैच मे उनकी मौजूदगी के बारे मे कुछ नही कह सकते है।

## ऑस्ट्रेलिया के 391 रन के जवाब में पाकिस्तान की ठोस शुरुआत

भाषा। लाहौर

**शानदार लय** में सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक और अनुभवी अजहर अली की शानदार बल्लेबाजी से पाकिस्तान ने तीसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के 391 रन के जवाब में मंगलवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 90 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। स्टंप्स के समय शफीक 45 और अजहर 30 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। पाकिस्तान की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 301 रन पीछे है और उसके नौ विकेट बचे हुए है। इससे पहले हरफनमौला कैमरून ग्रीन और विकेटकीपर एलेक्स कैरी की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 135 रन की शानदार साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में 391 रन बनाए।ग्रीन ने 163 गेंद की पारी में नौ चौके की मदद से 79 रन बनाए जबकि कैरी ने 105 गेंद की पारी में 67 रन बनाने के दौरान सात बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और टीम में वापसी कर रहे 19 साल के गेंदबाज नसीम शाह ने चार- चार विकेट लिए।

# सेन विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में

● तृषा-गायत्री युगल में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंची

भाषा। नई दिल्ली

**ऑल इंग्लैंड** बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले युवा भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाने में सफल रहे। उत्तराखंड के 20 साल के इस खिलाड़ी ने 74,786 अंक के साथ अपनी रैंकिंग में दो स्थान का सुधार किया। वह मौजूदा विश्व चैम्पियन



सिंगापुर के लोह कीन ईव को पीछे छोड़ते हुए नौवें स्थान पहुंच गए है। ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पांचवें भारतीय खिलाड़ी बने सेन को रविवार को डेनमार्क के पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन से सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा था। जूनियर स्तर पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सेन ने इस प्रकार रैंकिंग में शीर्ष भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए। उन्होंने किदांबी श्रीकांत को पीछे छोड़ा, जो इस सप्ताह 12वें स्थान पर खिसक गए है।लगातार दो टूर्नामेंटों जर्मन ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल खेलने के बाद थकान महसूस कर रहे सेन ने मौजूदा स्विस ओपन से हटने का फैसला किया। ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी भी 12 स्थानों के सुधार के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ 34वें नंबर पर पहुंच गई है।बर्मिंघम में रिजर्व सूची से मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली इस जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त कोरिया की ली सोही और शिन सेउंगचन की जोड़ी को हराकर उलटफेर किया था। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी एक स्थान गंवाने के बावजूद 20वीं रैंकिंग के साथ सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला युगल जोड़ी है।